CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 241 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध: योगी पेज 2



बतौर ऑलराउंडर हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं: शिवम दुबे खेल टाइम्स



चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी सम्पादकीय



इजरायल का 72 घंटों में छह मुस्लिम देशों पर हमला पेज 12

# अंतरिम पीएम को लेकर प्रदर्शनकारियों में झड़पें जारी

## एक गुट ने कहा- सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन का किया समर्थन

**सुलगता नेपाल**

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जी दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है।

गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बनें। अगर बालेन नहीं बनते हैं, तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जी नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल -शेष पृष्ठ दो पर



**एहतियातन राजधानी व सटे इलाकों में तीसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा**

**अब तक 34 लोगों की मौत, 1300 से ज्यादा घायल हुए**

### नेपाल में यूपी की महिला की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में रहने वाले रामवीर सिंह गोला (58) अपनी पत्नी राजेश गोला (55) के साथ काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सात सितम्बर को गए थे। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद दंपति काठमांडू स्थित हयात रेजिडेंसी की चौथी मंजिल के कमरे में ठहरे। रात करीब साढ़े 11 बजे उपद्रवियों ने होटल में आग लगा दी। होटल आग से घिरा तो दंपति ने चौथी मंजिल से -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी ने आपदाग्रस्त उत्तराखंड के लिए की 1200 करोड़ की घोषणा

## मौसम खराबी के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण नहीं कर सके पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में बाढ़ और अत्यधिक बारिश से आई आपदा प्रभावित क्षेत्रों के राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

गुरुवार को देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने शाम करीब 4 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर आपदा के हालात पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के साथ बैठक करके राज्य के हालात का जायजा लिया। हालांकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को देहरादून पहुंचकर एमआई-17 हेलीकॉप्टर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण नहीं हो पाया। उन्होंने राज्यपाल -शेष पृष्ठ दो पर



■ मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे

### प्रभावित परिवारों व आपदा वीरों से मिले पीएम

प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसमें करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक सहायता की भी घोषणा की। पीएम ने इस अवसर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली और पुनर्निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी आपदा प्रभावितों और जवानों से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब 7 बजे सेना के विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गए।

### रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकें: भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अपने नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पहले भी कई बार चेतावनी जारी की गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई भारतीयों को नौकरी के झांसे में फंसाकर सेना में भर्ती किया गया। उन्हें सहायक भूमिकाओं का वादा किया जाता है और असल में उन्हें युद्ध क्षेत्र में भेज दिया जाता है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली और मास्को में रूसी अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाया है और मांग की है कि इसे रोका जाए और फंसे हुए भारतीयों को रिहा किया जाए। फतेहाबाद के युवकों ने अपने परिवार को वीडियो भेजे जो खुद यूक्रेन में फंसे हुए हैं। युवकों ने वीडियो में कहा कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। यहां से जो भी जा रहा है, वह वापस नहीं आ रहा। पहले 13-14 साथी गए थे, वे सभी मारे गए। फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया ने वीडियो में बताया कि वे महिला के दिए नौकरी के लालच में रूसी सेना में आकर यूक्रेन में फंस गए हैं।

### गरियाबंद में मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर!

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक तौर पर पुष्ट नहीं है। चर्चा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण के भी मारे जाने की खबर है। यहां के मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

# राहुल के सुरक्षा प्रोटोकॉल मनमानी से CRPF चिंतित

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जैड प्लस कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।



■ नौ महीने में छह बार विदेश गए राहुल

### वोट चोरी के विस्फोटक सबूत देंगे: राहुल

**रायबरेली।** रायबरेली में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं। हम और डायनॉमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे। भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए। क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। यह आग जैसा फैल रहा है। ये सच्चाई है। वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं।

**कोई भी कानून से ऊपर नहीं है**

## गवर्नर बिल अटकाएंगे, तो अदालत हाथ पर हाथ रखे नहीं बैठेगी: सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर अंतिम दिन सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया है।

चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर लोकतंत्र का कोई अंग अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता, तो अदालत चुपचाप बैठी नहीं रह सकती। उन्होंने पूछा कि किसी भी ऊंचे पद पर कोई हो, वह कानून से ऊपर नहीं है। अगर गवर्नर बिलों पर महीनों तक बैठे रहेंगे, तो क्या अदालत मजबूर होकर हाथ रखे बैठी रहे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि अदालत गवर्नरों को किसी खास तरीके से निर्णय लेने का आदेश नहीं दे सकती। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उस फैसले को ही सही माना गया, तो भविष्य में बड़ी संख्या में याचिकाएं अदालत में दाखिल होंगी और न्यायपालिका पर बोझ बढ़ेगा। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरविंद दातार ने केंद्र के इस तर्क का विरोध किया।

# गडकरी के पास 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्रियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी संपत्तियों का ब्योरा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएम) की वेबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरेंसी, सोने-चांदी के जेवर, म्यूचुअल फंड और हथियार जैसी चीजें भी संपत्ति में शामिल हैं।

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार समेत तीन गाड़ियां और 37 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। उनकी पत्नी कंचन नितिन गडकरी के पास 28 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी है। कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च 2025 तक 21.31 लाख रुपये की क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट घोषित की है। उनकी पत्नी चारू सिंह के पास 22.41 लाख रुपये की डिजिटल एसेट्स हैं। जयंत चौधरी ऐसे इकलौते मंत्री हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को अपनी संपत्ति में शामिल किया है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अभी स्पष्ट नियम नहीं हैं। रिजर्व बैंक कई बार वर्चुअल करेंसी के जोखिमों को लेकर चेतावनी दे चुका है। एम्बेसडर कार भारत की ऑटोमोबाइल इतिहास की एक आइकॉनिक गाड़ी है, जिसे भारतीय सड़कों का राजा कहा जाता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 27 लाख की ज्वेलरी, 19 लाख के म्यूचुअल फंड बताए हैं। राव इंदरजीत सिंह ने 1.2 करोड़ से ज्यादा की 1,679 ग्राम सोने की ज्वेलरी, 10 किलो चांदी-हीरे की ज्वेलरी घोषित की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर अपनी संपत्ति में बताया है। रेल और फूड प्रोसेसिंग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने 1997 माडल की मारुति कार घोषित की है।



■ केंद्रीय मंत्रियों ने संपत्तियों का ब्योरा दिया

■ जयंत चौधरी ने 21 लाख क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किए



**संक्षिप्त समाचार**

### जिला समाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने घरेलू क्लेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पूरे केशव राय गांव निवासी आशीष कुमार सिंह (40) ने आज सवेरे लगभग नौ अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिंह आजमगढ़ में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे और छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। वह सुबह आजमगढ़ जाने के लिए तैयार होकर निकलने वाले थे कि मायके में रह रही पत्नी से फोन पर हुई बातचीत के बाद कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब घर वालों की नजर उन पर गई तो वह फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना के कारणों की जांच करने में जुटी हुई है।

### मोदी की बधाई आरएसएस को खुश करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जन्मदिन पर बधाई दी, लेकिन उनके संदेश से लगता है कि प्रधानमंत्री आरएसएस को खुश करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मोदी ने आरएसएस नेतृत्व को खुश करने की अपनी बेताब कोशिश में आज मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर विशेष संदेश लिखा है। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने यह जिक्र नहीं किया कि 11 सितम्बर 1906 को महात्मा गांधी ने जोहान्सबर्ग में पहली बार सत्याग्रह का आह्वान किया था।

## मॉरिशस की जरूरतें पूरा करने को विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारत: मोदी

# दोनों देश एक परिवार, समुद्री क्षमता होगी मजबूत

**वाराणसी, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरिशस और भारत को एक परिवार करार देते हुए कहा है कि दोनों देशों के सपने एक हैं और भारत ने मॉरिशस की ढांचागत विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवशयकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए भी भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारत ने मॉरिशस में आयुष उत्कृष्टता केन्द्र, 500 बिस्तर का सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, वेटेनरी स्कूल और पशु अस्पताल के निर्माण



सहयोग का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह सहायता नहीं बल्कि दोनों देशों के साझा भविष्य के लिए निवेश है। श्री मोदी ने मॉरीशस को भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और विजन 'महासागर' का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि आज की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

### दोनों देशों में दो समझौते हुए

दोनों देशों ने हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने भी मॉरिशस विश्व. विद्यालय के साथ समझौते किए हैं। श्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचन्द्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की।

### भारतीय संस्कृति व संस्कार सदियों पहले

**वाराणसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार सदियों पहले मॉरिशस पहुंचे और वहां के जीवन धारा में रच बस गए। आज जब मॉरिशस के दोस्तों का स्वागत काशी से कर रहे हैं, ये औपचारिक नहीं, बल्कि आत्मीय मिलन है। इसलिए मैं गर्व से कहता हूं भारत और मॉरिशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार है।

### रामलला का दर्शन करेंगे रामगुलाम

**अयोध्या।** मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम शुक्रवार सुबह 11 बजे अयोध्या रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करेंगे। मॉरिशस के प्रधानमंत्री कल 12 सितम्बर को वाराणसी से विशेष विमान से सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां उनका अभिनन्दन सीएम योगी के प्रतिनिधि अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बारह घंटे से ज्यादा नजरबंद रखे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को वाराणसी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को उनके लखनऊ स्थित आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

12 घण्टे से अधिक समय तक हाउस अरेस्ट किए जाने पर राय ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी वोट चोरी करके सांसद व प्रधानमंत्री बने हैं। अजय राय ने कहा कि सरकार कांग्रेस के लोगों को परेशान कर रही है। इनकी तानाशाही नही चलेगी। कार्यकर्ता इस लघई को मुकाम तक पहुचायेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे लगा रहा है। इसलिए



**मोदी को वोट चोरी कर पीएम बताया था**

बनारस की जनता भी अब कि वोट चोर- काशी छोड़ के नारे लगा रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा बनारस इनसे परेशान है। बनारस के बंदरगाह पर किसी मंत्री को भेज कर देखिए। बनारस में जो रोपवे बनाया गया है, उस पर क्या किसी मंत्री का परिवार सफर कर सकता है। श्री मोदी ने पूरे बनारस का हाल बिगाड़ दिया है।

# वैश्विक आतंक मिटाकर रहेगा देश: सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 11 सितम्बर 2001 मानवता के इतिहास का वह काला अध्याय, जब निर्दोष जीवन कायरतापूर्ण आतंकी हमले की भेंट चढ़ गए।

योगी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर कहा कि भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हमला पूरी मानव सभ्यता की शांति, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर निर्मम प्रहार था। योगी ने कहा कि उस भीषण त्रासदी में काल-कवलित सभी दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त



**11 सितम्बर की बर्सी पर बोले मुख्यमंत्री**

करता हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि भारत आतंक के इस वैश्विक अभिशाप को जड़ से मिटाकर ऐसा संसार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां भय नहीं, केवल शांति, भाईचारा और मानवता का प्रकाश हो। 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर और पेंटागन पर हुए आतंकी हमलों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था।

### सीआरपीएफ का पत्र राहुल को डराने की कोशिश: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे गए पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसे डराने की कोशिश करार दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को पत्र का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के पत्र भेजने का समय और उसे तुरंत सार्वजनिक करने की मंशा परेशान करने वाली है। श्री गांधी की सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर लिखे पत्र और उसे सार्वजनिक करने का समय सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह पत्र ऐसे समय में आया है जब श्री गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। क्या यह विपक्ष के नेता को डराने की एक छिपी हुई कोशिश है, जिन्होंने पहले ही एक और खुलासे की घोषणा कर दी है। वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख सुनील जून ने श्री खड़गे को बुधवार को पत्र लिखा है जिसमें श्री गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। गांधी अपनी सुरक्षा को 'गंभीरता से' नहीं ले रहे हैं।

# दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचेगा वाहन उद्योग

## घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन के वार्षिक अधिवेशन में बोले गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है।

एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि



वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैलपग को बढ़ावा देने की अपील की।

### वाहन उद्योग में आत्मनिर्भरता को उद्योग व सरकार को मिलकर करना होगा काम: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाहन उद्योग को मेक इन इंडिया का अगुवा बताते हुए गुरुवार को कहा कि वाहन विनिर्माण क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार और उद्योग को मिलकर काम करना होगा। श्री मोदी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा कि वाहन उद्योग अर्थव्यवस्था को गति देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मोबिलिटी और जीवन की गुणवत्ता में इसने महत्वपूर्ण सुधार किया है। यह मेक इन इंडिया पहल का अगुवा रहा है और देश को वाहन उद्योग में उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है।



**सेंसेक्स** 81548.73
**निफ्टी** 25005.50



**सोना रु.** 109223
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 124267
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तेजी, निफ्टी 25 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक तीन सप्ताह बाद 25 हजार अंक के पार बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.58 अंक (0.15 प्रतिशत) चढ़कर 81,548.73 पर पहुंच गया जो 25 अगस्त के बाद का इसका उच्चतम स्तर है।

निफ्टी-50 सूचकांक में 32.40 अंक यानि 0.13 प्रतिशत की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर 25,005.50 अंक पर रहा। यह 21 अगस्त के बाद पहली बार 25 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। आईटी और ऑटो सेक्टरों की कंपनियों के शेयरों में ऊंचे भाव पर बिकवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा और छोटी तथा मध्यम आईटी एवं दूरसंचार कंपनियों पर भी दबाव रहा। तेल एवं गैस



सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई। सरकारी बैंकों, फार्मा कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। मझौली और छोटी कंपनियों में आम तौर पर कम तेजी रही।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 फीसदी मजबूत हुआ जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में नगण्य बदलाव हुआ। एनएसई में कुल 3,150 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,541 के शेयरों में तेजी और 1,516 में गिरावट रही। वहीं, 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एनटीपीसी में सबसे अधिक 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 1.56 फीसदी, पावरग्रिड का 1.33, इटरनल तथा भारती एयरटेल के 1.17, और सन फार्मा का एक प्रतिशत मजबूत हुआ। भारतीय स्टेट बैंक में 0.67 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 0.66 और आईटीसी का 0.50 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 1.51 फीसदी, टाइटन का 1.09 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.85 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 0.84 प्रतिशत टूट गया। बीईएल, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। एशिया में जापान के निक्केई में 1.22 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.65 फीसदी तेजी रही।

### सोने और चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 412 रुपए सस्ता होकर 1,09,223 पर आ गया है। कल इसकी कीमत 1,09,635 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी 327 रुपए कम होकर 1,24,267 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल एक किलो चांदी की कीमत 1,24,594 रुपए थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में डेवलपमेंट पर फोकस करेंगे विशेषज्ञ

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में इस बार निवेश पर ही नहीं, सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं पर फोकस करने के साथ ही फ्यूचर डेवलपमेंट पर भी फोकस होगा। इसके लिए सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

यूपीआईटीएस 2025 के शेड्यूल के अनुसार 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रात: ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उसी दिन शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए शो ओपन रहेगा। जबकि 26 से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बी2बी मीटिंग्स और शाम 3 से 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए आयोजन होगा। इस दौरान एक्सपर्ट की तरफ से नॉलेज सेशन की शुरुआत 26 सितम्बर से होगी, जो 28 तक जारी रहेगी। 26 सितम्बर को सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी का सत्र होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ग्रोथ और डेवलपमेंट पर केंद्रित रहेगा। 26 सितम्बर को ही 3 बजे से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक आईआरडीएआई और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस नॉन-लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन आयोजित करेंगे। 5 बजे से 6 बजे तक वित्त विभाग का सत्र होगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिम पीएम...** ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। अंतरिम पीएम के नाम को लेकर बुधवार शाम तक पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनने की खबर आई थीं, लेकिन गुरुवार दोपहर तक 'लाइट मैन' कहे जाने वाले कुलमान घीसिंग का नाम सामने आ गया। उधर आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई हैं, जबकि 1300 से ज्यादा लोग घायल हैं। अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की, बालेन्द्र शाह, कुलमान घीसिंग और हरका सम्पांग के नाम आगे हैं। सेना ने कहा है कि इस राजनीतिक संकट का समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। नई कार्यकारी सरकार के पास तय समय में चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर जेन-जी आंदोलनकारी बंट गए हैं। एक ओर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के समर्थक थे, तो दूसरी ओर काठमांडू के मेयर बालेन शाह के समर्थक। दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और मामला झगड़े तक पहुंच गया। रिपोर्टों के अनुसार झगड़ा तब शुरू हुआ जब युवाओं का एक समूह कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाए जाने का विरोध करने लगा। इसके जवाब में उनके समर्थकों ने नारे लगाए। जल्द ही बालेन शाह का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारी और धरान के मेयर हरका संपांग से जुड़े कुछ लोग भी इस विवाद में कूद पड़े। नारेबाजी हाथापाई में बदल गई और यह इलाका अराजकता का केंद्र बन गया। सेना के जवानों को हालात काबू में लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**नेपाल में यूपी की...** कूदकर जान बचाने का प्रयास किया। दंपति बचाव दल ने बिछाए गद्दो पर गिरे। इसी दौरान उपद्रवियों ने फिर से हमला बोल दिया। इसमें दंपति बिछड़ गए थे। बुधवार को नेपाल से रामवीर सिंह के बेटे विशाल के पास फोन आया कि उनकी मां राजेश देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बवाल की चपेट में आए रामवीर सिंह गोला दो दिन बाद घायलावस्था में राहत कैंप में मिले हैं। राजेश गोला का शव शुक्रवार तक गाजियाबाद स्थित मास्टर कॉलोनी उनके निवास पर लाया जाएगा।

**मोदी ने आपदाग्रस्त....** ले.ज. गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हुई एक हाई लेवल बैठक में उत्तराखंड में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी सहित तमाम आला अफसर मौजूद रहे। गौरतलब है कि उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने केंद्र सरकार से आपदाओं के कारण हुए नुकसान का आकलन करते हुए 5702 करोड़ रुपये की राहत राशि की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत, साथी गंभीर

## पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में, गांव में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भटौडा गांव के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मृतक व घायल के परिजन मौके पर पहुंचे और सूचना के बाद सिखेडा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना करने वाली ट्रेक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर शव को कब्जे में कर लिया है। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव भटौडा निवासी 24 वर्षीय आमीर पुत्र शमशाद काफी समय से दिल्ली में रहकर एक सैलून पर काम करता है। बता दे कि आमिर के माता-पिता काफी समय से बीमार है और किसी कारण वह बाहर रहकर काम करता है। विगत दिवस आमिर अपने बीमार माता पिता को देखने के लिए गांव आया हुआ था बुधवार को वह अपने साथी गांव के ही सादिक के साथ किसी काम से सिखेडा आया था। शाम के समय वह वापस लौट रहा था।

बताया जाता है कि आमिर की बाइक के आगे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली जा रही थी और उस पर तेज आवाज से गानों का स्पीकर बज रहा था। कई बार ट्रेक्टर-ट्रॉली चालक से साइड मांगी, लेकिन तेज आवाज होने के कारण वह सुन नहीं पाया जैसे ही आमिर ट्रेक्टर-ट्रॉली की बराबर में आया तो अचानक ही वह उसकी चपेट में आ गया। इस घटना में आमिर व सादिक गंभीर रूप से घायल हो गए घायल आमिर को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। आमिर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में भी शोक छा गया।

घायल सादिक का भी इलाज कराया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि घटना की तहरीर ले ली गई है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुरकाजी क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी क्षेत्र के गांव दादुपुर में मामुली बात को लेकर चल रहा मनमुटाव खुनी खेल तक जा पहुंचा। ये खुनी खेल किसी ओर ने नहीं बल्कि अविवाहित युवक के चाचा ने ही किया। शाम ढलते ही युवक को गोली मारी गई और जिस समय तक घायल को अस्पताल ले जाया गया तो अधिक खून बह जाने के कारण उसकी सांसे थम चुकी थी। मोके पर पहुंची सीओ सदर व स्थानीय पुलिस ने बयान लेने के काफी प्रयास किए, लेकिन वह मौत के आगोश में जा चुका था। अब तक की जांच पड़ताल में सीओ सदर का कहना है कि मृतक के चाचा व उसके सहयोगियों ने घटना को अंजाम दिया है और फायरिंग के बाद आरोपी फरार हो गए। बताया जाता है कि पुरकाजी पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव दादुपुर में 22 वर्षीय मोनू पुत्र स्व. सतीश को गोली मार दी गई है। घटना के समय मोनू अपने घर की ओर आ रहा था जहां रास्ते में घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उस पर ताबतोड फायरिंग की और गांव में दहशत फैलाकर फरार हो गए। घायल मोनू को तुरंत ही अस्पताल लाया गया और पीछे-पीछे पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने घायल के बयान लेने का प्रयास किया, लेकिन मोनू की सांसे थम चुकी थी। ग्रामीणों में चर्चा है कि कुछ दिन पूर्व परिवार में चोरी की घटना हुई थी जिसमें आरोपी का नाम आ रहा था, हालांकि यह मामला थाने तक पहुंचा था, लेकिन चोरी की इस घटना में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। चोरी की घटना को लेकर मोनू व आरोपी के बीच मनमुटाव था मोनू दूसरे पक्ष पर चोरी का आरोप लगा रहा था और यही मामूली बात मोनू की मौत का कारण बन गई। मोनू के पिता की काफी समय पहले मौत हो गई थी अब मोनू व 28 वर्षीय उसका भाई बिल्लू अविवाहित है।

# जानसठ एसडीएम जयेन्द्र सस्पेंड

## 3 करोड़ की रिश्वत लेकर जमीन भूमाफिया के नाम करने में दोषी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** तीन करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर 750 बीघा सरकारी और सोसायटी की जमीन भूमाफिया के नाम दर्ज करने के मामले में दोषी पाए गए जानसठ तहसील के एसडीएम जयेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया। आरोप है कि उन्होंने करीब तीन करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर 750 बीघा सरकारी और सोसायटी की जमीन भूमाफिया के नाम दर्ज कर दी थी। जिसके बाद ज़िले में हंगामा मच गया था।



दरअसल मामला गांव इसहाकवाला की जमीन से जुड़ा है। 1962 में बनी डेरावाल कोऑपरेटिव फार्मिंग सोसायटी के नाम पर करीब 743 हेक्टेयर (900 बीघा) जमीन दर्ज है। लंबे समय से सोसायटी के सदस्य गुलशन और हरबंस के वारिसों के बीच विवाद चल रहा था। 2018 में तहसील प्रशासन ने हाई कोर्ट को बताया था कि हरबंस का इस जमीन पर कोई हक नहीं है। जांच ने खोली पोल जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने तीन एडीएम की जांच समिति गठित की। समिति ने दस्तावेज खंगाले और पाया कि एसडीएम ने हाई कोर्ट के पुराने आदेश और तहसील रिकॉर्ड को नज़रअंदाज किया। रिपोर्ट में जयेंद्र सिंह को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने इस मामले की जांच कराई तो सारा मामला खुलकर सामने आ गया जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई जिसके बाद गुरूवार को शासन ने एसडीएम जयेंद्र सिंह का सस्पेंशन आदेश जारी कर दिया। साथ ही विवादित आदेश भी वापस ले लिया गया है। ग्रामीणों में आक्रोश गांव इसहाकवाला और सोसायटी के सदस्यों का कहना है कि यह पूरा मामला भूमाफियाओं और अफसरों की मिलीभगत से किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन हाईवे के किनारे है, इसलिए इसकी कीमत अरबों रुपये में है और यही कारण है कि इसे हड़पने की कोशिश की गई। एडीएम प्रशासन का कहना है कि मामले की पूरी जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर विभागीय व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जमीन पर कोई नया नाम दर्ज नहीं किया जाएगा।

# मंत्री कपिल देव से मिले बेसिक शिक्षक

■ टीईटी परीक्षा अनिवार्यता मुद्दे पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के बैनर तले जिले के बेसिक शिक्षक मंत्री कपिल देव के आवास पर पहुंचे और शिक्षकों ने मंत्री कपिल देव को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश और टीई टी परीक्षा की अनिवार्यता समेत अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

शिक्षकों ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया आदेश के तहत 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी नौकरी में बने रहने और प्रोन्नति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय से पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के शिक्षकों में गहरी बेचैनी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि समय-समय पर शिक्षकों की भर्ती तत्कालीन नियमों व योग्यताओं के आधार पर हुई है, ऐसे में पुराने शिक्षकों पर नई शर्तें लागू करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि उनके भविष्य को संकट में डालने जैसा है।

जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि 2011 से पूर्व की भर्तियों में योग्यता अलग-अलग रही है, इसलिए इस आदेश को लागू करना बेहद कठिन है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि किसी भी हालत में शिक्षकों की नौकरियां नहीं जाएंगी।

उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्वयं वार्ता करेंगे और अध्यापकों के लिए सकारात्मक समाधान खोजा जाएगा।

सभा के दौरान शिक्षकों ने एक स्वर में मांग उठाई कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पुनर्विचार कर अध्यादेश लाया जाए और देशभर के शिक्षकों की नौकरी को सुरक्षित रखा जाए।

इस मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। जिनमें वेस्ट यूपी रविंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राम रतन बालियान, सपना, डॉ. राहुल कुशवाहा, डॉ. संजीव नारायण, संजय गर्ग, मनीष गोयल, मोहित बालियान, विवेक कुमार बुढ़ाना, कैलाश चंद, अमित कुमार धीमान, धर्मेंद्र मलिक, लोकेंद्र शर्मा, अनिल कुमार, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, अजब सिंह, दिनेश बालियान, डॉ. संजीव वर्मा, वैभव सिंगल, राकेश पासी, बिरजू, संदीप कुमार, आशीष कुमार, विनय कुमार, कर्मवीर सिंह, पुष्पराज, धीरेंद्र तोमर, मेराज खालिद, मोहम्मद अख़लाक, मोहम्मद मुस्तफा, संजय राठी, मोतीलाल, उस्मान, क्षितिज नेगी, रितु बालियान, हरिमनीष, विवेक गोयल, रविंद्र कोठारी, कुलदीप यादव, सपना चौधरी, पूजा शर्मा, मीनाक्षी रानी, सुमन लता, मोनिका, प्रियंका रानी, सुषमा देवी, प्रीति सिंह, निधि शर्मा, ज्योति रानी, किरण अरोड़ा, अनीता धीमान, चित्रलेखा, ममता, माधुरी, संध्या रानी, उषा रानी सहित सैकड़ों अध्यापक अध्यापिकाएं शामिल रहे।



मुजफ्फरनगर: मंत्री कपिल देव के आवास पर पहुंचा शिक्षकों का प्रतिनिधि मण्डल।

# फुटपाथ लोगों की स्वतंत्रता का हिस्सा, बुजुर्गों ने उठाई अतिक्रमण हटवाने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** शहर और कस्बों में पैदल चलने वालों का हक छीना जा रहा है। दुकानदारों और फेरीवालों द्वारा फुटपाथ पर अवैध कब्जे से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं। इस समस्या को लेकर बुधवार को वरिष्ठ समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से मिलकर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला, पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर जताई चिंता भी जताई। बुधवार को डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे समाजसेवी डॉक्टर राधाकृष्णन शर्मा, अधिवक्ता राजेंद्र कुमार, पत्रकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मित्तल, विरेंद्र कुमार प्रेमी, कपिल कुमार और वीरेंद्र कुमार ने डीएम को बताया कि दुकानदार नालों और फुटपाथ पर कब्जा करके फेरीवालों को बैठाते हैं और उनसे प्रतिदिन किराया वसूलते हैं। इससे पैदल चलने वाले मजबूरन सड़क पर चलते हैं, जिससे हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है। समाजसेवियों ने ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2022 और मई 2025 में स्पष्ट किया था कि पैदल चलने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि हॉकिंग नीति के तहत फेरीवालों को केवल घूम-घूमकर सामान बेचने की अनुमति है, न कि फुटपाथ पर स्थायी कब्जा करने की। उन्होंने डीएम को बताया कि अदालत ने सरकारों को निर्देशित किया था कि जहां भी फुटपाथ पर अतिक्रमण पाया जाए, वहां सख्त कार्रवाई की जाए।

### मीरांपुर हाईवे के निकट पड़ा मिला बिजनौर के युवक का शव

**मीरापुर।** बिजनौर जिले के कोपा नगला थाना शेरकोट निवासी वाजिद (32 वर्ष) का शव मीरापुर हाईवे पर भैरव मंदिर के निकट संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वाजिद अपने भाई के पास मुंबई में रहकर बकरी से संबंधित कार्य करता था। उसके भाई मोहम्मद अली ने बताया कि वाजिद 6 सितंबर को अपने गांव के ही साथी खलील के साथ मुंबई से ट्रेन द्वारा घर के लिए रवाना हुआ था। लेकिन वाजिद अपने घर नहीं पहुंचा, जिससे परिजन चिंतित हो उठे। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और 8 सितंबर को बिजनौर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच 10 सितंबर को मीरापुर हाईवे पर बारबरा गेट के सामने भैरव मंदिर के निकट एक अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पहुंची मीरापुर पुलिस ने देखा कि शव सड़ी-गली अवस्था में था। मृतक का चेहरा किसी केमिकल या पदार्थ से जलाया गया था तथा उसका एक पैर भी कटा हुआ मिला। शव की हालत इतनी खराब थी कि उसकी पहचान मुश्किल हो रही थी। पुलिस ने जब परिजनों को सूचित कर बुलाया, तो मृतक के भाई मोहम्मद अली ने शव की शिनाख्त वाजिद के रूप में की। उन्होंने बताया कि वाजिद का आखिरी बार खलील के साथ संपर्क हुआ था। पुलिस ने जब खलील से पूछताछ की तो उसने बताया कि दोनों बैराज तक साथ आए थे, लेकिन वाजिद ने शराब का अत्यधिक सेवन कर रखा था। इस वजह से खलील उसे छोड़कर वाजिद का सामान लेकर उसके घर लौट गया। इसके बाद से वाजिद का कोई पता नहीं चला और अब उसकी लाश बरामद हुई है। मीरापुर थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बोले यति नरसिंहानंद- हम हिन्दुओं के लिए कोई नहीं

**मुजफ्फरनगर।** महामंडलेश्वर यति नरसिंहनंद गिरी ने कहा कि पहले पूरी दुनिया हमारा देश था मगर हम स्वार्थी होते चले गए इसलिए आज हमारी कुत्ते-बिल्ली जितनी कीमत नहीं है। उन्हाने कहा कि अभी कुत्तों का मामला हुआ, सुप्रीम कोर्ट ने ही सुप्रीम कोर्ट का फैसला बद दिया हम से अच्छे तो इस देश के कुत्ते भी हिन्दुओं के पक्ष में कोई फैसला बदला गया है क्या? यति नरसिंहनंद गुरूवार को गांधीनगर के श्यामाश्याम मंदिर में बग्लामुखी यज्ञ में पहुंचे थे। उन्होने कहा कि आज दुनिया में हर किसी का देश है मगर हम हिन्दुओं का कोई देश नहीं है।

# ठगी में दिल्ली पुलिस का पुरबालियान में छापा

## विदेश में बैठे युवक पर 17 करोड़ की ठगी के आरोपों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने 17 करोड रूपये की साइबर ठगी में गांव पुरबालियान में छापा मारकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मचा दी। दिल्ली पुलिस अब तक आरोपी के परिजन सहित गांव के लोगों से पूछताछ कर चुकी है, हालांकि आरोपी हाल में विदेश में रह रहा है, लेकिन इसमे एक दर्जन से अधिक गांव के युवकों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्ही के आधार पर 17 करोड़ रूपये की ठगी की, ऐसी दिल्ली की साइबर सेल पुलिस का कहना है, हाल में भी इस मामले में जांच पड़ताल जारी है।



बताया जाता हैकि विगत दिवस दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने गांव पुरबालियान में छापा मारा था इस छापा मारने वाली टीम का नेतृत्व साइबर सेल के इस्पेक्टर एमए खान कर रहे थे।

काफी समय तक ग्रामीण यह जान ही नहीं पाए कि आखिर दिल्ली पुलिस की साइबर सेल का गांव में आने का क्या मकसद है जब यहां पहुंची टीम ने एक युवक के परिजनों से पूछताछ की और आस-पास के ग्रामीणों से भी जानकारी ली तो पता चला कि गांव के ही विदेश गए युवक के संबंध में जानकारी की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में ग्रामीण यह भी समझ गए थे कि गांव में टीम का आने का मकसद क्या है। पुलिस का कहना था कि पुरबालियान का युवक जो विदेश में नौकरी करता है उसने एक दर्जन से अधिक लोगों को फर्जी आईडीबनाकर बैंक खाते और मोबाइल नम्बर चालू कराए उसी के जरिए से 17 करोड रूपये की ठगी की गई है। टीम के आने के बाद ग्रामीणों का यह भी जानकारी मिली कि विदेश में बैठे युवक ने अपनी एक कम्पनी को फर्जी तरीके से लोंच की और इस कम्पनी की डीलरशीप देने के बहाने लोगों को बिजनेस प्लान बताया और जाल में फंसाकर मोटी रकम ली। इस मामले की जानकारी मंसूरपुर थाना पुलिस को भी दी गई। मंसूरपुर पुलिस को यही जानकारी मिल पाइ कि गांव के युवक ने फर्जी तरीके से करोडो की ठगी की है। लोगों का कहना है कि उक्त युवक का नाम पहले भी साइबर ठगी में आ चुका है और इस मामले को लेकर गांव में भी तरह-तरह की चर्चाए फैली है।

# चालक की हत्या में दो को उम्र कैद

## न्यायालय ने दोषियों पर अर्थ दण्ड भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने रिक्शा चालक के मामले में सुनवाई करते हुए सबूत व गवाहों के आधार पर दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस ने उन पर अर्थ दण्ड भी लगाया है।

अभियोजन के अनुसार नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव रथैडी निवासी सुशील कुमार पुत्र सीताराम व वीपू उर्फ दीपू उर्फ दीपक कुमार पुत्र धर्मवीर निवीस गढ़ी दुर्जनपुर थाना शाहपुर पर रिक्शा चालक समीर पुत्र सैय्यद हसन की हत्या का आरोप का मुकदमा दर्ज किया गया था। पीडित की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया गया था कि आरोपी वीपू व सुशील कुमार ने रिक्शा चालक समीर की रिक्शा में बैठक उससे शराब के पैसे मांगे, जब चालक ने पैसा नहीं दिया तो दोनो ने समीर की हत्या कर शव को ग्राम दुर्जनपुर गढ़ी में जंगल में छिपा दिया था। पुलिस ने इस मामले का मुकदमा धारा 302, 201 आईपीसी के तहत दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही शुरू करते हुए 26 सितम्बर 2023 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने छानबीन कर अपनी विवेचना को आगे बढ़ाया और जांच पड़ताल व लोगों से पूछताछ के बाद इस मुकदमें में धारा 34, 394, 411 आईपीसी की बढ़ोत्तरी की गई थी और 26 अक्टूबर 2023 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला एडीजे-पंचम के विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट के यहां विचाराधीन था। मुकदमें की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश काशिफ शेख ने दोनो पक्षों को सुना और इस घटना से संबंधित सबूत व गवाहों को देखते हुए आरोपियों को दोषी पाया।

कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर सुशील व वीपू उर्फ दीपू उर्फ दीपक कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उन पर 42 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।



मुजफ्फरनगर: जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे धनगर समाज के लोग।

# जाति प्रमाण पत्र न बनने पर धनगर समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

■ मुख्यालय पर प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पिछले कई वर्षों से जाति प्रमाण पत्र बनवाने की लड़ाई लड़ रहे धनकर समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र न बनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्दी धनगर जाति के प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए गए तो बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से समाज के लोग लगातार जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

गुरुवार को जिला अधिकारी कार्यालय पर जुलूस के रूप में प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि वे इस कारण समाज के लोगों को शैक्षिक व सामाजिक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाज के नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर इस बार भी उनकी मांगों पर संज्ञान लेकर जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए तो वे बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# सैल्समैन से मारपीट में प्रधान पति गिरफ्तार

## आरोपी सर्वेन्द्र उर्फ़ मिन्टू राठी के सपा व भाकियू से जुड़ा होने की चर्चाएं तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना के ग्राम प्रधान पति सर्वेन्द्र राठी द्वारा बेहड़ा सादात गांव स्थित देशी शराब के ठेके पर तैनात सैल्समैन नितिन वर्मा को आतंकित करने व मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। मारपीट मे घायल नितिन वर्मा की वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रधान पति व उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सर्वेन्द्र राठी समाजवादी पार्टी व भाकियू से जुड़े होने को लेकर क्षेत्र मे चर्चाएं तेज हो गयी हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी नितिन वर्मा ने बताया की वह ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात स्थित देशी शराब के ठेके पर सैल्समैन के रूप मे कार्य करता है। शराब के ठेके का कथित मालिक सर्वेन्द्र उर्फ़ मिन्टू और उसका साथी टीटू आये दिन उस पर नकली शराब बेंचने का दबाव बना रहे थे। मंगलवार की रात आरोपी शराब ठेके पर आये और अधिक पैसे कमाने तथा हिस्सेदारी देने की मांग की नितिन वर्मा ने बताया की उसके बाद आरोपी उसे कार मे बैठाकर मोरना मे शुक्रताल मार्ग स्थित बैंकट हाल ले गये। जहां प्रधान पति सर्वेन्द्र उसका भतीजा व साला तथा एक साथी टीटू ने उसके साथ मारपीट कर तीन लाख रूपये की मांग की मारपीट के दौरान शोर सुनकर किसी व्यक्ति के आने की आहट पाकर आरोपी फरार हो गये। आरोपियों ने उसकी वीडियो भी वायरल की है।

वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई स्वरूप चारो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सर्वेन्द्र उर्फ़ मिन्टू राठी व टीटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सर्वेन्द्र राठी भाकियू के जिला संगठन मन्त्री के पद पर रहे हैं। मिन्टू राठी की गिरफ्तारी के बाद दर्जनों भाकियू कार्यकर्ता भोपा पहुंचे पूर्व ब्लॉक् अध्यक्ष विकास चौधरी ने आरोप को निराधार व मामले को राजनितिक साजिश बताया है।

वहीं सर्वेन्द्र राठी समाजवादी पार्टी से भी जुड़े बताये गये हैं सपा मुखिया व भाकियू मुखिया के साथ सर्वेन्द्र राठी के फोटो वायरल हुए हैं।

### रंजनवीर सिंह की बढ़ती लोकप्रियता

**चरथावल।** पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजनवीर सिंह की क्षेत्र मे जहाँ दिनोदिन लोकप्रियता बढ़ रही है। वहीं हर वर्ग और जाति के लोग रंजनवीर को पलक पावडो पर बिठा रहे हैं और एक अलग तरह का प्यार क्षेत्र में उन्हें मिल रहा है हालांकि रंजनवीर सिंह का नाम कोई नया नाम नहीं है। पिछले कई दशकों से उनके परिजनों का चरथावल क्षेत्र की राजनीती मे दबदबा रहा है और गन्ना समिति से लेकर लोकसभा तक के चुनाव में बहुत अहम योगदान रंजनवीर सिंह के परिवार का रहता था और यह रंजनवीर सिंह के परिवार के प्रति लोगो का प्यार था कि जब प्रदेश में बसपा की सरकार थी और ब्लाक प्रमुखी का चुनाव था प्रदेश मे जहाँ अधिकतर ब्लाकों पर बसपा के ब्लाक प्रमुख बने थे वही बसपा द्वारा चरथावल ब्लाक प्रमुख पद के लिए सहजाद को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाया था और रंजनवीर सिंह ने बसपा की सरकार होने के बावजूद चरथावल की ब्लाक प्रमुखी का चुनाव लड़ा था।

### यूपी से टोंटी चोर, बिहार से चारा चोर, देश से हैराल्ड चोर को जाना होगा: प्राची

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू नेत्री साधवी प्राची ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हे भारत से कभी प्यार नहीं रहा उनका लगाव पाकिस्तान, बांग्लादेश और अरब देश से है।

गुरूवार को साधवी प्राची यहां पहुंची थी और उन्होने मीडिया से बातचीत में भारतीय सेना पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी पर बड़ास निकाली और कहा कि वह उनसे सबूत मांगते है उन्होने कहा कि अब बिहार से चारा चोर, यूपी से टोंटी चोर और देश से हेराल्ड चोर को जाना होगा। उन्होने कहा कि राष्ट्र वादी लोगों को इस पर चिंतन करना चाहिए कि नेपाल, बाग्लादेश और श्रीलंका में हिंसा हो रही है भारत दुनिया का मजबूत संवेधानिक देश है।

# शिक्षकों ने डीएम कार्यालय पर भरी हुंकार

## टीईटी के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ व प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर पर शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर टीईटी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन मे शिक्षकों ने कहा कि कोर्ट का आदेश, जिसमें टीईटी परीक्षा को अनिवार्य किया गया है, वास्तविकता से परे है। पहले से कार्यरत शिक्षकों की अनुभव और सेवा की अनदेखी करना अन्याय है। जिस प्रकार इस आदेश से हजारों शिक्षकों का भविष्य संकट में डाल दिया गया है, वह अस्वीकार्य है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पहले से कार्यरत शिक्षकों को इस आदेश से मुक्त किया जाए। अनुभव और सेवा को मान्यता दी जाए। टीईटी परीक्षा केवल नए अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य हो, न कि उन लोगों के लिए जो पहले से वर्षों से कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा यह विरोध किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि अन्यायपूर्ण व्यवस्था के खिलाफ है। शिक्षकों का कहना था कि जिस प्रकार इस आदेश से हजारों शिक्षकों का भविष्य संकट में डाल दिया गया है वह अस्वीकारिए है।

ज्ञापन देने वालों में उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ से संजीव बालियान, राजन वशिष्ठ, वंदना बालियान, अक्षय कुमार, अजय, संजय, आदेश शर्मा, मोहत सिंह, राजीव, शर्मिल, आशु, कपिल वर्मा, रजिता, दीपा राठी, मीनू राठी, ममता चौहान, स्वाति अग्रवाल, अंजु वर्मा, शैली छाबड़ा, अलका त्यागी। प्राथमिक शिक्षक संघ से- सुदेश कुमार, अमित कौशिक, कपिल चौधरी, रीतू पंवार, हरेंद्र बालियान, राहुल कुमार, प्रवेश कुमार, राहुल पुंडीर, सुबोध कुमार, निकास बालियान, अमरीश कुमार, बिजेंद्र, तपन कुमार, शहजाद अली, धर्मेन्द्र, अली नवाज, शगुन मित्तल, बबीता बालियान, आकांशा शिव कुमार शर्मा, बालेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, कपिल तोमर, फरूख हसन, आदि मौजूद रहे।

# खतौली में जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 22.96 लाख का माल सीज, 3 लाख का जुर्माना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना तिराहे पर स्थित ऑटो पार्ट्स की दुकान पर गुरुवार को जीएसटी विभाग ने छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की। डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और खतौली की संयुक्त टीम ने स्टॉक व बिक्री में गड़बड़ी पाए जाने पर लाखों रुपये का माल सीज किया और लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया। जीएसटी विभाग की छापेमारी से कस्बे के व्यापारियों में अफरातफरी का माहौल बना रहा

गुरुवार को कस्बे के बुढाना तिराहे के समीप ग्रोवर ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी विभाग ने छापा मार कर बड़ी कार्रवाई की टीम ने दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर, कंप्यूटर और डिजिटल बिक्री रिकॉर्ड की गहराई से जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि जीएसटी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में टैक्स चोरी की आशंका है और मामले में आगे सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

डिप्टी कमिश्नर मनोज शुक्ला ने कहा, ह्व्यापार में पारदर्शिता और कर अनुपालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे ताकि नियमों का पालन हो।ह उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान 22.96 लाख रुपये मूल्य का माल सीज कर दिया और दुकान पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। छापेमारी की खबर मिलते ही बाजार में हड़कंप मच गया। व्यापारी वर्ग में भी चिंता का माहौल बना रहा। विभाग ने स्पष्ट किया कि अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी नजर रखी जा रही है और जांच अभियान जारी रहेगा। स्थानीय प्रशासन का भी पूरी तरह सहयोग लिया जा रहा है।

### नेपाल से आज आएंगे फंसे हुए तीर्थ यात्री

**मुजफ्फरनगर।** नेपाल के हालात अभी भी गंभीर है, लेकिन वहां फंसे मुजफ्फरनगर के तीर्थ यात्री सकुशल हैं। व्यापारी नेता प्रवीण कुमार ने बताया कि कल (आज)साढे 11 बजे की फलाईट से वह सब नेपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे तथा 3 बजे तक मुजफ्फरनगर आ जायेंगे।

## उधार के रुपये को लेकर युवकों में मारपीट, धारदार हथियार से किया हमला, एक गंभीर घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** उधार के रुपए को लेकर दो युवकों के बीच विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। मेला छड़ियांन में बुधवार की रात पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद के दौरान एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने आरोप लगाया कि हमलावर ने उसके साथ गाली-गलौज करने के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की।

विशाल पुत्र सीताराम सैनी निवासी तागन मोहल्ला होली चौक को देवीदास निवासी टीटू पुत्र ;षिपाल निवासी ने अपने काम के लिए 1400 रुपये उधार दिए थे। बुधवार की रात मेला छड़ियांन में विशाल पुत्र जयप्रकाश के साथ मेले में पहुँच टीटू ने अपने पैसे वापस मांगे तो विशाल पुत्र ;षिपाल ने पैसे देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद टीटू ने उसका विरोध किया तो विशाल ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जाति सूचक शब्द कहकर मारपीट शुरू कर दी।

इसी दौरान विशाल ने टीटू पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें टीटू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल टीटू के दोस्त विशाल पुत्र जयप्रकाश निवासी देवीदास ने पुलिस को विशाल के खिलाफ तहरीर देते हुय उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की जांच शुरू की। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आरिफ अली, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने चेकिंग के दौरान आरोपी विशाल को अलकनंदा होटल के समीप गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

### नगर पंचायत बुढ़ाना बोर्ड की हुई बैठक......

## कस्बे के चहुंमुखी विकास को 2 करोड़ के 55 प्रस्ताव पास



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को दोपहर के समय बुढ़ाना नगर पंचायत के सभागार में बोर्ड की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन उमा त्यागी और संचालन ईओ आलोक रंजन ने किया। जिसमें लगभग सब सभासदों के द्वारा बुढ़ाना कस्बे के चहुंमुखी विकास के लिए पूरे 55 प्रस्ताव जिनकी अनुमानित लागत 02 करोड रूपये है सदन में सर्व सम्मति से पारित किये गये।

बैठक में नगर पंचायत बुढाना में 02 अन्नूपर्णा भवनों के निर्माण के साथ साथ सभी 17 वार्डो में नाली और सडक आदि विकास कराये जाने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये।

गृहकर नकल जारी करने एवं नाम परिवर्तन शुल्क में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य 39 लाईसेन्सिंग शुल्क लगाये जाने के लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाना स्वीकार किया गया। यहां बैठक में सभासदों मे ऊषा चौहान, सुनीता देवी, सुमन सिंह, फरीदा उस्मानी, पुष्पा पाल, नूरजहां उर्फ नाज मंसूरी, साबरा कुरैशी, सलीम कुरैशी, योगेश प्रजा. पति, नितिन शर्मा, नियम पंवार, गुलफाम खान, नसीम सिद्दीकी, इमरान कुरैशी, राशिद कुरैशी भूरु, अजय संगल एवं नगर पंचायत कार्यालय के लिपिक सतीश कुमार और सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बीमार हुए केशवानंद महाराज

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज हालत अचानक बिगड गयी। जिसके बाद उन्हें जिला मुख्यालय पर आरोग्य अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दिल्ली रेफर किया गया है। श्रीराम आध्यात्मिक प्रन्यास के कंवर सैन गोयल ने बताया कि सोमवार शाम अचानक महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज की हालत बिगड़ गई। जिन्हें जिला मुख्यालय आरोग्य अस्पताल ले गए उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें दिल्ली गंगा राम हास्पिटल में रेफर कर दिया जहां पर उनका उपचार चल रहा है। शुकदेव आश्रम अधिष्ठा ओमानन्द महाराज, महादेव आश्रम महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज,मनो. हरलाल शर्मा, स्वामी विष्णुदत्त महाराज सहित जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व अमित राठी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## साफ-सुथरी छवि और जनसेवा से उभरे युवा नेता कादिर कासमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** मंसूरपुर क्षेत्र के एक छोटे से गांव जोहरा के रहने वाले युवा नेता मुफ्ती कादिर कासमी ने अपनी ईमानदार छवि, सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण से क्षेत्रवासियों के दिलों में अलग पहचान बनाई है।

जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान कराने के लिए तुरंत प्रशासन से संपर्क करना उनकी विशेषता मानी जाती है।

मुफ्ती कादिर कासमी हमेशा क्षेत्र के विकास और लोगों की भलाई के लिए तत्पर रहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने में



उनकी सक्रिय भूमिका रही है। यही कारण है कि गांव से लेकर शहर तक लोग उनकी खुले दिल से तारीफ़ करते हैं।

उनकी लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि छोटे किसान से लेकर व्यापारी तक, सभी वर्गों के लोग उन्हें अपना हितैषी मानते हैं।

सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना और युवाओं को सही दिशा दिखाना उनकी प्राथमिकता रही है। जिला पंचायत सदस्य पद के भावी उम्मीदवार मुफ्ती कादिर कासमी की साफ-सुथरी छवि और विकासोन्मुखी सोच ने उन्हें क्षेत्र में एक आदर्श नेता के रूप में स्थापित कर दिया है। स्थानीय लोग कहते हैं कि यदि हर नेता इसी तरह से जनता की सेवा में तत्पर रहे तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाना मुश्किल नहीं होगा।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मनाएगा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आज भाजपा कार्यालय गांधीनगर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुंदर पाल सिंह ने की जबकि संचालन मनोज पांचाल बिवकर्मा, जिला महामंत्री तथा जयकरण गुर्जर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य वक्ता जिला मंत्री सुधीर खटीक ने सेवा पखवाड़ा के आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की सेवा का एक सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि ह्यह सेवा पखवाड़ा अंत्योदय से राष्ट्रोदय की भावना का साकार रूप है। बैठक में बताया गया कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगा। इसके बाद 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी और समापन 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया जाएगा। इस दौरान जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जिनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, 'वोकल फॉर लोकल' मेले व प्रदर्शनियाँ, युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएँ, चित्रकला प्रतियोगिता, मैराथन, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी आदि प्रमुख होंगे। साथ ही आगामी स्नातक, शिक्षक और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।बैठक में रामकुमार कश्यप द्धजिला उपाध्यक्षत्रऋ, अमित बंजारा, प्रवेश भडाना, विनीत मालिक, विजय वर्मा द्धजिला मंत्रीत्रऋ, देवेंद्र पाल, बिजेंद्र पांचाल, रविकांत प्रधान, हिमांशु सैनी, नरेंद्र प्रजापति, सचिन प्रजापति, हरगोपाल कश्यप, वीरसैन, मंडल अध्यक्ष रामपाल सैन, मनोज पाल, नंदन कश्यप, जोनी गुर्जर, राहुल पांचाल, नीरज कुमार, मिंटू कश्यप, योगेश पाल, डॉ. राधे श्याम, इंदर प्रजा. पति, ओमवीर पाल सहित सभी जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का संकल्प लिया और समाजहित में कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।




## व्यापारी की मनमानी से बुढ़ाना मार्ग पर जाम और हादसों का बढ़ा खतरा

**खतौली।** कस्बे में अतिक्रमण की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। आए दिन जाम की समस्या और सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, लेकिन इसका मुख्य कारण खुद व्यापारी बनते जा रहे हैं। बिल्डिंग मैटेरियल के व्यापारी रेत और रोड़ी उतारने के लिए ट्रकों को सड़क के बीच खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है और आम लोगों की सुरक्षा पर संकट मंडराने लगता है।गुरुवार को बुढाना मार्ग पर इंटर कॉलेज के सामने यही नजारा देखने को मिला।

बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी द्वारा मंगाए गए रोड़ी और रेत से भरे ट्रक को बीच सड़क पर खड़ा कर माल उतारा जा रहा था। इससे दोनों तरफ से आने वाले वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ और जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज रफ्तार वाहनों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे कई जगह टक्कर की घटनाएँ हुईं और कुछ लोग घायल भी हुए।इस दौरान इंटर कॉलेज के बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। सड़क पर खड़े ट्रक के कारण विपरीत दिशा से आने वाले वाहन बच्चों को दिखाई नहीं दे रहे थे। कई बार बच्चे हादसे का शिकार होते-होते बचे। राहगीरों ने व्यापारी से ट्रक को कच्ची सड़क पर खड़ा कर माल उतारने का अनुरोध किया, लेकिन व्यापारी ने शिकायतों को नज़रअंदाज़ कर अपनी मनमानी जारी रखी।

0 स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और अभिभावकों ने प्रशासन से बुढाना मार्ग पर ट्रकों को खड़ा कर माल उतारने से रोकने की मांग की है। साथ ही व्यापारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी अपील की है। लोगों का कहना है कि व्यापारी की हठधर्मिता से आम जनता की जान पर खतरा मंडरा रहा है और प्रशासन का मौन रहना भी सवालों के घेरे में है। इस पूरे मामले ने अतिक्रमण से निपटने की प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट ने टीवी रोगियों को बांटी पोषक आहार पोटली

**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी मुक्त भारत अभियान में हमारी पूरी टीम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉव सुनील तेवतिया जी व भारत सरकार के साथ पूरा सहयोग करेगी साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार की पोटली वितरित की गई।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी व महासचिव राजू सैनी ने चिकित्साधिकारियों एवं टीबी विभाग के वरिष्ठ स्टाफ को पीतांबर वस्त्र पहनाकर व पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए पौधे का गमला भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट के सक्रिय पदाधिकारी राजू सैनी मंगलेश प्रजापति एडवोकेट काजल सुधा सुमित सैनी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## एमएफए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के ललित कला विभाग के एम0एफद्गए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने माँ शाकुम्बरी विश्वविद्यालय के परीक्षा फल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

एम0एफए चतुर्थ सेमेस्टर में अप्लाईड आर्टस से छात्र केशव गर्ग ने 88.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जिज्ञासा जोशी ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मुक्ता सैनी ने 86.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थिओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षक व् परिजनों को दिया। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, ललित कला विभाग के निदेशक डॉ मनोज धीमान ने विभागाध्यक्षा मिनाक्षी काकरान एवं प्रवक्ता रजनीकांत, बिन्नू पुंडीर, डा अनु देवी, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजित मन्ना आदि ने सभी विद्यार्थिओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## विजय वर्मा झारखंड में टेनिस के सिंगल व डबल के चैंपियन बने

**मुजफ्फरनगर।** जमशेदपुर टाटानगर झारखंड में चल रहे अंत. रराष्ट्रीय मास्टर टेनिस टूर्नामेंट में मुजफ्फरनगर के सीनियर टेनिस खिलाड़ी विजय वर्मा ने सिंगल्स के मुकाबले में 50 वर्ष की आयु वर्ग में कड़ी मेहनत कर अपने प्रतिद्वंदी रानी चेन को 6-3 1-6 10-5 से हराकर चौंपियनशिप अपने नाम की और डबल्स में विजय वर्मा ने अपने पार्टनर अवनीश रस्तोगी के साथ मिलकर धनबाद के रोहित लाल व जितेंद्र गुलगुलिया को सीधे सेट में 6-2 6-1 से हराकर डबल्स



चैंपियनशिप भी अपने नाम की।वहां उपस्थित दशकों एवं खिलाड़ियों ने इस मैच का भरपूर आनंद लिया। इसका प्राइज डिसटीब्यूशन वहां के भूतपूर्व विधायक कुणाल सारंग जोकि अनेको खेल से भी जुड़े हुए हैं, ने आकर संपन्न किया और सभी खिलाड़ियों को आश्वासन दिया भविष्य में झारखंड टेनिस एसोसिएशन चौयरमेन के के सिंह के नेतृत्व में इसको और अधिक उन्नति की ओर ले जाने का कार्य किया जाएगा और इससे भी बड़े टूर्नामेंट आयोजन करने का प्रयास किया जाएगा।

### जब जिला पंचायत सदस्य पीछे बैठाए गए

**बुढ़ाना।** कश्यप खाप बुढाना के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने आज बृहस्पतिवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज बुढ़ाना बार संघ हॉल में ग्राम बड़ौदा के किसानों के मुआवजा चेक वितरण में चुने हुए जनप्रतिनिधि का अपमान हुआ।

वर्तमान में वार्ड नंबर 18 से जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप हैं जिनको आज कार्यक्रम में आगे से लाइन से उठाकर पीछे बैठा दिया गया। जब कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का था और जन प्रतिनिधि भी भारतीय जनता पार्टी के समर्थित और समर्पित हैं तो फिर इस प्रकार का अपमान क्यों किया गया।

### भीम आर्मी पदाधिकारी के साथ मारपीट, कार्रवाई न होने से रोष

**मोरना।** लकसर मार्ग से गुज़र रहे भीम आर्मी पदाधिकारी व उसके साथी के साथ कार सवार दबंगो द्वारा सरेआम मारपीट की गयी। कार्रवाई न होने पर भीम आर्मी के दर्जनों कार्यकर्ता गुरुवार को थाने पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तड़ित कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर निवासी व भीम आर्मी पाठशाला के जिला प्रभारी मनीष सम्राट ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि निकटवर्ती गांव खैर नगर निवासी व्यक्ति ने उससे कुछ पैसे उधार लिए थे।रकम लौटाने को उसने चौक दिया था। जो बाउंस हो गया। मंगलवार को वह क्षेत्र के लकसर मार्ग से गुज़र रहा था।तभी रास्ते मे खैर नगर के पास उसे आरोपी कार मे जाता हुआ मिला तो मनीष सम्राट ने चौक बाउंस होने तथा रकम लौटाने को कहा जिसपर आरोपी ने कार मे सवार दो साथियों संग मिलकर मनीष सम्राट व उसके साथी आशुतोष के साथ गाली गलौज कर जातिगत टिप्पणी करते हुए मारपीट की।तीन दिन बीत जाने के बाद कार्रवाई न होने पर गुरुवार को पीड़ित संग पहुंचे भीम आर्मी कार्यकर्ता संजय रवि,जहीर अहमद, आदेश कुमार,मोहित, मनोज, सन्नी, अंकुर गगंवालिया, अविनाश कुमार भोपा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### डेयरी मालिकों ने दूध पर बढ़ाए 5 रुपये, भारी रोष

**बुढ़ाना।** कस्बे में डेयरी संचालकों द्वारा एकाएक दूध का रेट बढ़ाने पर लोगों में रोष है। 60 रुपए प्रति किलोग्राम मिल रहे दूध का दाम एकदम पांच रुपए बढ़ा दिया गया। रेट में हुई अचानक वृद्धि से उपभोक्ता परेशान हैं वहीं उपभोक्ताओं ने डेयरी संचालकों पर मनमर्जी करने का आरोप भी लगाया। उपभोक्ता संजीव कुमार संगल ने बताया कि डेयरी संचालक स्वयं तो पशुपालकों से क्रीम के हिसाब से दूध लेते हैं जबकि उपभोक्ताओं को 40 प्रतिशत या इससे भी कम क्रीम का दूध सप्लाई करते हैं। 53 पैसे एक प्रतिशत क्रीम के हिसाब से दूध लेते हैं। उपभोक्ताओं को दोगुणा भाव से यह दूध बेचा जाता है। इसके अलावा कुछ डेरी संचालक तो मिलावटी दूध भी बेचते हैं। इस तरह उपभोक्ता खुद को ठगा सा महसूस करता है। डेयरी संचालकों की मनमर्जी पर लगाम लगाने वाले अधिकारी भी चुप्पी साधे बैठे हैं। न तो दूध की गुणवत्ता पर कोई कंट्रोल है और न ही बढ़ रहे भाव पर नियंत्रण। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि डेयरी के दूध का सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की जाए। दूध के दामों में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए। वहीं डेयरी संचालकों का कहना है कि भारी बारिश के चलते हरे चारे की कमी हो गयी है जिससे पशु दूध कम देते हैं। सूखे चारे के रेट भी बढ़ गए हैं।

## बीएससी का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बीएससी (विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला द्वारा बीएससी (विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया।

बीएससी (जीव विज्ञान समूह ऋ से सुरभि चाहर ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दीक्षिता ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये व आयशा ने 84 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बीएससी (गणित समूह) से गरिमा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से मुस्कान पालीवाल व राशी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा कीर्ति पाल व वैष्णवी राठी ने 76 प्रतिशत अंको के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डा0 सचिन गोयल ने सभी विद्यार्थियों को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है ऐसा अवसर हमें छात्र / छात्राओं एवं शिक्षको के निरंतर प्रयासो के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है और भविष्य में भी सभी छात्र / छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाये रखने के लिए आर्शीवाद दिया ।इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डाद्ध मो. निका रूहेला व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया



साथ ही उन्होने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ़ संकल्प लेते हैं, और इसके लिए वे लगातार प्रयास करते रहते हैं।इस अवसर पर विज्ञान संकाय से डा0 महेन्द्र सिंह, डा0 नीरज कुमार, डाद्ध ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ0 वर्तिका गुप्ता, मो. निका पंवार, वर्षा पांचाल, अनामिका शर्मा, रजत धारीवाल, ओंमकार सिंह, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, राखी धीमान, प्राची बिंदल, राधिका धीमान, महक, मुसन्निफ व दीपक आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र इमदाद व उसकी पत्नी अलीना मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा आये दिन झगडा फसाद व उल्टे सीधे कार्य करते है। मै अपने पुत्र इमदाद व उसकी पत्नी अलीना की हरकतो से तंग आकर बडा दुखी व परेशान हूँ इसलिए इमदाद व अलीना से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ तथा मैने इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होगे।

**खलील पुत्र मजीद निवासी मौहल्ला बेरियान ग्राम बरला थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शहजाद व पुत्रवधू श्रीमती नसरीन पत्नी शहजाद मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। ये गलत संगत में पड़ गये हैं। इसलिए मैने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैंने व मेरे परिवार ने शहजाद व उसकी पत्नी श्रीमती नसरीन से अपने सभी पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं।

**इन्साफ अली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी- ग्राम सांझक थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर उ.प्र.**

**सूचना**

मेरे पुत्र मौ.अफ्फान अंसारी के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-B 2022:9-90020-006037 दिनांक 30.07.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अफ्फान अंसारी तथा मेरा सदाकत तथा मेरी पत्नी का नाम आयशा दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम मौ.अफ्फान अंसारी (MOHD AFFAN ANSARI) तथा मेरा नाम मौ.सदाकत (MOHD SADAKAT) तथा मेरी पत्नी का नाम आयशा (AAYSHA) है। भविष्य में मेरे पुत्र, मुझे तथा मेरी पत्नी को इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

**मौ.सदाकत पुत्र मौ.हनीफ निवासी 1009/346 जामिया नगर दक्षिणी खालापार तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा बेटा गुलशन पुत्र स्व.रामपाल काफी समय से गलत संगत में पड गया है। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ व अन्य सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट, गाली-गलौच करता है। इसकी इन हरकतो के कारण मैने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी। गुलशन अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कैलाशों देवी पत्नी स्व.रामपाल निवासी 570/95 भरतिया कालोनी थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम खुशबू khushbu से बदलकर khushbu ali खुशबू अली रख लिया है भविष्य में मुझे अब खुशबू अली के नाम से जाना पहचाना जाए ।

**Khushbu ali D/o Riyasat ali saraytulsiram jansath Distt muzaffar nagar up 251314**

**सूचना**

मैंने अपना नाम ARYAN से बदलकर ARYAN KUMAR रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**आर्यन कुमार पुत्र दिनेश 305 ग्राम मलीरा मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251202**

**सूचना**

मैंने अपना नाम AKSHAY से बदलकर AKSHAY KUMAR रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**अक्षय कुमार पुत्र अशोक ग्राम मलीरा मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251202**

**सूचना**

मेरा पूर्व में नाम मौ.नसीम अहमद (MOHAMMAD NASEEM AHMAD) था किन्तु मैंने अपना नाम नसीम अहमद (NASEEM AHMAD)कर लिया है। भविष्य में मुझे नसीम अहमद (NASEEM AHMAD) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

नसीम अहमद (NASEEM AHMAD) **पुत्र जहूर अहमद निवासी म.न.224 बझेडी थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (नमूना काबिले फरोक्त) (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय बुढाना जिला मु.नगर वाद संख्या-टी202509550304446 सन 2025 चन्द्रपाल पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम धनौरा टीकरी तहसील बडौत जिला बागपत। **वादी बनाम** 1. वीरसेन पुत्र तेज सिंह निवासीगण ग्राम धनौरा टीकरी 2. कृष्णपाल पुत्र तेज सिंह निवासीगण ग्राम धनौरा टीकरी तहसील बडौत जिला बागपत। 3. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर मु.नगर जिला मु.नगर। 4. ग्राम पंचायत नगवा द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत नगवा परगना व तहसील बुढाना जिला मु.नगर। प्रतिवादीगण ने आपके नाम नालिश बाबत दरगाह चन्द्रपाल बनाम बीरसेन आदि के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 17 के जो माह 09 सन् 2025 ई. 10.30 ववक्त बजे दिन में असालतम या माफत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद से इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख माह 08/09/सन् 2025 ई. जारी किया गया। इत्तिला 1- अगर आपको यह सन्देश हो कि आपके गवाह मर्जी से हाजिर न होंगे तो यह अदालत हाजा से सम्मन बाई मुराद जरी करा सकते हैं जो गवाह हाजिर न हो वह जबरन हाजिर कराये जायें और किसी दस्तावेज जो किसी गवाह से पेश करने का और किसी इस्तेहाक रखते हैं। वह उसे पेश करायी जाये बशर्ते है कि आपका खर्चा जरूरी अदालत में दाखिल कराके उस उम्र का दरख्वस्त मुरझाराये। 2- अगर आप मतलाबा मुदई का तसलीम करते हैं तो रूपया मय खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही हुजताय डिगरी को जो आपकी जान या माल दोनो पर ही करना व पडे।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी बुढाना (मु.नगर)**

# खंड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विकास क्षेत्र खतौली के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण आज खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, मिड डे मील वितरण, तथा आधार कार्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जाँच कर आवश्यक निर्देश दिए।कंपोजिट विद्यालय घनश्यामपुरा में 8 में से 7 अध्यापक उपस्थित मिले। संगीता देवी सहायक अध्यापक प्रशिक्षण में थीं। पंजीकृत 246 छात्रों में से 220 बच्चे उपस्थित पाए गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय समोली में पारुल और रोहित सहायक अध्यापक अवकाश पर रहे। यहाँ 104 में से 71 छात्र उपस्थित थे।उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलाश नगर में सभी अध्यापक उपस्थित रहे और 31 में से 27 छात्र उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय कैलाश नगर में सीमा सिंह और अंशु रानी अवकाश पर रहीं, जबकि चन्द्रवती गौड़ प्रशिक्षण में थीं। विद्यालय में 41 में से 38 बच्चे उपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय रतनपुरी में नीति विश्नोई तथा इंचार्ज अध्यापिका अवकाश पर थीं, शेष स्टाफ उपस्थित मिला। यहाँ 121 में से 100 बच्चे स्कूल आए। प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर में सभी अध्यापक उपस्थित रहे और 66 में से 52 बच्चे उपस्थित पाए गए। उच्च प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर में भी सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

यहाँ 24 में से 20 बच्चों की उपस्थिति रही। कंपोजिट विद्यालय भूपखेड़ी में हरि सिंह अवकाश पर थे, जबकि पवन शर्मा प्रशिक्षण में थे। शेष अध्यापक उपस्थित पाए गए। विद्यालय में 196 में से 182 छात्र उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों में मिड डे मील में रोटी और दाल का वितरण किया गया। शिक्षण कार्य सुचारु रूप से चलते पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को बच्चों के शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए अधिक प्रयास करने की सलाह दी।



उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी विद्यालयों में समय सारिणी चस्पा करने, संदर्शिका का नियमित प्रयोग करने, निपुण प्लस ऐप पर बच्चों का आकलन करने तथा शिक्षक-अभिभावक बैठक नियमित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनके आधार कार्ड तत्काल बनवाए जाएँ। सभी शिक्षकों को उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पूर्ण पालन करने को कहा गया। निरीक्षण के बाद खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बिवास जताया कि प्रयासों से विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी।

# पितृपक्ष में की जा रही गंगा घाट पर मां गंगा की भव्य आरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में श्री गंगा सेवा समिति के द्वारा पितृपक्ष के पावन अवसर पर गंगा घाट पर मां गंगा की भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है। अनेक श्रद्धालुओं ने मां गंगा के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की और अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत कथा आचार्य अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के महामंत्री अजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पितृपक्ष, जो हिंदू धर्म में पितरों को समर्पित एक महत्वपूर्ण समय है, इस दौरान गंगा स्नान और आरती का विशेष महत्व माना जाता है। गंगा आरती का यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। यह आयोजन 16 दिनों तक चलने वाले पितृपक्ष के दौरान घाट पर निरंतर जारी रहेगा, जिसमें अनेक श्रद्धालु अपनी आस्था और भक्ति के साथ शामिल होंगे।

पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा की आरती की, जिसमें दीप, धूप और पुष्प अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने गंगा के तट पर दीपदान किया और अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया। इस दौरान हर हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा। जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांच चौरावाला से आए श्रद्धालु डा.संजू शर्मा ने कहा पितृपक्ष में गंगा आरती में शामिल होना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यहां की शांति और भक्ति का माहौल मन को सुकून देता है। पंडित अंकित शर्मा, डा. सतीश, रेखा, मैनेजर देवेंद्र आर्य, पंडित देवेंद्र शर्मा, पंडित भोपाल, महेश शर्मा, सचिन शर्मा, धर्मदास सेवक मौजूद रहे।

## फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में कार्यशाला

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन आज किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय क्लास रूम मैनेजमेंट रहा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती अनीता सिवाच (प्रधानाचार्य वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद) एवं संजीव कुमार राठी (प्रधानाचार्य हिमालयन एकेडमी चांदपुर ) ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

## अश्लील डांस की वीडियो वायरल

**बिजनौर।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें परंपरागत रामलीला मंचन के दौरान रासलीला का मंचन होते हुए दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में 10 सितम्बर 2025, बुधवार, रात्रि 11 बजकर 13 मिनट का समय अंकित है। वीडियो को देखकर दर्शक इसे ग्राम मुकरन्दपुर की रामलीला का बता रहे हैं। हालांकि शाह टाइम्स इसकी पुष्टि नहीं करता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार का मंचन धार्मिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ है और इससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। कई लोगों ने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जानसठ की सड़कें गड्ढों में तब्दील, राहगीर परेशान

**जानसठ/मुजफ्फरनगर।** जानसठ के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में सड़कों की हालत देखकर लगता है जैसे सड़कें नहीं, गड्ढों का जाल बिछा हुआ है। काला गेट से लेकर मोहल्ला हुसैनपुरा, गढ़ी तिराहा, बुध बाजार टंकी जैसे कई इलाकों में वार्डों की सड़कों की हालत चिंताजनक है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़कों की इस बदहाली के कारण उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में कफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**गड्ढों के कारण हादसे बढ़े**

सड़कों पर मौजूद गहरे गड्ढे न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं, बल्कि कई बार इन गड्ढों के कारण एक्सीडेंट भी हो जाते हैं। दोपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग अक्सर इन गड्ढों से बचने की कोशिश में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

**टुक्की अभियान**

जानसठ नगर पंचायत ने कुछ समय पूर्व गड्ढों को बंद करने के लिए टुक्की अभियान चलाया था। हालांकि, इस अभियान के बावजूद सड़कों की हालत में ज्यादा सुधार नहीं आया है। लोगों का कहना है कि गड्ढों को बंद तो किया गया, लेकिन सड़क की गुणवत्ता उतनी अच्छी नहीं है जितनी होनी चाहिए। कई जगह तो गड्ढे भरने के बाद भी सड़कें उखड़ गई हैं।



**प्रभावित प्रमुख क्षेत्र**

'काला गेट- यहां सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं जो राहगीरों के लिए परेशानी का कारण हैं। दिनेश कुमार प्रजापति जानसठ निवासी, मोहल्ला हुसैनपुरा- 12 साल पूर्व अध्यक्ष नरेश तंवर के कार्यकाल में बनी इस मोहल्ले में सड़क की हालत बहुत गड्ढों से भरी है, गढ़ी तिराहा- यहां सड़क पर बड़े गड्ढे हैं । **रवि कुमार प्रजापति** वरिष्ठ समाजसेवी का कहना है, हम रोजमर्रा की जिंदगी में इन गड्ढों से बहुत परेशान हैं। कई बार तो रात में गड्ढों को देख नहीं पाते और गिर जाते हैं।

**आला अधिकारियों से अपील**

सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए ताकि लोगों को इन गड्ढों भरी सड़कों से निजात मिल सके।

**सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल**

जानसठ की सड़कों की खराब हालत से ठेकेदारों और निर्माण प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं। सरकारी टेंडर में सड़क निर्माण के लिए जो मानक तय किए जाते हैं।

## जेई शिव कुमार ने संभाला कार्यभार

**बुढ़ाना।** कस्बे में स्थित नये बिजलीघर के नये जेई के रूप में जेई शिव कुमार ने बृहस्पतिवार के दिन बिजलीघर पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। जेई शिव कुमार को लुहसाना बिजलीघर से यहां बुढ़ाना बिजलीघर में तैनात किया गया है। इससे पहले कार्यवाहक जेई के रुप में विकास सिंह यहां का कार्य देख रहे थे। यहां पर तैनात जेई मनोज कुमार का बीते माह तबादला करते हुए उनको मुख्यालय से अटैच कर दिया गया था। उनको यहां से क्यों हटाया गया है ये बात भी खूब चर्चाओं में है। चर्चा है कि उनका तबादला बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने पर राजनैतिक दबाव मे किया गया है। जिसके चलते यहां पर तैनात अन्य ईमानदार अधिकारी और कर्मचारियों में इस बात को लेकर अंदरुनी रोष है कि कैसे एक सत्ता में शामिल नेता के कहने पर उनका तबा. दला मात्र इसलिए किया गया कि उन्होंने नेताजी के समर्थकों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज करा दिया था।

# 23 वर्षों बाद मिला कई किसानों को मुआवजा

**बुढ़ाना।** लगभग 23 वर्षों के एक लंबे इंतजार के बाद बुढ़ाना क्षेत्र के कई किसानों को बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में आयोजित किए गये एक समारोह में उनकी जमीन का पूरा मुआवजा मिल गया है। पूर्व विधायक उमेश मलिक के अथक प्रयासों के बाद ही किसानों को यह मुआवजा दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 23 वर्षों से किसानों को जमीन का मुआवजा न मिलने के कारण बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक के अथक प्रयासों के बाद गांव बड़ौदा के किसानों को 13 करोड़ रुपये के करीब का मुआवजा जो कि लगभग पिछले 23 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ था वह आज इन पीड़ित किसानों को मिल गया है। बताया जाता है कि गांव बड़ौदा में लोअर खंड पूर्वी यमुना नहर चोगामा परियोजना के तहत 2002 और 03 में निकाली गई नहर जो भड़ल माइनर एवं मिलाना माइनर है।

मुआवजा आज 22 वर्ष बाद किसानों को मिला है। सभी को चौक वितरित किए गये। इस दौरान समारोह में मुख्य रूप से एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह, बुढ़ाना एसडीएम अपूर्वा यादव, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, गांव बड़कता के प्रधान पति आशीष चौहान और हिमांशु संगल सहित बड़ौदा के कई कृषक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गणित शिक्षण में प्रयोग होने वाले टीएलएम परिशिष्ट पर हुई चर्चा



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को बीआरसी में बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्ड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, 7रवि शंकर, अमीर अहमद व क्षमा जांगिड़ ने प्रशिक्षण शुरु कर प्रार्थना सभा की। फिर दिवस 4 के सत्र शुरु हुए। दिवस 3 के दोहराव के बाद जांच सतत आकलन पर चर्चा, कक्षा 4 व 5 में 42 दिन की पुनरावृत्त्यात्मक उपचारात्मक शिक्षण योजना पर चर्चा, कक्षा 4 व 5 के पाठ्डक्रम के दिवस वार विभाजन व पथ आधारित शिक्षण योजना पर समझ विकसित करने पर चर्चा, भाषा शिक्षण के दौरान प्रयोग होने वाले परिशिष्ट पर चर्चा, कक्षा 4 में 5 में 42 दिन की क्रियात्मक शिक्षण योजना पर चर्चा गणित विषय से संबंधित, गणित शिक्षण के दौरान प्रयोग होने वाले टीएलएम परिशिष्ट पर चर्चा। कक्षा 3 में एनसीईआरटी द्वारा निर्मित नई पाठ्ड पुस्तक संतूर अंग्रेजी विषय से संबंधित पर चर्चा की। एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया। बीईओ ने प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया। प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण हुआ। प्रतिभागियों के द्वारा जवाब देने की स्थिति में उन्होने सबकी तारीफ की।घ यहां पर सुरभि, मंजू, अजीत, धर्मेंद्र, राजीव, विवेक, देवेंद्र, ताज, मदन, इमरान, साजिद, भावना, वरुण, सचिन, पूनम, अमित, नीरा, सूर्य, रमेश, नरेंद्र व अवनीश आदि मौजूद रहे।

### अशोक कंसल को मिली व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर के संरक्षक अशोक कंसल वरिष्ठ प्रांत उपाध्यक्ष को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने पूरे पश्चिमी जोन की राजनीतिक जिम्मेदारी मिलने पर उनका माल्यार्पण कर पटका पहनाकर स्वागत किया वैश्य सभा के संरक्षक सुनील सिंघल सुरेंद्र अग्रवाल प्रमोद मित्तल अध्यक्ष संजय मित्तल महामंत्री दिनेश बंसल अनिल तायल कोषाध्यक्ष विश्वदीप बिट्टू ने कहा हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारी वैश्य सभा के संरक्षकज़ी को इतना बड़ा दायित्व मिला है वह बधाई के पात्र हैं हम सब उम्मीद करते की आने वाले समय में इससे भी बड़ा जिम्मेदारी इनको मिले और जनपद की सेवा कर सके।

### भागवत श्रवण श्रेष्ठ औषधि समान : देवाचार्य

**मोरना।** पौराणिक धर्म नगरी शुकतीर्थ हनुमान धाम में चौथे दिन भागवत कथा व्यास रेवासा वृंदावन से पधारे स्वामी राजेंद्र देवाचार्य महाराज ने कहा जिसे इस जीवन में मुक्ति नहीं मिलेगी। वह जीव मरने के बाद मुक्त नहीं हो पाएगा। जो कथाओं का लाभ जान जाए गए,कथाए उसकी प्राण बन जाएंगी। हमारी कामनाएं, इच्छाओं के कारण ही तो हमारा जन्म संसार में हुआ है। इच्छाओं के कारण हमारा अन्तर्मन मलीन रहता है। संसार का कोई प्रारब्ध पुरुषार्थ से इच्छा पूर्ति केवल भगवान से ही पूर्ण कर सकते हैं। अपना वही जो साथ ना छोड़े, जो अपने नहीं वह कभी साथ नहीं रहते। प्रभाव से ही प्रेम होगा। दुष्ट स्वभाव वालों से प्रेम नहीं होता। भगवान ही हमारे अपने हैं। किसी भी परिस्थिति में वह जीव का परित्याग नहीं करते। जिस जीव का अंगीकार कर लेते हैं उसको किसी सूरत में नहीं छोड़ते। भगवान भक्त संबंध को देखते हैं।जो अपने वास्तविक रूप को छिपा ले, वही पुतना। पुतना ने श्रीकृष्ण को विषेला दुध पिलाया । दूध पिलाने वाली गाय को जो गति मिलनी चाहिए वह श्री कृष्ण भगवान ने पुतना को प्रदान कर दी। कथाएं करण रमय मनोयश सर्वश्रेष्ठ रस औषधि है। भगवान शुकदेव कथाओं के वैध है। जो जहां है वहीं से कथा सुने उसका भगवान की ओर बढ़ता तय। कथा आयोजन में महामंडलेश्वर केशवानंद महाराज, ब्रह्मचारी आनंद स्वरूप सरस्वती महाराज, स्वामी विज्ञानंद महाराज, ट्रस्टी आरके टंडन, कंवर सेन गोयल, जियालाल, जितेंद्र, राजीव गुप्ता आदि मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# मंदौड और सिखेड़ा में 52 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/जानसठ।** बिजली विभाग ने जनपद में बिजली चोरी रोकने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। आज आशुतोष सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड जानसठ मुजफ्फरनगर व चंदन कुमार चौबे उपखण्ड अधिकारी विद्युत नगरीय वितरण उपयखण्ड-जानसठ के नेतृत्व में विजिलेंस व लोकल पुलिस बल के सहयोग से सिखेडा उपकेन्द्र से पोषित काटका एवं मंदौड में विद्युत चोरी अभियान चलाया गया। इस टीम में कई एसडीओ व जे ई और विजिलेंस टीमें शामिल रही।

गुरुवार को यह अभियान मुख्य रूप से उन गांवों में चलाया गया, जहां बिजली चोरी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। टीम ने सुबह-सुबह ही गांव नंगला मदौड व काटका में पहुंचकर छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान 52 घरों में एक कमर्शियल बिजली चोरी करते हुए कुल 53 जगह चोरी करतें हुए लोग पकड़े गए। बिजली चोरी करते पाए गए लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की गई है।

विभाग ने सभी दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। एक्सईएन अभिषेक ने बताया कि बिजली चोरी एक अपराध है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि जो लोग अपने पुराने बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। इस दौरान जानसठ विद्युत विभाग के एसडीओ चंदन चौबे एसडीओ मीरापुर ख्रषण मोहन जे ई पंकज शाह, जेई संजय कुमार, अनिल कुमार संजीव कुमार सतीश कुमार रविश कुमार रामलाल आदि स्टाफ के साथ इस अभियान में शामिल रहे।

# किसान सभा का किया गया सफल आयोजन

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक परिसर में स्थित समिति परगना के सभागार में नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान सितंबर 2025 के अंतर्गत एक किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। यहां युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा भी उपस्थित रहे।

सभा में मुख्य अतिथि एडीओ परविंदर सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र सहरावत, उपसभापति मुकुल मित्तल, इफको के डीजीएम अरविंद कुमार ढाका, क्षेत्राधिकारी ईवर सिंह एवं एसएफए सक्षम सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में डीजीएम अरविंद कुमार व क्षेत्राधिकारी ईवर सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से होने वाले नुकसानों के प्रति किसानों को



जागरूक किया। उन्होंने इफको के नैनो यूरिया प्लस, प्लस नैनो, डीएपी नैनो, जिंक नैनो, कॉपर सादरी व बायो फर्टिलाइजर सहित अन्य उत्पादों के लाभ उपयोग की विधि समझाई और साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण की आवश्यकता विधि और पैरामीटर के बारे में भी बतलाया। उन्होंने इफको द्वारा नैनो उर्वरकों पर उपलब्ध रुपए 10 हजार रुपये दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी। इफको जल विलय उत्पादों एवं नेचुरल द नेचुरल पोटाश की उपयोग विधि एवं लबों से अवगत कराया।

## सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए हुई विशेष बैठक

**बुढ़ाना।** गांव मदीनपुर खिज़रपुर में स्वयंसेवी सामाजिक संस्था आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के संस्थापक इंजि. नियर मौहम्मद अरशद शाह के ऑफिस पर बीती बुधवार की देर रात एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्व समाज में फैली हुई विभिन्न सामा. जिक कुरीतियों को जड़ से ही समाप्त करना और लोगों को जागरूक बनाना था। इस खुली बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही समाज को सही दिशा में ले जा सकती है। ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मोहम्मद अरशद शाह ने सभी लोगों से आह्वान किया कि हम सभी को मिलकर सामा. जिक बुराइयों के खिलाफ एक अभियान चलाना होगा। यह भी निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम करेगा।

# मुस्लिमों की चुप्पी, 2027 को लेकर पशोपश में भावी उम्मीदवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव मे हालांकि अभी सवा साल से ज्यादा समय बचा हुआ हे लेकिन 2027 के विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले भावी उम्मीदवारों ने अपनी अपनी गोट बिछानी शुरू कर दी है और कुछ भावी प्रत्याशी तो क्षेत्र मे सक्रिय भी हो चुके हेस 2022 मे विधानसभा चुनाव मे चरथावल विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी पकज मलिक ने भाजपा प्रत्याशी सपना कश्यप को हराकर जीत दर्ज की थी।

सपना कश्यप को जहाँ भाजपा प्रत्याशी के रूप मे नब्बे हजार वोट मिले थे वही सपा, रालोद के गठबंधन प्रत्याशी पकज मलिक को 95000 हजार वोट मिले थे जिस कारण पकज मलिक पांच हजार वोटो से जीत गए थे अब प्रदेश मे जहाँ रालोद लोकसभा चुनाव मे भाजपा के साथ चली गयी थी। वही प्रदेश मे सपा कांग्रेस का गठबंधन था और सपा कांग्रेस दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश मे लोकसभा का चुनाव लड़ा था जिसमे सपा को लोकसभा की करीब 37 सीटे और कांग्रेस को छ सीटे मिले थी जोकि सपा का आज तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है और उत्तर प्रदेश मे सपा कांग्रेस गठबंधन को लोकसभा चुनाव मे अपार सफलता मिली थी और उत्तर प्रदेश मे बसपा को एक भी लोकसभा सीट नहीं मिली थीस हालांकि बसपा को चौदह प्रतिशत के करीब वोट मिला था यह वोट प्रतिशत बसपा की एक लोकसभा सीट न मिलने पर भी बहुजन समाज पार्टी की मजबूती को दर्शाता हेस अब ज़ब बसपा 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बहुत सक्रिय हे और 2027 मे प्रदेश मे सरकार बनाने के दावे कर रही हे और पिछले चुनावों के आकंडो पर नजर डाले तो हमें पता चलता हे की दलित वोटो पर आज भी बसपा मजबूत पकड़ बनाए हुए है। हालांकि जिला पंचायत चुनाव मे जरूर दलित वोटो का एक बड़ा हिस्सा आजाद समाज पार्टी को गया था जिसमे आजाद समाज पार्टी के काफ़ी जिला पंचायत सदस्य जीते थे अब चरथावल विधानसभा सीट पर आजाद समाज पार्टी से रंजनवीर सिंह ने मजबूत दावेदारी कर दी हे वही सपा के मौजूदा विधायक पकज मलिक भी सक्रिय हे और रालोद के पत्ते अभी साफ नहीं हे की वह किसके गठबंधन मे रहेगी और बसपा के भी कई उम्मीदवार सक्रिय है और क्षेत्र मे मुस्लिम समाज के मतदाताओं की चुप्पी भावी उम्मीदवारों की धडकने बढ़ा रही हे और मुस्लिम समाज का रुख अभी साफ सा नहीं हो रहा हे मुस्लिम समाज कुछ अबकी बार सपा से भी दुरी बनाता नजर आ रहा हे जिससे यहां पर कोई भी समीकरण बन सकता है जिसका भविष्य उम्मीदवार आंकलन करते नजर आ रहे है।

# तारीख पर आए सभासद से बंदर ने मोबाइल छीना

**बुढ़ाना।** मुजफ्फरनगर शहर के एक सभासद का एक कीमती मोबाइल फोन एक उत्पाती बंदर ने उस समय तेजी से झपटा मारकर छीन लिया जब वह किसी से बात कर रहे थे। एक आरक्षी ने कड़ी मेहनत कर मोबाइल बंदर से वापस लिया और सभासद नौशाद को सौंप दिया। मुजफ्फरनगर शहर के मौहल्ला खालापार के निवासी सभासद नौशाद कुरेशी बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित सिविल कोर्ट में किसी एक मुकदमे की तारीख लेने आए थे। दोपहर 1 बजे उनके मोबाइल पर किसी की काल आई तो वे सिविल कोर्ट के बाहर बात करने लगे। तभी एक उत्पाती बंदर ने सभासद को डराकर उनका मोबाइल छीन लिया और तहसीलदार आवास की छत पर चढ़ गया। सभासद ने बंदर से अपना मोबाइल फोन मांगा तो वह छतों के रास्ते कहीं का कहीं निकल गया। परेशान सभासद ने किसी मुलजिम को मुजफ्फरनगर जेल से पेशी पर लेकर कोर्ट में आए दारोगा रमित कुमार को इसकी जानकारी दी तो पुलिस बंदर को ढूंढने लगी। कडी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने बंदर को एसडीएम न्यायालय के पास पहुंचकर खोज निकाला और बंदर की काफी मान मनोव्वल की तो बंदर ने मोबाइल फोन फैंक दिया और चला गया। सिपाही ने मोबाइल जमीन से उठाकर सभासद को दिया तो सभासद की जान में जान आई और उन्होंने इसके लिए पुलिस का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान यहां पर दर्जनों लोगों की भीड़ जमा रही जिन्होंने बंदर के साथ खूब चटखारे लिए।

# मंत्री ने आपदा के घायल को मुकेश जैन के भर्ती कराया समाज हुआ संतुष्ट : मोहन प्रजापति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने बताया हे कि जिस तरह वैष्णो देवी भूस्खलन आपदा के पीड़ित परिवारों की राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पहले आर्थिक मदद की वही गंभीर घायल रामपुरी शाहबुद्दीनपुर निवासी अजय प्रजा. पति को स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने खुद जिले के शीर्ष डॉक्टर मुकेश जैन के यहां ले जाकर भर्ती कराया।

यह एक सराहनीय कार्य हे जिसकी पूरा समाज मंत्री के इस कार्य की सराहना कर रहा हे वहीं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पीड़ित परिवारों से मिल कर कहा हे कि अगर बच्चों की पढ़ाई में दिक्कत परेशानी आती हे तो वह स्वयं पीड़ित परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का काम करेंगे साथ ही मोहन प्रजापति ने पीड़ित परिवारों की मदद करने वाले संभी समाजसेवियों वे जनप्रतिनिधियो का आभार जताया और कहा कि यह मदद इंसानियत की मदद हे और कहा कि कपिल देव अग्रवाल ने इन परिवारों के लिए अलग ही सोचा हे समाज उनके कार्य से संतुष्ट हुआ हे उन्होंने मानवता की मिसाल कायम की हे साथ ही उन्होंने मांग की हे सरकार सभी पीड़ित परिवार के एक एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे जिससे इन परिवारों के भरण पोषण की अच्छी व्यवस्था हो सके।

# लाइब्रेरी को मौलाना मदनी के नाम पर रखने की मांग

**बुढ़ाना।** कस्बे के कई संभ्रांत लोगों ने बृहस्पतिवार को नगर पंचायत बुढाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी को एक ज्ञापन देकर मांग करते हुए कहा कि कस्बे में नगर पंचायत द्वारा निर्मित हो रही नई लाइब्रेरी का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रसिद्ध आलिम ए दीन हज़रत मौलाना सैय्यद हुसैन अहमद मदनी के नाम पर रखा जाए। ज्ञापन में लिखा है कि यह लाइब्रेरी कस्बे के शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

ऐसे में इसका नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी जैसी महान शख्सियत के नाम पर रखा जाना नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा। मौलाना मदनी का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सुनहरे पन्नों में दर्ज है। उन्होंने 1920 के खिलाफ़ ए तहरीक, 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भाग लिया। अंग्रेज़ सरकार ने उनकी आवाज़ दबाने की कोशिश की और उन्हें करीब 18 वर्ष तक जेलों में कैद रखा। मौलाना हमेशा हिंदू मुस्लिम एकता और गंगा जमुनी तहज़ीब के पैरोकार रहे। उन्होंने कहा था कि हिंदू व मुस्लिम भारत की 2 आंखें हैं और आज़ादी तभी मिलेगी जब दोनों मिलकर क़ुर्बानी देंगे। इसके अतिरिक्त मौलाना मदनी दारुल उलूम देवबंद के प्रख्यात शिक्षक रहे और उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा देकर समाज और मुल्क की सेवा की। केंद्र सरकार ने भी उनकी सेवाओं को मान्यता देते हुए 29 अगस्त 2012 को 5 रूपये मूल्य का डाक टिकट जारी किया था। समाजसेवी मौहम्मद आसिफ़ कुरैशी ने कहा हम लोगों ने नगर पंचायत चुनाव में




भरपूर वोट दिया है। हमें उम्मीद है कि हमारी यह मांग अवश्य पूरी की जाएगी और नगर पंचायत अध्यक्षा हमारी भावनाओं का सम्मान करेंगी। हमें उम्मीद है यहां जो भी सभासद मौजूद हैं वे भी इसका पूर्ण समर्थन करें। अगर इस निर्माणाधीन लाइब्रेरी का नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी लाइब्रेरी रखा जाता है तो यह न केवल कस्बे बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात होगी। लोगों ने चेयरपर्सन से इस ऐतिहासिक व सराहनीय निर्णय की अपेक्षा की। यहां तौसीफ राही, नौशाद काला पूर्व सभासद, अल्ताफ कुरैशी, हाजी फुरकान कुरैशी, आसिफ शरीफ, मन्नू कुरैशी व शाहिद कुरैशी आदि मौजूद थे।

## रालोद नेताओं ने विधायक मदन भैया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**खतौली। राष्ट्रीय** लोकदल के लोकप्रिय विधायक मदन भैया का जन्मदिवस नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर अध्यक्ष नौशाद मनी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक मदन भैया का जन्मदिन मनाकर उन्हें दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दीं। नगर अध्यक्ष नौशाद मनी ने कहा कि विधायक मदन भैया राजनीति के साथ-साथ जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन के मौके पर केक काटकर खुशी का इजहार किया और विधायक की लंबी उम्र की दुआ की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक मदन भैया की सादगी, सेवा भावना और जनहित में सक्रिय भूमिका सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में कपिल मोतला, समेत वार्ड सभासद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस व एसओजी टीम ने 25 हजार का इनामी पकड़ा



## मुठभेड़ के बाद हुई गिरफ्तारी, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार देर रात्रि एसओजी टीम एवं शहर कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गैंगस्टर अधिनियम में वांछित 25 हजार के ईनामी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ है, जिसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए।

बुधवार देर रात्रि एसपी एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम के लिए अभियान में एसओजी टीम व शहर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर अधि. नियम में वांछित 25 हजार रूपए के ईनामिया अभियुक्त समीर पुत्र बारू निवासी मौहल्ला गुलशननगर थाना कोतवाली शामली को कंड़ेला बाईपास पुल के पास से पुलिस मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। जिसकी तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारत. ूस, 3 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक बिना नंबर की बाइक बरामद की है। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी शामली में भर्ती कराया, जहां से उसको उपचार के बाद गुरूवार को जेल भेज दिया गया।

# तीसरे दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे में चल रहे मेला गुलाल के अवसर पर रविवार को आयोजित तीसरे दंगल ने लोगों को खूब रोमांचित किया। अखाड़े में उतरे नामी-गिरामी पहलवानों ने अपने दमखम और दांव-पेच से दर्शकों का दिल जीत लिया। दंगल देखने के लिए कस्बे ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी हजारों की भीड़ दंगल देखने के लिए उमड़ी।सबसे आकर्षक मुकाबले में हरियाणा के विक्की पहलवान और कैराना के नसीम पहलवान आमने-सामने हुए। जबरदस्त मुक. ाबले के बाद नसीम ने जीत दर्ज कर ₹2100 का इनाम जीता।दूसरे बड़े मुकाबले में बदरखा के सत्यम पहलवान और गंगोह के जावेद पहलवान ने शानदार प्रदर्शन किया। यह कुश्ती बराबरी पर समाप्त हुई और दोनों को ₹2100 का इनाम दिया गया।इसी तरह बदरखा के रौनक पहलवान और गंगोह के बाबर पहलवान के बीच हुए मुकाबले में बाबर ने जीत हासिल कर रु. 1500 का इनाम पाया।

वहीं, लुहारी के अजहर पहलवान और बदरखा के आकाश पहलवान का मुकाबला बराबरी पर छूटा और दोनों को रु. 1100 का इनाम मिला।इसके अलावा जलालाबाद के जाकिर पहलवान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छापरोल्ली के पिंटू पहलवान को मात दी और ₹2100 का इनाम अपने नाम किया।अंतिम कुश्ती गंगोह के अंसार पहलवान और दिल्ली के काला पहलवान के बीच हुई, जो बराबरी पर रही। दोनों को ₹1100 का इनाम दिया गया।दंगल शुरू होते ही अखाड़े के चारो ओर उत्साह और जोश चरम पर पहुंच गया। दर्शकों ने हर दांव पर तालियों से पहलवानों का हौसला बढ़ाया। आयोजकों ने विजेता और बराबरी पर रही कुश्तियों में भाग लेने वाले पहलवानों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेला गुलाल में लगने वाला यह दंगल वर्षों पुरानी परंपरा है जो निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर अनीस कुरैशी,सऊद राणा,सगीर राणा, नावेद राणा, रिजवान राव, इसराइल राणा, साजिद मलक, सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# जैन मुनि ने आत्मा की शुद्धि पर दिया संदेश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को जैन धर्मशाला में मुनि विव्रत सागर मुनि. राज का प्रवचन आयोजित हुआ। प्रवचन का केंद्र बिंदु आत्मा की प्रकृति, उसके शुद्धिकरण का मार्ग, सच्चे भगवान का स्वरूप तथा श्रद्धा का महत्व रहा।

मुनिराज ने कहा कि आत्मा जल के समान है, जो स्वयं न तो पवित्र है और न ही अपवित्र, बल्कि वह जिस स्थान से जुड़ती है उसका स्वरूप धारण कर लेती है। भगवान के चरणों में अर्पित जल पवित्र हो जाता है, जबकि अशुद्ध स्थान पर गिरा जल मलिन हो जाता है। उसी प्रकार आत्मा भी समर्पण के आधार पर पवित्र या अपवित्र बनती है। उन्होंने बताया कि आत्मा के लिए दो मार्ग हैं भवमूर्ति और योगमूर्ति। भवमूर्ति अर्थात शरीर की उपासना आत्मा को जन्म-मरण के चक्र में भटकाती है, जबकि योगमूर्ति अर्थात राग-द्वेष रहित सच्चे देव या मुनिराज के प्रति समर्पण से आत्मा शुद्ध होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होती है। श्रद्धा को आत्मा का आधार बताते हुए मुनिराज ने कहा कि जैसे मिठास के बिना शक्कर का अस्तित्व नहीं, वैसे ही श्रद्धा के बिना आत्मा का अस्तित्व नहीं। उन्होंने चेताया कि संसारिक भोगों में शंका उतनी हानिकारक नहीं होती, जितनी सच्चे देव-शास्त्र-गुरु के प्रति उत्पन्न शंका।

श्रद्धा को मजबूत करने के लिए देव-शास्त्र-गुरु पर अटल विश्वास आवश्यक है। प्रवचन के दौरान मुनि. राज ने सच्चे भगवान के 18 दोषों से रहित स्वरूप का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान न भोजन करते हैं, न रोगी होते हैं, न कभी बूढ़े होते हैं और न ही जन्म-मरण के चक्र में पड़ते हैं। वे निर्भय, अभिमानरहित, वीतराग, सर्वज्ञ और सदैव जागृत रहते हैं। सांसारिक शोक, चिंता, खिन्नता, पसीना, निद्रा आदि उनसे कोसों दूर रहते हैं। मौके पर भूषण लाल जैन, डा। अनीता जैन, अरविन्द जैन, अनिल जैन, सरोजबाला जैन, आशा जैन, प्रदीप जैन, रेखा जैन आदि मौजद रहे।

## अब आजमगढ़ में खेलेंगे कॉलेज के छात्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के तीन छात्रों का चयन राज्य स्तर पर होने से कॉलेज में खुशी का माहौल है। लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन में आयोजित माध्यमिक विद्यालयों की वॉलबॉल खेल प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर रोमांचकारी खेल का प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के छात्र विजेता बन कर उभरे। अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कॉलेज पहुंचने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों वंश, राजा एवं देव राणा को फूल माला एवं मेडल पहना कर सम्मानित किया। आगामी प्रतियोगिता में विजेता होने की शुभकामनाऐ देते हुए कहा कि कॉलेज के छात्र राज्य स्तर पर खेलने के लिए जा रहे हैं। यह गर्व का विषय है और हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में हमारे कॉलेज के छात्र छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित करेंगे। इस अवसर पर फूल कुमार, सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, मनोज शर्मा, अश्विनी, साकेत निर्वाल, प्रसून भार्गव, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, ज्योति तायल, नीतू अग्रवाल, अंजलि जैन, जौली गर्ग, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर के बाहर बंधा भैंसा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हरड़ फतेहपुर में घर के बाहर बंधा करीब एक लाख रूपए कीमत का भैंसा अज्ञात चोर ले उड़े। घटना से गांव में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव हरड़ फतेहपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बुद्ध सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका भैंसा घर के बाहर बंधा हुआ था। देर रात अज्ञात चोर मौके का फायदा उठाकर भैंसा चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।भैंसा की ऊंची कीमत और मेहनत से पाले गए जानवर की चोरी से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

### पड़ोस के लोगों पर लगाया मोबाइल चोरी करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के कई लोगों पर उसका मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी नफीस ने बताया कि पीड़ित ने अपना एंड्रॉयड फोन चार्जिंग पर लगा रखा था पीड़ित का आरोप है कि उसके मोहल्ले के कई लोगों ने एक राय होकर उसका मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित ने जब मोबाइल चोरी होने पर शक जाहिर करते हुए उक्त लोगों से मोबाइल की मांग की तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने गुरुवार को थाने पर पहुंचकर अपने मोहल्ले के ही कई लोगों पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### रंजिशन वृद्ध दंपति के साथ मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में प्लांट विवाद को लेकर चल रही रंजिश के चलते कई लोगों ने वृद्ध दंपति के साथ मारपीट कर दी पीडित दंपति ने थाने पहुंच कर तहरीर देकर कारवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुक्का एंव उसकी पत्नी राज. ेश ने गुरुवार को थाने पहुंचकर बताया कि उनके मकान के बराबर में खाली प्लाट पड़ा हुआ है। प्लांट पर कई लोगों ने कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य कर दिया था जिसका विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद भी आरोपी आए दिन पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते भी है मारपीट करते रहते हैं। आरोप है कि गुरुवार को आरोपियों ने खाली पड़े प्लाट में निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया या पीड़ित व उसकी पत्नी ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसकी पत्नी राजेश को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडित दंपति ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि आरोपी मामले में समझौता करने का भी दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सरस्वती विद्या मंदिर की बालिकाओं ने विज्ञान मेला 2025 में नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित विभागीय विज्ञान मेला- 2025 में प्रतिभाग कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने बताया कि किशोर वर्ग पत्र वाचन में तनक ने प्रथम स्थान, तरुण वर्ग प्रश्न मंच में अनु , आंचल, पायल ने द्वितीय स्थान, वैष्णवी जैन ने जीव विज्ञान प्रयोगात्मक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैंसी सैनी ने भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक में प्रथम स्थान, दिव्यांशी जैन ने रसायन विज्ञान प्रयोगात्मक में द्वितीय, किशोर वर्ग में सादिया ने मॉडल प्रदर्श में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि प्रियांशी तायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुरूवार को विद्यालय आने पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार व समस्त विद्यालय परिवार ने बालिकाओं का उत्साह वर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी।

### हाईवे पर अंधेरा, बंद पड़ीं स्ट्रीट लाइटें

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे गाड़ी वाला चौक के निकट बने ऊपरीगामी पुल की दोनों ओर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले दस दिनों से बंद पड़ी हैं। इससे रात के समय वाहनों की आवाजाही के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही पुल पर घुप्प अंध. ेरा हो जाता है। तेज रफ्तार वाहन चालकों को सामने से आने वाली गाड़ियों की रोशनी में चलना पड़ता है, जिससे हादसों की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा पुल से गुजरने वाले पैदल यात्री और साइकिल सवार भी भय के साए में सफर करते हैं। अफसर चौधरी, गफ्फार अली, लीलू भारद्वाज, प्रमोद कुमार, शौकीन सैफी और प्रवेश ने बताया कि एनएचआईए की ओर से करोड़ों की लागत से बने इस पुल पर लाइटें लगाई गई थीं, ताकि रात के समय लोगों को सुविधा मिल सके। मगर पिछले दस दिनों से लाइटें बंद रहने से यह सुविधा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

## एंटी रोमियो महिला पुलिसकर्मी ने चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** एंटी रोमियो महिला पुलिसकर्मी के द्वारा कस्बे के स्कूल-कॉलेज के बाहर जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को समाज में बढ़ती छेड़छाड़, उत्पीड़न और मनमानी हरकतों से बचने के उपाय बताए गए। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मी मिथिलेश के द्वारा छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि किसी भी अनुचित घटना के सामने आने पर चुप्पी नहीं साधनी चाहिए बल्कि सही समय पर पुलिस से संपर्क करना चाहिए। विशेष रूप से सभी छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सकेरू महिला हेल्पलाइन 1090, राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा नंबर 112, महिला सुरक्षा हेतु विशेष हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मी ने बताया कि इन नंबरों पर शिकायत करने से पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। साथ ही छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के आसान उपाय भी समझाए गए और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे मनचलों से सावधान रहें तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग बनें। उन्होंने कहा सुरक्षा आपका अधिकार है,चुप न रहें, तुरंत सूचना दें।कार्यक्रम में छात्राओं ने भाग लिया और पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। पुलिस टीम ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है और इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए कांधला की संस्था बनी उम्मीद की किरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ के दौरान कस्बे की सामाजिक संस्था स्टेपिंग स्टोन्स ट्रस्ट ने इंसा. नियत और भाईचारे की सच्ची मिसाल पेश की। ट्रस्ट की टीम ने राहत कार्यों के तहत लगभग दस बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। संस्था के द्वारा पीड़ित परिवारों तक राशन किट, आवश्यक वस्तुओं, आपातकालीन किट पहुंचाई गई। इसके साथ ही, टीम ने पीड़ितों का हौसला बढ़ाने का भी प्रयास किया। अभियान की सफलता में युवाओं की सक्रिय भागीदारी, स्थानीय सामाजिक संस्थाओं का सहयोग और भारतीय सेना का मार्गदर्शन अहम रहा। सामाजिक संस्था स्टेपिंग स्टोन्स ट्रस्ट के प्रतिनिधि मोहम्मद शादाब ने कहा पंजाब की धरती ने भाईचारे और इंसानियत का सबक सिखाया। हमारी कोशिश रही कि न सिर्फ राहत सामग्री पहुंचाई जाए, बल्कि पीड़ितों के दु:ख और दर्द में भी शरीक होकर उनका मनोबल बढ़ाया जाए। यह सेवा हमारा फर्ज और इंसा. नियत की जिम्मेदारी है।





# विद्युत पोल से तार चोरी कर ले गए चोर, किसानों में रोष

## घटनास्थल पर एएसपी सहित सीओ ने पहुंचकर किया निरीक्षण पुलिस कर्मियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव किवाना मोड पर आधा दर्जन से भी अधिक किसानों के खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तारों को चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। सैकड़ो मीटर हाई टेंशन लाइन का तार चोरी होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर विधुत विभाग सहित एएसपी, सीओ कैराना व थाना प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर जांच पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक विधुत विभाग के द्वारा मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

थाना क्षेत्र के किवाना मोड पर कस्बे के ही किसान वकील, हारून, तारिक, विनोद सैनी, नादिर, साजिद, नूर हसन, ताहिर, नाथीराम सैनी व बाबूराम के खेत स्थित है। सभी किसानों के खेतों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है। बुधवार की रात्रि में चोरों के द्वारा लगभग 1500 सौ मीटर हाई टेंशन लाइन के तारों को पोलो से काटकर चोरी कर लिया गया। गुरुवार की सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचे तो उन्हें विद्युत पोलों से हाई टेंशन लाइन के तार चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित किसानों ने मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से जानकारी हासिल की। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह व सीओ कैराना श्याम सिंह भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, और जांच पड़ताल की। एएसपी ने मौके पर मौजूद सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह से जमीन पर पड़े विद्युत पोल पर कटे हुए तारों के अवशेषो को कब्जे में लेने व विद्युत पोलों के नंबर भी नोट करने के निर्देश दिए।

एएसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने विद्युत पोलो के नंबर नोट करने के साथ ही विद्युत पोलों से कटे तारों के अवशेष अपने कब्जे में लिए और थाने ले आए। पीड़ित किसानों ने पुलिस के विरुद्ध रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया और चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। किसानों का कहना है की तार चोरी हो जाने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि विद्युत विभाग के द्वारा स्थानीय थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई है। विद्युत विभाग का थाना अलग बना है। विद्युत विभाग के अधिकारी अपने थाने में ही तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

## ज्वेलर्स व्यापारी के साथ मारपीट, व्यापारियों में रोष, कार्रवाई की मांग

**कांधला।** कस्बा निवासी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि उसने कस्बे के जैन स्थानक के समीप सिद्धार्थ ज्वेलर्स के नाम से अपनी दुकान खोल रखी है। पीडित का आरोप है कि उसकी दुकान पर एक युवक महिला के साथ पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित ने आरोपी से अपने उधार रूपए मांग लिए तो आरोपी आग बबूला हो गया और देखते ही देखते पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी।

शोर शराबा की आवाज सुनकर पड़ोस के व्यापारी भी मौके पर आ गए व्यापारियों ने पीड़ित की जान बचाई। आरोपी ने जाते-जाते पीड़ित को जान से मारने की धमकी और उसकी दुकान को आग के हवाले करने के साथ उसके बच्चों को अनाथ करने की भी धमकी दी है। व्यापारी के साथ हुई मारपीट की घटना से अन्य व्यापारियों में रोष फैल गया। पीड़ित व्यापारी ने थाने पर पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है,पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# लायंस क्लब ने श्मशान घाट पर कराई बेंचों की व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजसेवा और मानव कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लायंस क्लब शामली क्राउन ने अपने 24वें स्थापना दिवस को विशेष रूप से सेवा कार्यों के लिए समर्पित करते हुए एक सराहनीय पहल की। क्लब द्वारा ऊन स्थित श्मशान घाट पर चार बेंचों की स्थापना की गई, जिससे वहां अंतिम संस्कार हेतु आने वाले शोकाकुल परिवारजनों और आगंतुकों को बैठने की सुविधा मिल सकेगी। यह कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं और सेवा भावना की जीवंत मिसाल है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊन से ऋषिपाल गोयल रहे, जिन्होंने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्य वास्तव में अनुकरणीय हैं। श्मशान घाट पर बेंचों की स्थापना अत्यंत संवेदनशील व उपयोगी कदम है, जिससे अनेक परिवारों को राहत मिलेगी।

इस सेवा कार्य एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन लायन निधि गोयल ने किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल ‍द्धएडवोकेटऋ, सचिव लायन आशीष गोयल, कोषाध्यक्ष लायन तरुण जैन, क्लब प्रवक्ता लायन अंकित जैन, एवं संस्थापक अध्यक्ष लायन संजय संगल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लायन अनूप तायल, लायन रूपेश गुप्ता सहित क्लब के अन्य वरिष्ठ पदा. धिकारी एवं सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस सेवा कार्य में सहयोग दिया और समाज को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

क्लब अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल एडवोकेट ने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब का मूलमंत्र है ‘सेवा ही सम्मान’ और इसी उद्देश्य के साथ यह क्लब पिछले 24 वर्षों से लगातार समाज के लिए कार्य कर रहा है। श्मशान घाट पर बैठने की सुविधा का न होना एक गंभीर समस्या थी। आज इन बेंचों की स्थापना से शोकग्रस्त परिजनों को कुछ सुविधा अवश्य मिलेगी। यह कदम छोटा जरूर है, लेकिन समाज के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।

क्लब प्रवक्ता लायन अंकित जैन ने जानकारी दी कि लायंस क्लब शामली क्राउन हमेशा ही सामाजिक एवं मानवीय गतिविधियों में आगे रहता है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखकर उसे समाज सेवा के कार्यों से जोड़ना ही क्लब की असली पहचान है। क्लब भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामा. जिक विकास के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संस्थापक अध्यक्ष लायन संजय संगल ने कहा कि 24 वर्ष पहले जिस भावना से क्लब की नींव रखी गई थी, आज भी वही सेवा-भावना सभी सदस्यों के हृदय में जीवित है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से आ]वान किया कि वे समाज के हर तबके तक पहुंचकर ऐसे कार्यक्रम करते रहें, जिससे वास्तव में जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके। क्लब द्वारा की गई इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने भी भूरि-भूरि प्रशंसा की। उपस्थित लोगों ने कहा कि श्मशान घाट जैसे संवे. दनशील स्थल पर ऐसी सुविधा अत्यंत आवश्यक थी, और लायंस क्लब ने इसे पूरा कर समाज के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने पुन: समाज सेवा के संकल्प को दोहराया और यह तय किया कि लायंस क्लब शामली क्राउन आने वाले समय में भी सेवा कार्यों की नई मिसालें कायम करता रहेगा।

# बकाएदारों के कनेक्शन काटे, डेढ़ लाख वसूले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत विभाग द्वारा बिल बकायेदार उपभोक्ताओं और विधुत चोरी करने वालों के विरुद्ध बेहट एसडीओ के निर्देशन मे टीम ने कसबे की इंद्रा कालोनी में विद्युत बकायादारों के कनेक्शन काटे गए। करीब डेढ़ लाख रु उपभोक्ताओं के बिलों का वसूला गया। विभाग द्वारा की जारही कार्यवाही से ग्रामीणों में हड़कंप मचा।

बेहट सर्किल के विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार के निर्देशन मे एस डीओ बृज मोहन तथा जेई जितेन्द्र कुमार भटनागर ने विद्युत कर्मचारियों विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं एवं विधुत चोरों को रोकने के लिए कस्बे मोहल्ला इंद्रा कालोनी सड़कपार आदिमोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया गया। छापामारी कार्यवाही मे करीब 5 लाख 50 हजार रु बकायादार 23 उपभोक्ताओं कनेक्शन काटे गए है और बकायादार 32 विद्युत उपभोक्ताओं से डेढ़ लाख रु बिलों के रूप में वसूले गए है।बेहट उपखण्ड अधिकारी बृज मोहन ने बताया कि चेकिंग के दौरान 23 विद्युत उपभोक्ताओं से बिलों के करीब 1लाख 50 हजार रु जमा कराए गए है उन्होंने बताया कि जांच अभियान के अंतर्गत लगभग 150 कनेक्शन चेक किए गए हैं



इस के साथ ही उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है विधुत चोरी करना एक कानूनी अपराध है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अपना बकाया बिलो का समय पर जमा करे। चेकिंग टीम में नोडल अधिकारी मनोज कुमार, अनिल शर्मा, विशाल, अकरम मालिक, शक्ति राणा, आशु, संदीप कांबोज, आदि विद्युत कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण दिया

**नागल।** स्थानीय खंड विकास कार्यालय सभागार में ग्राम पंचायत को विकसित करने के उद्देश्य से पंचायत राज विभाग के द्वारा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिवों को पीड़ीआई तथा एलएसडीजी का एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत डेवलप होकर हर क्षेत्रवासी आत्मनिर्भर बने और गांव में होने वाले विकास के प्रत्येक बिंदु के दृष्टिगत उसका अंतिम छोर तक विकास किया जाए। उन्होंने महिलाओं की स्वावलंबिता पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में महिलाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाए जा रहे सहायता समूह को और भी मजबूत एवं शक्तिशाली बनाया जाए। प्रशिक्षण में मोनिका, सोनिया, ग्राम सचिव नैन सिंह सैनी, रविंद्र सिंह, प्रियांशु कुमार, आशीष कुमार, अरविंद कुमार, अजब सिंह, राजेश्वर सैनी, राजीव कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज, राजवीर मौजूद रहे।

# पीड़ितों को दिलाएंगे न्यायः आशु मलिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। दिल्ली के एक धार्मिक स्थल पर सऊदी अरब से उमरा कर दिल्ली एयरपोर्ट से लौट रहे मुस्लिमों के साथ हुई घटना पर सपा देहात विधायक आशु मलिक ने गहरा दुख जताते हुए पीडित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभवन न्याय व मदद का भरोसा दिलाया।



देहात विधायक आशु मलिक आज नगर के मानकमऊ पहुंचे। जहां उन्होंने उन पीडित परिवारों से मुलाकात की। जिनके साथ दिल्ली के एक धार्मिक स्थल पर कुछ लोगों द्वारा उनके द्वारा अपमानजनक व्यवहार किया गया। उन्होंने विधायक आशु मलिक को बताया कि वह सऊदी अरब से उमरा कर दिल्ली पहुंचे थे, जहां वह सब एक कार में सवार होकर दिल्ली एयरपोर्ट से अपने गांव मानकमऊ लौट रहे थे। उनका आरोप था कि दिल्ली मे एक धार्मिक स्थल के बाहर कुछ लोगों द्वारा झूठे आरोप लगाकर उनके साथ अपमान. जनक व्यवहार किया गया, जबकि उनके द्वारा कोई भी ऐसा काम नहीं किया गया था जिससे किसी की धार्मिक स्थल की आस्था को ठेस पहुंचे।

पीडितों की आपबीती सुन विधायक आशु मलिक ने कहा कि दिल्ली में उनके साथ जो कुछ हुआ वह निंदनीय और पीडाजनक है और इस मामले में वह सरकार के समक्ष यह बात रखेंगे, ताकि किसी दूसरे के साथ इस तरह की कोई घटना न हो सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह पीडितों के साथ है और उन्हें न्याय दिलाकर रहेगी।

# पूर्व थानाध्यक्ष व पत्नी समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की जमीन हड़पने के आरोप में थाना मिर्जापुर के तत्कालीन इंचार्ज एवं उसकी पत्नी सहित दो तथाकथित अधिवक्ताओं के खिलाफ बेहट थाना पुलिस के द्वारा कोर्ट के आदेशानुसार मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि बसपा के पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की जमीन के केयरटेकर क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी रोशनलाल ने न्यायालय के माध्यम से पूर्व में थाना मिर्जापुर के प्रभारी निरीक्षक रहे नरेश कुमार व उनकी पत्नी राजरानी समेत चार लोगों के खिलाफ बेहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**पूर्व एमएलसी की जमीन कब्जाने पर कोर्ट के आदेश पर कार्यवाही**

रोशनलाल का आरोप है कि नरेश कुमार ने पद का दुरुपयोग करते हुए पहले डरा धमकाकर उससे जमीन का बैनामा कराया और बाद में जमीन की कीमत के नाम पर बैनामे में लगाए गए 48 लाख के चैक का नकद भुगतान दर्शाते हुए चैक वापस लेने का कूटरचित शपथ पत्र तैयार करा लिया। रोशनलाल का कहना है कि थाना मिर्जापुर में पिछले दिनों तैनात नरेश कुमार व उनकी पत्नी राजरानी निवासी 239 मुकरपुर खेमा उर्फ बुखारा बिजनौर ने डरा धमकाकर उसकी जमीन का बैनामा कूट रचित दस्तावेज के माध्यम से करा लिया था। उसकी शिकायत पर थाना मिर्जापुर में वर्ष 2024 में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। शासन से भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि बैनामे में जमीन का भुगतान चेक से दर्शाया गया था। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद उसे डरा धमकाकर आरोपियों ने उससे स्टांप व कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए थे। शिकायत में लाभ लेने के लिए आरोपी ने थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव शाहपुर बांस निवासी नीटू व बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव गंदेवड़ निवासी बबलू कुमार से मिलकर स्टांप एवं कोरे कागजों पर शपथ पत्र तैयार कराए। इनमें बैनामें के समय दिए गए चेक वापस लेकर 48 लाख का नकद भुगतान करने की बात भी लिखी गई है। उधर इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी सतपाल सिंह भाटी का कहना है कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# पुलिस के देरी से पहुंचने पर मामला हुआ गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सफाई कर्मचारी व दुकानदार के बीच पैसे माँगने की लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर घटना होने के बावजूद दो घँटे तक पुलिस के न पहुँचने से मामला गम्भीर हो गया। बाद में कई थानों की पुलिस, पीएससी व उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुँच स्थिति को नियंत्रित किया।

बुधवार को शाम के समय सफाई कार्य के बाद सफाई कर्मचारी कैलाश ने सोहेल नामक दुकानदार से 30 रुपये माँगे जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई जो बाद में मारपीट में बदल गई और कैलाश को चोट लग गई। कैलाश ने अपने साथियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन पुलिस लगभग दो घँटे तक नहीं पहुँची जिससे मामला गम्भीर हो गया। सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा लाकर मौके पर डाल दिया और जमकर हंगामा किया। देर रात को चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान, सभासद प्रतिनिधि अमन वाल्मिकी व अन्य गणमान्य लोग दोनों पक्षों को शांत करते रहे। देर रात एक बार फिर दोनों पक्षो में कहासुनी हुई जिसमें आरोप है कि घर में घुस कर तोडफोड़ व हम्माद नामक युवक के साथ मारपीट की गई जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर कई थानों की फोर्स व उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुँच कर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना से नाराज सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा,चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने समझा बुझाकर हड़ताल निरस्त कराई। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। क्षेत्र के लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है घटना थाने से दो मिनट की दूरी पर हुई थी यदि पुलिस फौरन मौके पर पहुँच जाती तो विवाद इतना नहीं बढ़ता।

उधर पुलिस ने कैलाश पक्ष की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।





# हत्या का आरोप लगाते हुए बेहट तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट क्षेत्र के ग्राम आलमपुर कलां के दलित युवक का शव आठ सितंबर को एक आम के बाग में पेड़ पर लटका हुआ मिला था परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के विरुद्ध नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। जिसको लेकर भीम आर्मी जय भीम ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार की मांग की। चेतावनी दी गई है कि यदि शुक्रवार तक युवक के हत्यारों को नहीं पकड़ा गया तो थाने पर धरना प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाएंगे।

गुरुवार को मृतक युवक भोले के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी ना होने से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने भीम आर्मी जय भीम के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलमपुर निवासी दलित युवक भोला 6 सितंबर को अपने घर से लापता हो गया था और 8 सितम्बर को गांव के पास से ही उसका शव एक पेड़ पर लटका मिला था। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए दो युवतियों सहित पांच लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी थी। पुलिस पर हत्यारो. पितों को गिरफ्तार ना किए जाने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों ग्रामीण भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम की अगुवाई में तहसील मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी को ज्ञापन सौंपते हुए हत्यारोपितों को तुरंत गिरफ्तार किए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम ने चेतावनी दी कि यदि गुरुवार शाम तक हत्यारोपितों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो शुक्रवार की सुबह कोतवाली बेहट पर आंदोलन किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से राजन गौतम,सचिन, राजेश भरावड, आशु आलमपुर, विक्की टोपरी आदि सहित सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुष मुख्य रूप से शामिल थे।




# पुलिस ने पांच वारंटी किए गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे वारंटी आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 5 वारंटियों को गिरफ्तार किए है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किए है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि न्यायालय से गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अजय कुमार पुत्र सुक्कड़ निवासी गांव टटोल, कलीम पुत्र सलीम निवासी खिसका भटकववा, गुलजार पुत्र अब्दुर रहमान, निवासी गांव खिड़का भटकववा, बुरहान पुत्र सुभान पठान निवासी मोहल्ला पीपल तला कस्बा बेहट,फरमान पुत्र बुद्धू निवासी गांव पठानपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर को उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किए गए है। गिरफ्तार हुए आरोपितों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए। न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहे है। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम मे सब इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार, करन नागर, अरुण कुमार, तोता राम आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## टीम का चयन

**सहारनपुर।** आगामी 17 से 20 सितम्बर तक खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में होने वाली प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल बालक प्रतियोगिता के लिए मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन किया गया जिसमें मंडलीय टीम का चयन किया गया।

चयनित खिलाड़ियों में त्रिलव, मोन्टी, अल्तमश, दिव्यांश, अरहान, पवन, अर्श, राम सैनी, अरहम, अब्दुल्ला, अल्तमश, अबुजर (सभी सैंट मेरी स्कूल सहारनपुर) का चयन किया गया है। जबकि आरक्षित खिलाड़ी के रूप में वाजिद, नाविद, भव्य त्यागी, वंश टीम रखा गया है। चयन प्रक्रिया क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा की देखरेख में सम्पन्न हुई। खिलाड़ियों के चयन का कार्य रामकुमार सिंह (सचिव, जिला बास्केटबाल संघ सहारनपुर) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अब्दुल रहमान (बास्केटबाल कोच, सेन्ट मेरी स्कूल) भी उपस्थित रहे।

# त्रिदिवसीय रायल उत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** रोटरी क्लब द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय रायल उत्सव विद्यालयों के बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हो गया।

रायल उत्सव कार्यक्रम का समापन समारोह का शुभारंभ रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश, पूर्व कैराना सांसद प्रदीप चौधरी, रायला डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन टीना विर्क, असिस्टेंट गवर्नर नरेंद्र तायल, जिला चौंपियन मुजीब ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। डीजी ने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए किया गया ये कार्यक्रम, निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल करेगा।घ पूर्व सांसद ने कहा कि रोटरी क्लब पिछले लगभग 40 वर्षों से निरंतर, क्षेत्र के बच्चों को एक ऐसा बड़ा मंच प्रदान कर रहा है जिसके माध्यम से बच्चे, प्रादेशिक एवं देश स्तर पर गंगोह नगर का नाम रोशन कर रहे हैं।



डिस्ट्रिक रायला चेयरमैन ने संस्था के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए,कार्यक्रम को सफलता का पर्याय बताया।घ कार्यक्रम में पिछले दिनों आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। स्वदेशी का प्रयोग, जल बचाव, पॉलीथिन वर्जन एवं बेटी सुरक्षा पर उपस्थित अपार जनसमूह को शपथ दिलाई।घ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य जूनियर-सीनियर वर्ग, फैशन शो, लघु नाटिका व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी शानदार अभिनय और नृत्य कला प्रस्तुत की फैशन शो में प्रथम स्थान कृष्ण इंटरनेशनल स्कूल की श्रेया व दिलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज की रमसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

लघु नाटिका में प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान जबकि दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल जबकि दूसरा स्थान दिलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य जूनियर में प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की अनिका ने प्रथम व दिलीप सिंह राष्ट्रीय इंटर कालेज की काफी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

एकल नृत्य सीनियर वर्ग में दिलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या की छात्रा तमन्ना ने प्रथम स्थान जबकि सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल की छात्रा अनजोत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों में रोटरी सदस्य, रोटरी एनीज व बाहर से आए हुए विशिष्ट अतिथिगण शामिल रहे। रोटरी अध्यक्ष विकास सिंघल ने प्रतियोगिताओं में शामिल विद्यालयों के सहयोग के प्रति आभार जताया, विजेता बच्चों व उन सभी बच्चों को जिहवाने प्रस्तुति दी मगर जीत नहीं सके। ऐसे सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन विनीत अग्रवाल, अमित व रीना गर्ग ने किया।

# व्यापारी के गल्ले से उड़ाई नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** दिनदहाड़े बाजार में एक व्यापारी की दुकान के गल्ले से किसी ने पचास हजार रुपए की गड्डी साफ कर दी। घटना का पता लगाने को अब पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

व्यापारी विजेंद्र कुमार ने बताया गुरुवार दोपहर कोई व्यक्ति उसे पचास हजार रुपए की नकदी देकर गया था। वह गड्डी लेकर गल्ले में रख ली। दोपहर का समय होने के कारण व्यापारी गद्दी के बराबर में पड़े तख्त पर लेट गया। इसी दौरान उसकी आंख लग गई। किसी ने मौके का फायदा उठाते हुए व्यापारी के गल्ले से पचास हजार रुपए की गड्डी उठा ली और गायब हो गया। थोड़ी देर बाद जब व्यापारी ने किसी ग्राहक को सामान दिया और पैसे गल्ले में रखना चाहे तो देखा कि गले में नोटों की गड्डी नहीं है। इधर-उधर देखा तो नोटों की गड्डी नहीं मिली। व्यापारी ने आसपास के व्यापारियों को घटना की बाबत बताया तो सभी ने इधर-उधर खोजबीन की परंतु गल्ले से नोट चुराने वाले का कुछ पता नहीं लग सका। पुलिस को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंची।

**सूचना**

मेरे पुत्र स्व. सोमेन्द्र सिंह सेना मे कार्यरत था, रैंक नायक न. 15347039 H की मृत्यु के बाद पता चला कि मेरे पुत्र के आर्मी दस्तावेज में मेरा नाम व जन्मतिथि गलती से जय इन्दर सिंह व 01-01-1957 दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम जय इन्द्र व जन्मतिथि 02-08-1957 है।

**जय इन्द्र पुत्र रतन सिंह निवासी गांव चौरा, पो. नानौता सहारनपुर।**

# कालेजों में लगाई शिकायत पेटिका



शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** थाना एंटी रोमियो स्क्वायड टीम द्वारा महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के मद्देनजर क्षेत्र के इंटर कॉलेजों में शिकायत पेटी लगाकर छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी की अगुवाई में एंटी रोमियो स्क्वायड टीम द्वारा क्षेत्र के जे जे इंटर कॉलेज सुल्तानपुर व सरदार पटेल इंटर कॉलेज पटनी में शिकायत पेटी लगायी गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी ने बताया है कि एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने महिला सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कॉलेजों में शिकायत पेटियाँ लगाई हैं। टीम में एसआई कुमारी सुमन, महिला कॉस्टेबल संगीता, हैड कांस्टेबल वतन कुमार व कांस्टेबल अनुज कुमार शामिल रहे।

## चोरी कर रहे तीन युवकों को रंगे हाथों पकड़ा

**बेहट।** क्षेत्र के अपूर्वा इंटर कालेज के वर्कशॉप से चोरी कर रहे तीन युवकों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। मौके पर पुलिस को बुलाकर चोरों पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिए पुलिस ने कालेज प्रशासन की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनके चालान कर न्यायालय में भेज दिए है।

अपूर्वा प्राईवेट आई आई टी कॉलेज प्रबंधक कस्बा बेहट के गांधी चौक निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापारी सुनील राजदेव ऊर्फ बिट्टू ने बताया कि उनका मिर्जापुर मे स्थित कालेज का स्टाफ कालेज के अन्दर बने वर्कशॉप में गए तो देखा कि वर्कशॉप का जगला टूटा हुआ था और वर्कशॉप से तीन लोहे के बड़े शिकंजे गायब थे। इसी दौरान तीन युवक वर्कशॉप के आम के बाग के रास्ते से जाते हुए दिखाई दिए तो स्टाफ और कालेज में पढ़ने वाले लड़कों ने भागकर चोरी किए सामान सहित उन्हें पकड़ लिए और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस ने कालेज के टीचर राजेन्द्र प्रसाद तिवारी की तरफ से मुकदमा दर्ज कर तीनों युवकों का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

# पोक्सो अधिनियम विषय पर कार्यशाला

**सहारनपुर।** महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत चल रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को राजकीय पॉलिटेक्निक में पोक्सो अधिनियम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह की रोकथाम, इसके दुष्परिणाम, बाल यौन शोषण से बचाव तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पर विस्तार से जानकारी दी गई। बालिकाओं को बताया गया कि बाल विवाह न केवल उनके भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालता है। विशेषज्ञों ने बताया कि पोक्सो एक्ट बच्चों को यौन उत्पीड़न एवं अपराधों से बचाने हेतु बनाया गया विशेष कानून है, जिसमें बच्चों का किसी भी प्रकार से अश्लील या पोर्नोग्राफिक उद्देश्य के लिए उपयोग अपराध की श्रेणी में आता है। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मातृ वंदना योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, शक्ति सदन व सखी निवास सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानक. ारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 181 (सखी वन स्टॉप सेंटर), 1098 (चाइल्ड लाइन), 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस), 1930(साइबर क्राइम), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 102 (एंबुलेंस सेवा) के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक का पूरा स्टाफ, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर श्रीमती सरिता सैनी, चाइल्ड लाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पराग गोयल, जिला मिशन समन्वयक श्रीमती नेहा शर्मा व जेंडर स्पेशलिस्ट रोबिन सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## विवाहिता को मारपीटकर घर से निकाला

**देवबन्द।** विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट रक घर से निकालने का आरोप लगाया। घ्याना गांव की निवासी विवाहिता रीतू ने पुलिस को दी तहरीनर में बताया हैं कि 7 फरवरी 2022 को उसकी शादी जनपद हरिद्वार के तहत आने वाले थाना पथरी क्षेत्र के इब्राहीमपुर गांव निवासी मनोज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालिए उसका शारीरिक व मान. सिक उत्पीड़न करते आ रहे थे। काफी दिनों से वह उस पर मायके से कार लेकर आने का दबाव बना रहे थे, जब उसने इससे इंकार किया तो विगत 14 मई को उन्होंने मारपीट कर गर्भाव्यवस्था में उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित पांच ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## कलश यात्रा से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। स्वामि रसिक महाराज ने कहा कि भागवत का फल स्वयं भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करता है।

गांव रणखंडी में डांडी थामना रोड स्थित सभागार में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन व्यासपीठ पर विराजमान नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि मानव जीवन ईश्वरीय अनुग्रह है यह धर्म की सिद्धि, अस्तित्व के जागरण और सत्य की प्राप्ति के लिए हमें मिला है। रसिक महाराज ने कहा कि चिर स्थायी सुख भौतिक सुखों या क्षणिक आनंदों में नहीं, बल्कि सत्य, विवेक, त्याग, सेवा, सत्संग, और शुभ संकल्पों में निहित है। कहा कि सत्य हमें भीतर से निर्भय बनाता है जबकि झूठ बोलने वाला कभी भी सफल नहीं होता है। सत्यनिष्ठ व्यक्ति ही जीवन में अनुक.



ूलता और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करता है। इस मौके पर कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख ठा. अनिल सिंह, मित्रपाल पुंडीर, ग्राम प्रधान प्रमोद राणा, सुधीर सिंह, मोंकित राणा, नकुल शर्मा, रामभूल सिंह, ललित गोयल, दिनेश शर्मा, प्रदीप फौजी, सत्य कुमार, गौरव प्रजापति आदि ग्रामीण शामिल रहे।

## सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले में कृषकों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानो को सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि कृषक अपने प्री-कैलेंडर की स्वयं जांच करने ताकि कोई त्रुटि न रहे।



सहकारी गन्ना समिति कार्यालय परिसर में गुरुवार से 10 दिवसीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ उपगन्ना आयुक्त ओपी सिंह एवं समिति के चेयरमैन उपेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से करने के उपरांत उपगन्ना आयुक्त ओपी सिंह ने किसानों को मेले का महत्व एवं प्रर्दशन केबारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कृषक अपने प्री-कैलेंडर की जांच कर लें और यदि कोई त्रुटि हो तो मेले में आकर व्याप्त त्रुटि को संशोधित कर दुरुस्त करा लें। मेले के बाद किसी भी तरह का कोई संशोधन संभव नहीं हो पाएगा। समिति चेयरमैन उपेंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अभय कुमार ओझा समेत मिल के गन्ना अधिकारियों ने भी कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सचिव प्रभारी इंद्रमणि पांडेय ने अतिथियों व कृषकों का आभार जताया। पहले दिन मेले में काफी संख्या में किसान पहुंचे और त्रुटियां दुरुस्त कराई। इस दौरान गन्ना समिति का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

## शाहनवाज अंसारी का सपा अधिवक्ता संगठन के प्रदेश सचिव बनने पर अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने अधिवक्ता शाहनवाज अंसारी को संगठन का प्रदेश सचिव नामित किये जाने पर सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हर्ष जताते हुए उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।



शाहनवाज अंसारी ने सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित अपने स्वागत कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सपा सर्व समाज की पार्टी है। संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका वह पूरी निष्ठा व इमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होने कहा कि पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए हर सम्भाव प्रयास किये जायेंगे। ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को सफलता मिल सके। अधिवक्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. वीरेंद्र पाल सिंह, महासचिव राकेश कुमार आर्य, शमशाद मलिक, तहसीन खां, चौधरी रामपाल, नसीम अंसारी, खालिद खान, जमील भारती, आशीष शर्मा, रिजवान कासमी, राव मुर्सलीन, राम किशन सैनी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन से भैंस हुई बिमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घेर में बंधी भैंस संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन के कारण बीमार हो गई। पशु स्वामी ने पड़ौस में रहने वाले दो सगे भाइयों पर भैंस को रोटी में जहर देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



नगर के मोहल्ला लहसवाड़ा निवासी पप्पू पुत्र सुमेर चंद ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों ने उसकी भैंस को रोटी में जहर खिला दिया जिससे भैंस की हालत बिगड़ गई। आरोप है कि उक्त लोग उससे रंजिश रखते हैं इसी के कारण उसे आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए यह हरकत की गई है। पीड़ित पशु स्वामी ने इस सम्बंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कालेज के मैदान में गुरुवार को तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें तहसील के माध्यमकि विद्यालयों के छात्रों ने खूब दांव पेंच लड़ाते हुए जमकर पसीना बहाया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ सहक. ारी समिति बास्तम के चेयरमैन कुलदीप कुमार त्यागी, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य जगदेश्वर त्यागी, प्रधानाचार्य हेम सिंह और व्यायाम शिक्षक विजेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने अनुशासन में रहकर खेलों में उम्दा प्रदर्शन करने के लिए खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में एचएवी इंटर कालेज के अलावा महाराज सिंह इंटर कालेज गंगदासपुर, टीपीएसएम इंटर कालेज रणखंडी, भायला इंटर कालेज भायला, गांधी वैदिक इंटर कालेज चंदेना कोली, भारतीय इंटर कालेज और आदर्श इंटर कालेज तल्हेड़ी बुजुर्ग के खिलाडियों के बीच कबड्डी के मैच हुए। इसमें एचएवी इंटर कालेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तहसील टीम में जगह बनाई। निर्णायक मंडल में विजेंद्र चौधरी, अमित कुमार, मनोज कुमार शर्मा शामिल रहे। इस मौके पर अमरीश त्यागी, पंकज शर्मा, आकाश त्यागी, पंकज, सुखसागर सिंह, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में लोगो को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बेस ने पालिका परिषद के तत्वावधान में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व मोहल्ला समिति अभियान के अंतर्गत मोहल्ला आबकारी रोड पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मोहल्ले वासियों को अपने-अपने मकानो के आसपास सफाई रखें इससे बिमारियो से बचा जा सकता हैं। उन्होने कहा कि सफाई व्यवस्था सूचारू होने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। इसलिए हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए।




स्वच्छ भारत मिशन अधिकारी जसलीन कौर ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिए पालिका प्रशासन ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने को लेकर नगरवासियों को जागरूक किया जा रहा हैं। ताकि अपने-अपने मकानो के आस-पास सफाई का विशेष ध्यान रखा जा सके। उन्होने पॉलिथीन के बढ़ते प्रयोग के बारे में चिंता जताते हुए उसका समाधान कराये जाने पर जोर दिया। ताकि पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक लग सके। इस अवसर पर सभासद रविंद्र चौधरी, स्वास्थ्य निरीक्षक पोपिन कुमार, सफाई लिपिक बिरला सूद, सफाई नायक सचिन, नरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, कपिल, सुनील, नंद किशोर आदि पालिका कर्मी व मोहल्लेवासी शामिल रहे।

## पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान को लेकर नगरवासी बेहद उत्साहित हैं। अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल के नेतृत्व में नगर की सफाई व्यवस्था लगातार बेहतर होती जा रही है। शासन से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिका ने यह अभियान 4 सितम्बर से आरम्भ किया है। जिसके अन्तर्गत अब तक वार्ड संख्या 10, 19 और 20 को कवर किया जा चुका है। आज वार्ड संख्या 07 मौहल्ला कस्बा में अभियान चलाया गय। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने स्वयं पहुंचकर वार्डवासियों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों से निकलने वाले कूड़े को



गीला और सूखा अलग-अलग करके निकाय के वाहनों को सौंपें। साथ ही उन्होंने होम कम्पोस्टिंग और गार्डनिंग टेरिस गार्डनिंग के महत्व को समझाते हुए बताया कि घरों में निकलने वाला गीला कचरा खाद में बदलकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। अभियान के दौरान विजेंदर सिंह पाल ने सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं और पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई तथा अन्य कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। उनकी सक्रियता और तत्परता से लोगों में संतोष और विश्वास का भाव देखने को मिला। अभियान में वरिष्ठ लिपिक देवेन्द्र सिंह, लिपिक चाँदनी रईस, मौहम्मद शान, अमित कुमार पम्प चालक, ओमप्रकाश सिंह सफाई प्रभारी, मौहम्मद अकरम, कम्प्यूटर ऑपरेटर रामगोपाल सिंह तथा सफाई नायक पप्पू अरुण कुमार आदि रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली की कार से टक्कर



**नांगल सोती।** आज सुबह 7 बजे एक ओवरलोड ट्रैक्टर रेत से भरा हुआ नहर मार्ग से नांगल मंडावली मार्ग पर चढ़ रहा था, तभी नांगल की ओर से जालपुर जा रही स्कॉर्पियो गाड़ी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर की ट्राली मौके पर ही पलट गई। पूरे मार्ग पर रेत बिखर गया, जिससे मार्ग का यातायात बाधित हो गया। वहीं इस हादसे में शहजादपुर निवासी कार चालक रिहान गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भेजा। ट्रैक्टर का चालक अपने ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। ट्रैक्टर चालक मंडावली थाना क्षेत्र के गांव श्यामीवाला का निवासी बताया जा रहा है। थाने के समीप इतना बड़ा हादसा होने पर भी किसी पुलिसकर्मी ने मौके पर जाना गवारा नहीं समझा। स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों को मुश्किल का सामना करना पड़ा।

## बिजलीघर पर भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बिजली कटौती के विरोध में भाकियू लोकशक्ति ने सौफतपुर बिजली घर पर धरना दिया। किसानों ने विद्युत निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नांगल क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से हरचंदपुर, सोफतपुर, लालपुर मान, महमसापुर, मायापुरी, चमरौला, ढोलापुरी, नांगल, खानपुर शहजादपुर, जीतपुर आदि गांव को बिजली आपूर्ति की जाती है। पिछले एक सप्ताह से बिना किसी शेड्यूल के क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। जिसके विरोध में आज भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ता बिजलीघर पर पहुंचे और धरना शुरू किया।



### लगातार कई घंटे कटौती से त्रस्त है जनता

जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने कहा कि पिछले कई माह से बिजली घर की ओसीबी खराब है। दूसरे फीडर की ओसीबी से जोड़कर बिजली आपूर्ति की जा रही है। एक फीडर में फाल्ट होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। जबकि शासन के आदेश 18 घंटे बिजली आपूर्ति के हैं। लेकिन मात्र 10-12 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने खराब ओसीबी सही कराने व बिजली से जुड़ी किसानों की अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की।

धरना स्थल पर एसडीओ राहुल यादव व जेई नूतन प्रकाश पहुंचे तो किसानों में विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एसडीओ में जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन किसान शांत नहीं हुए, अभी धरना जारी है।

धरना स्थल पर अरुण कुमार, पीतम सिंह, नरेश, देवेंद्र सिंह, रॉबिन, विनीत, अभिनव, हिमांशु, हनी राणा, शहाबुद्दीन, जग्गन अली, नितिन, पवन आदि किसान मौजूद रहे।

## रामलीला मंचन का शुभारंभ

**शेरकोट।** प्राचीन गढ़ी मंदिर परिसर मे ग्यारह दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ बड़े उत्साह और धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। देर शाम नगर के गढ़ी मन्दिर में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हिन्दू युवा वाहिनी मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह ने फीता काटकर रामलीला मंचन का औपचारिक उद्घाटन किया। डॉ. सिंह ने कहा कि रामलीला का आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है, बल्कि समाज को मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद बाहर से आए कुशल कलाकारों ने मंच पर आकर्षक व भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। रामलीला के प्रथम दिवस का मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। दर्शक दीर्घा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक भारी भीड़ उमड़ी और मंचन के दौरान जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। आयोजन के दौरान समिति अध्यक्ष भीष्म सिंह, उपप्रधान प्रशांत गहलौत, अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, बलबीर, महेश कुमार, रामसिंह, निशांत राजपूत सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गये थे।

**नोटिस**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मा0 उच्च न्यायालय की विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024, दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर में कार्य करने वाले/कर रहे दैनिक श्रमिकों को वेतनमान का न्यूनतम वेतन रू0 18000/- प्रतिमाह अनुमन्य किये जाने की पात्रता पर विचारण हेतु इस कार्यालय की पत्र संख्या 950/35-1, दिनांक 04.09.2025 द्वारा समिति का गठन किया गया है। अतः यदि किसी व्यक्ति के पास अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024, दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप न्यूनतम वेतन प्राप्त करने हेतु अभिलेख उपलब्ध हैं तो अभिलेखों सहित प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर के मकान नं0 2, सी/2993, निकट आई0एम0ए0 भवन, शास्त्रीनगर, हकीकतनगर, सहारनपुर-247001 स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त गठित समिति को अपने अभिलेख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**निवेदक- सामाजिक वानिकी प्रभाग, सहारनपुर**
**( नागल-देवबन्द )**

## वितरण में धांधली का आरोप

**धामपुर।** सरकारी गल्ले की दुकान को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। राशन वितरण में गड़बड़ियों की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग की है। बबली देवी पत्नी विद्यासागर और नरेश कुमार पुत्र छोटे सिंह जाटव ने बताया कि 1 सितंबर को दर्जनों महिलाओं ने प्रार्थना पत्र दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि खाद्य विभाग के इंस्पेक्टर ने जांच का भरोसा दिया था, मगर वह मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि जब वे इंस्पेक्टर से मिले तो उन्होंने मीटिंग का बहाना बना दिया। इसी बीच गांव के डीलर नीरज कुमार भी

## डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण अभियान शुरू

### नगर पालिका ने बनाई 5 टीमें, वार्डवार चलाया जाएगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका ने स्वच्छता को नई दिशा देने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर कूड़ा अलग-अलग संग्रहण करने का अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान नगर क्षेत्र के सभी 25 वार्डों में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक संचालित किया जाएगा।

इस अभियान के लिए पालिका प्रशासन ने पांच टीमें गठित की हैं। नोडल अधिकारी के रूप में सफाई निरीक्षक विकास कुमार, हेमेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार (राजस्व निरीक्षक), विपिन कुमार (जल विभाग) और मौहम्मद यूनुस (राजस्व निरीक्षक) की जिम्मेदारी तय की गई है। अभियान में सहयोग हेतु गठित टीमों



में पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, विशाल अग्रवाल, किरण चौधरी, विशाखा सहित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी शामिल किए गए हैं।

पालिका द्वारा आज वार्ड नंबर 1 (पहाड़ी दरवाजा बाल्मीकि बस्ती), वार्ड नंबर 6 (नई सराय नई बस्ती), वार्ड नंबर 11, वार्ड नंबर 16 और वार्ड नंबर 21 में अभियान चलाया गया। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके पालिका कर्मियों को दें। इससे न केवल शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि गंदगी और बीमा. रियों से भी निजात मिलेगी। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह अभियान तभी सफल होगा जब नागरिक सक्रिय सहयोग करेंगे। स्वच्छता ही स्वास्थ्य और विकास की पहली सीढ़ी है।

## थाना प्रभारी संजय कुमार ने किया श्रीरामलीला मंचन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मंडी मौलगंज में थाना प्रभारी संजय कुमार ने फीता काटकर श्रीराम लीला मंचन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्री लोकेश्वर नाथ जी मंदिर एवं रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामलीला आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो ओर संस्कारों पर चलने का आह्वान किया है।

उत्पल कुमार राजपूत के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रामलीला कमेटी अध्यक्ष विमल कुमार के अलावा नवीन कुमार, आदित्य गर्ग, अमित गुप्ता, राजीव अग्रवाल उर्फ राजू, आलोक चौधरी, देवेंद्र कुमार, अतुल मित्तल, प्रदीप मल्होत्रा, राजीव अग्रवाल, विवेक राजवंशी, राजन अग्रवाल, लक्ष्मण सैनी, लकी शर्मा, आनंद भारद्वाज, अनूप तायल, जितेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, रिटायर्ड दरोगा जयपाल सिंह वाल्मीकि, मनोज गुप्ता, शुभम गुप्ता, सुधीर कुमार, अभय चौधरी, प्रखर जैन, कय्यूम राइन आदि ने मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने रामलीला मंचन में पुलिस व्यवस्था देने की अपील की। जिसे पूरा करने के लिए थाना प्रभारी संजय कुमार ने आश्वासन दिया।

# रिकॉर्ड: भारत ने 27 गेंद में जीता मैच

**● कुलदीप ने एक ओवर में तीन विकेट लिए, भारत ने सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया**



**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की। टीम ने अपने पहले मैच में यूएई को सिर्फ 57 रन पर आलआउट कर दिया। जवाब में 4.3 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस तरह भारत ने किसी टी-20 मैच में गेंदें बाकी रहने के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा यूएई का 57 रन का स्कोर भारत के खिलाफ इस फार्मेट में किसी भी टीम का सबसे छोटा टोटल है। इतना ही नहीं यह यूएई का अब तक का लोएस्ट स्कोर भी साबित हुआ। भारत की बाल बाकी रहते हुए सबसे बड़ी टी-20 जीत भारत ने 93 बाल रहते यूएई को हराया, यह टी-20 में भारत की गेंदें बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। भारत का पिछला रिकॉर्ड मैच में 81 बाल बाकी रहते जीत हासिल करने का था। टीम ने 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ दुबई में ही यह कारनामा किया था। टेस्ट खेलने वाले देशों की टी-20 में यह गेंदें बाकी रहते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में एंटीगा के मैदान पर इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंद में ही हरा दिया था। तब मैच में 101 गेंदें बाकी रह गई थीं। इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर श्रीलंका है, जिसने 2014 के वर्ल्ड कप में चटगांव के मैदान पर नीदरलैंड को 90 गेंदें बाकी रहते हरा दिया था। यूएई ने भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बनाया यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 57 रन पर ही सिमट गई। यह किसी भी टीम का भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम 2023 अहमदाबाद में 66 रन पर ही सिमट गई थी। यूएई ने टी-20 में अपना लोएस्ट स्कोर बनाया यूएई ने टी-20 में अपना सबसे कम स्कोर बनाया। टीम सिर्फ 57 रन पर आलआउट हो गई। इससे पहले 14 मार्च 2024 को दुबई में ही स्कॉटलैंड के खिलाफ टीम 62 रन पर सिमट गई थी। लगातार 15 टॉस हारने के बाद सिक्का भारत के फेवर में गिरा भारतीय टीम ने लगातार 15 इंटरनेशनल मैच के बाद टास जीता है। टीम ने पिछली बार जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टास जीता था। तब से टीम ने वनडे, टी-20 और टेस्ट मिलाकर 15 मैच में टास गंवाए थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### गुरु समृद्धि ने टीपीएल में जीएस दिल्ली एसेस का अधिग्रहण किया, लिएंडर पेस एम्बेसडर बने

**दुबई, वार्ता।** सहकारी समितियों, बीमा, पर्यटन और रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्यरत एक विविध और दूरदर्शी उद्यम गुरु समृद्धि हाउस ऑफ इन्वेस्टमेंट्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें संस्करण से पहले जीएस दिल्ली एसेस फैंचाइजी का अधिग्रहण कर लिया है। जीएस दिल्ली एसेस की यह नई शुरुआत बुधवार को दुबई में आयोजित समारोह में हुई। फैंचाइजी ने भारतीय टेनिस के दिग्गज 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस ब्रांड एम्बेसडर बनाया है।

### सारांश और कुमार कार्तिकेय ने साउथ जोन को सस्ते में समेटा, सेंट्रल जोन के 50 रन

**बेंगलुरु, वार्ता।** सारांश जैन पांच और कुमार कार्तिकेय चार विकेट की शानदार बॉलिंग के दम पर सेंट्रल जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को साउथ जोन की पूरी टीम को पहली पारी में 149 के स्कोर पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट खोए 50 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी साउथ जोन के पहली पारी में बनाये गए स्कोर से 99 रन पीछे है। साउथ जोन को 149 के स्कोर पर रोकने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने दानिश व अक्षय वडकर की सलामी जोड़ी ने की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत स्टंप के समय 19 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 50रन बना लिए है।

## पूजा रानी, जैस्मीन लाम्बोरिया सेमीफाइनल में

**● दोनों ने भारत के लिए दो पदक पक्के किए**

**लिवरपूल, वार्ता।** दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी और जैस्मीन लाम्बोरिया ने विपरीत जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ इन दोनों मुक्केबाजों ने भारत के लिए दो और पदक पक्के कर दिये है। पूजा रानी ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3-2 से हराया, जबकि विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन ने अंडर-22 एशियाई चैंपियन उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोरबोनू को 5:0 से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता नूपुर बुधवार को महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय बन गईं। दो और भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी (महिला 48 किलोग्राम भारवर्ग) और जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (पुरुष 50 किलोग्राम भारवर्ग) में पदक पक्का करने से बस एक जीत दूर हैं। ये दोनों मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में, पूजा रानी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए अपनी उम्र से छोटी प्रतिद्वंद्वी की गति और ऊर्जा का डटकर सामना किया। पोलिश मुक्केबाज पहले राउंड के बाद मुकाबले में थोड़ी आगे थीं, लेकिन पूजा रानी ने दूसरे राउंड में दबदबा बनाते हुए नियंत्रण हासिल कर लिया।

**● भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच की टिकट बिक्री कम ●**

# महामुकाबला 14 सितम्बर को

**सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरू करने पर भी नहीं बिक रहे, रोहित-विराट की गैरमौजूदगी बन रही वजह**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फार्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितम्बर को खेला जाना है। मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं। इससे पहले आयोजक भारत-पाकिस्तान मैच की टिकटें पैकेज के रूप में बेच रहे थे। यानी, इस मैच को देखने के लिए प्रशंसकों को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी पड़ती थीं। हालांकि, टिकटों की कम बिक्री को देखते हुए आयोजकों ने इसमें बदलाव कर सिंगल टिकट फार्मेट शुरू किया ताकि प्रशंसकों को सुविधा हो। लेकिन इसके बावजूद टिकटों की बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। एमिरेट्स क्रिकेट के एक अधिकारी ने एएनआई को बताया कि,स्हम खुद हैरान हैं कि भारत-पाकिस्तान मैच के लिए टिकट बिक्री इतनी धीमी क्यों है। अभी तक निचले स्टैंड्स की सीटें ही बिकी हैं, जबकि ऊपरी और टॉप टियर स्टैंड्स पर टिकट उपलब्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इसी मैच के लिए टिकटों की बिक्री इतनी तेज थी कि हमने दो बार (दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे) टिकट खिड़की खोली और 4 मिनट से भी कम समय में सारे टिकट बिक गए थे। लेकिन इस बार जोश काफी फीका है। शायद इसकी वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी है। स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से मैच का रोमांच कम हो गया है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान की ओर से भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे बड़े खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं, जिससे दोनों ओर से स्टार आकर्षण घट गया है।

# हमेशा गेंदबाजी को तैयार रहता हूं: शिवम

**● कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं एशिया कप में गेंदबाजी करूंगा**



**दुबई, वार्ता।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेने वाले भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा है कि वह ऑलराउंडर के तौर पर मैच हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। दुबे ने यूएई के खिलाफ मिली जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज एक अच्छी शुरुआत मिला और यह काफी अहम था। एक ऑलराउंडर के तौर पर मैं हमेशा चार ओवर गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। जब भी तीन-चार ओवर डालने का मौका मिलेगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं वही करूंगा जिसकी टीम को जरूरत होगी। कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं (एशिया कप में) गेंदबाजी करूंगा। मेरे गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्कल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं लंबे समय से तैयारी कर रहा था कि जब भी मौका मिलेगा, मैं तैयार रहूंगा। आज का नतीजा उसी तैयारी का परिणाम है। दुबे ने माना कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में आईपीएल के दौरान उनकी भूमिका ज्यादातर पावर-हिटर की रही है, लेकिन उन्होंने गेंदबाजी पर भी लगातार काम किया है। दुबे ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर कहा कि सवाल में ही जवाब है। ऑलराउंडर की भूमिका कम हो गई है। इसलिए आईपीएल में मेरे लिए गेंदबाजी करना जरूरी नहीं रहा। लेकिन मेरी ओर से मैं हमेशा तैयार था। हर मैच में मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहता था। आईपीएल से पहले भी मैंने दो महीने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर मेहनत की है। दुबे ने अपने एक्शन और एप्रोच को निखारने का श्रेय मॉर्कल को दिया। अभ्यास सत्र में दोनों लगातार बातचीत करते रहे हैं। मॉर्कल ने हाल ही में कहा था कि दुबे जैसे खिलाड़ी को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी का आत्मविश्वास दिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड सीरीज (जनवरी-फरवरी) में उन्होंने मुझे कुछ बातें बताई थीं। उन्होंने कहा था कि वाइड लाइन से गेंद डालो। कुछ गेंदों को एंगल का प्रयोग करते हुए धीमी गति से डालो। उन्होंने रन-अप पर भी काम करने की सलाह दी थी। इन्हीं 2-3 चीजों से मेरी गेंदबाजी बेहतर हो रही है। मैंने अपनी रफ्तार भी बढ़ाई है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर भी उतना ही ध्यान दिया और मेहनत की। आईपीएल 2025 और अब के बीच उन्होंने मुंबई में बहुत अभ्यास किया। उन्होंने तेज बाउंसर और शॉर्ट गेंदों से निपटने पर काम किया। एशिया कप का पहला मैच आईपीएल के बाद उनका पहला बड़ा मुकाबला था।

# लक्ष्य, सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

**हांगकांग ओपन**

**● लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज प्रणय को 1 घंटे 8 मिनट में हराया**



**हांगकांग, वार्ता।** लक्ष्य सेन ने गुरुवार को पुरुष एकल वर्ग में हमवतन एचएस प्रणय को तथा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए कोलिजीयम में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत के शीर्ष और दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज एचएस प्रणय को एक घंटे आठ मिनट में 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत रही और एचएस प्रणय ने इसका फायदा उठाते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य ने दूसरे गेम की शुरुआत भी धीमी रहीं ब्रेक तक वह 11-9 से पिछड़ रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए स्कोर 13-13 कर दिया। हालांकि प्रणय ने फिर से 18-17 से बढ़त बना ली, लेकिन लक्ष्य ने लगातार चार अंक अर्जित कर गेम छीन लिया और निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। निर्णायक गेम में भी लक्ष्य सेन ने सतर्कता से शुरुआत की और फिर लय हासिल करते हुए मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने केवल दो अंक गंवाए और आसानी से मैच जीत लिया। यह प्रणय के खिलाफ नौ मुकाबलों में उनकी छठी जीत है। पुरुष युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। अंतराल पर 11-7 से पिछड़ने और बाद में 16-10 पर खिसकने के बावजूद, सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में, सात्विक और चिराग ने थाई जोड़ी पर लगाम कसी रखी और उन्हें एक अंक से अधिक की बढ़त नहीं लेने दी, लेकिन अंतराल पर 11-10 से आगे रहे। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी तीव्रता बढ़ा दी और सात गेम पॉइंट हासिल कर निर्णायक गेम तक पहुंच गए। निर्णायक मैच में भारतीय जोड़ी ने बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम किया और फिर जीत हासिल कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

## पेरू ने क्वालीफाइंग में नाकामी के बाद प्रबंधक इबानेज को किया बर्खास्त

**लीमा, वार्ता।** पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने विश्व कप क्वालीफाइंग में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पेरू ने प्रबंधक ऑस्कर इबानेज को बर्खास्त कर दिया है। एफपीएफ ने जारी एक बयान में कहा कि हमारा संस्थान सीनियर राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने में दिखाई गई जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के लिए इबानेज और उनके कोचिंग स्टाफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। एफपीएफ ने अर्जेंटीना में जन्मे पूर्व गोलकीपर इबानेज के प्रतिस्थापन के लिए तुरंत किसी की घोषणा नहीं की। उन्होंने पेरू के लिए 50 मैच जीते। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कार्लोस सिल्वेस्ट्री और मैनुअल बैरेटो इस पद के लिए शुरुआती दावेदारों में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एफपीएफ ने यह फैसला पेरू के अपने अंतिम क्वालीफायर में पैराग्वे से घरेलू मैदान पर 1-0 से हारने के एक दिन से भी कम समय बाद लिया है। लीमा के एस्टाडियो नैशनल में मंगलवार को मिली हार के बाद ब्लैंकिरोजा 18 मैचों में 12 अंकों के साथ 10 टीमों की दक्षिण अमेरिकी तालिका में नौवें स्थान पर आ गया। जो कि 1998 के विश्वकप के लिए क्वालीफायर द्वारा होम-एंड-अवे राउंड रॉबिन प्रारूप अपनाने के बाद से टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है।

# दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**● इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड भारत-नेपाल, पाकिस्तान-श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत ने 11से 25 नवंबर तक चलने वाले दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। काठमांडू को मूल रूप से तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, जहां पाकिस्तान के साथ मैच होने थे। नेपाल के वर्तमान हालात को देखते हुए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। विश्व कप में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल होगा। राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज के 56 खिलाड़ियों के कठोर प्रशिक्षण और शिविर के बाद 16 सदस्यीय भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय टीम है:- सिमू दास (दिल्ली), पी-करुणा (आंध्र प्रदेश), अनुकुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक), अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदाह (ओडिशा), सिमरनजीत कौर (राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पारवती मॉडी (ओडिशा), दीपिका टीसी (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एनआर (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश) और दुर्गायेवले (मध्य प्रदेश)। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष डॉ. महांतेश जी-किवादासन्नावर ने कहा कि यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है—यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है। भारत में इसका आयोजन गर्व की बात है, और मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियाँ इस अवसर पर खरा उतरेंगी, लाखों लोगों को प्रेरित करेंगी और देश को गौरवान्वित करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईबीएसए विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

# ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगा पाक



**● सलमान आगा की अगुवाई टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है**

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के चौथे मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा। संयुक्त अरब अमीरात टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान शुक्रवार को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतर रहा है।सलमान आगा की अगुवाई में टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है। ओमान के साथ मुकाबला पाकिस्तानियों के लिए भारत के साथ होने वाले अहम मुकाबले से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने और लय बनाए रखने का एक अच्छा अवसर है। टीम की बल्लेबाजी लाइनअप में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और साहिबजादा फरहान से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज फखर जमान और सलमान आगा पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वहीं निचले क्रम की बात की जाये तो हसन नवाज, मोहम्मद हैरिस, मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ का कौशल टीम को अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की सुविधा देता है। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई शाहीन अफरीदी करेंगे। अफरीदी की तेज गति, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज और सूफियान मुकीम के सहयोग के साथ पाकिस्तान दुबई की परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेगा। पिच की अगर बात की जाये तो पारंपरिक रूप से सपाट और तेज आउटफील्ड वाली यह पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार है, हालांकि स्पिनर बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभाने सकते है। इस पिच का लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए मददगार माना जाता है। पिछले दस टी-20 मैचों में से आठ में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। पहली पारी का स्कोर आमतौर पर लगभग 170 होता है। वहीं अगर ओमान की बात की जाये तो पाकिस्तान उसके सामने कड़ी चुनौती है। कप्तान जतिंदर सिंह अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों, आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा से स्थिरता की उम्मीद करेंगे, जबकि आशीष ओडेदरा, विनायक शुक्ला और हसनैन शाह सहित मध्य और निचले क्रम को टीम का समर्थन करने के लिए आगे आना होगा। शकील और इमरान की अगुवाई में ओमान की गेंदबाजी इकाई की कड़ी परीक्षा पाकिस्तान की मजबूत और आत्मविश्वास से भरी लाइनअप के सामने होगी। विश्लेषकों को उम्मीद है कि पाक प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम करेगा और भारत के खिलाफ अपने हाई-प्रोफाइल मैच में महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करेगा। पाक संभावित टीः सलमान आगा (कप्तान), साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम और अबरार अहमद

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रनों से हराया



**● मार्को यानसन ने दो और बॉस ने दो विकेट लिए, इस जीत के साथ द. अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है**

**कार्डिफ, वार्ता।** एडन मारक्रम (28), डॉनोवन फरेरा (नाबाद 26) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) के शानदार प्रदर्शन के बाद मार्को यानसन (दो विकेट) और कॉर्बिन बॉश (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 14 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। डॉनोवन फरेरा को नाबाद 25 रनों की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। सोफिया गार्डेंस में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने एडन मारक्रम ने 14 गेंदों में (28), डॉनोवन फरेरा ने 11 गेंदों में (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस 10 गेंदों में (23) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर 7-5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिए। जेमी ओवर्टन, आदिल रशीद और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण इंग्लैंड को डीएलएस के जरिए से पांच ओवर में 69 रन का लक्ष्य मिला। 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (शून्य) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने कगिसो रबाडा ने आउट किया। दूसरे ओवर में जेकब बेथेल (सात) को मार्को यानसन ने आउट किया। कप्तान हैरी ब्रूक (शून्य) और टॉम बैंटन (पांच) को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। चौथे ओवर में मार्को यानसन ने जॉस बटलर को आउटकर इंग्लैंड के मैच जीतने की उम्मीद को बड़ा झटका दिया। बटलर ने 11 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 25 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम निर्धारित पांच ओवरों में पांच विकेट पर 54 रन ही बना सकी और मुकाबला 14 रनों से हार गई।

# लखनऊ की महारैली में करें भारी भागेदारी: बेनीवाल

## मुनकाद अली, आनन्द प्रकाश, रविन्द्र गौतम, नरेश गौतम, मेघराज जरावरे ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने लखनऊ में आयोजित बसपा की महारैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की गई।

देहरादून चौक स्थित बसपा कार्यालय पर बैठक की शुरूआत भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एंव बामसेफ और बसपा पार्टी की नीव रखने वाले मान्यवर काशीराम की तस्वीर पर फूल माला अर्पण करके किया गया। रणधीर सिंह बेनीवाल ने 9 अक्टूबर को मान्यवर काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में होने वाली बसपा पार्टी की महारैली को किस प्रकार सफल बनाना है उसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बसपा सुप्रीमो सुश्री बहन मायावती द्वारा जो जो दिशानिर्देश दिए गए उसकी जानकारी सभी कार्यकर्ताओ को दी। पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने लखनऊ में महारैली के दौरान कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने की हिदायत देते हुए वहां की गई व्यवस्थाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया। सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली मंडल के प्रभारी रविन्द्र कुमार गौतम ने बहनजी को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का आहवान किया।



बैठक को मंडल के प्रभारी व पूर्व विधायक मा. डॉ, मेघराज सिंह जरावरे, मंडल प्रभारी नरेश गौतम, हाजी सरफराज राइन, प्रभारी सतीश कुमार, आनंद प्रकाश, वीर सिंह और जनेश्वर प्रसाद ने भी विचार रखे। संचालन जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने किया।

बैठक में जिला प्रभारी नफे सिंह मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष पुष्पांकर पाल, ऋषि पाल गौतम, सुशील जयसवाल, रति राम गौतम, राजेश प्रधान, वेदपाल गौतम, विशाल शर्मा, वीरेंद्र पालीवाल, मनीष काम्बोज, चौधरी इरफान, विजयपाल, अनिल धारिया, सुखराम भास्कर, गुलफाम अंसारी, डॉ. आहतेशाम मलिक, नेयर हशन, शीतल, मोहकम सिंह, हर्षित तोमर, मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, हर्षित प्रधान, राजू पालीवाल, शीतल कुमार, ओमपाल सिंह, नरेंद्र ओलरी, जितेंद्र कश्यप, धर्मेंद्र गौतम, सुनेश प्रधान, सुखवीर प्रधान, अरुण प्रधान, सुशील बौद्ध, नरेश कुमार, रुपचंद, अमर सिंह, रामसिंह, सुरेश चंद, वसीम चौधरी, एडवोकेट प्रमोद गौतम आदि मौजूद रहे।

# विधायक गुंबर व मेयर डा.अजय ने किया सड़कों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर व मेयर डा.अजय कुमार सिंह ने विधायक निधि से बनने वाली सडकों का लोकार्पण व उदघाटन किया।

विधायक निधि द्वारा निर्माण कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास नगर विधायक राजीव गुंबर, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई गोयल, महापौर डॉक्टर अजय सिंह के द्वारा किया गया। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि आज वार्ड 7 वार्ड 6, वार्ड 22, वार्ड 35 में विधायक निधि द्वारा निर्माण कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ड 6 भाट बस्ती में बनवारी लाल की दुकान से सुनील के मकान तक सीसी रोड, नाली व सीवर निर्माण कार्य, वार्ड 7 ऊषा विहार कॉलोनी में अमित के मकान से श्री वैष्णो बाला.



जी धाम मंदिर व आरिफ के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण, वार्ड 22 प्राणपुरी में श्री हिंदू कन्या इंटर कॉलेज के बराबर वाली गली में हिंदू पंचायती मंदिर तक सीसी व नाली निर्माण, वार्ड 22 ठठेरा वाली गली में विनीत के मकान से कलवा के मकान तक सी सी व नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण, भगवती ट्रेडर्स से अजय के मकान तक व मथुरादास मंदिर वाली गली सीसी रोड का नाली निर्माण कार्य कराया गया। उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रमों में पार्षद मयंक गर्ग, हनी वर्मा मंडल अध्यक्ष, सर्वेश्वर नाथ प्रभाकर, पार्षद विनोद सैनी, मंडल अध्यक्ष मनुज तायल, पार्षद सुखबीर वर्मा समेत भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एमएलसी शाहनवाज के प्रयासों से बेहट को मिला फायर स्टेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा एमएलसी शाहनवाज खान की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई मुलाकात के बाद तहसील बेहट में फायर स्टेशन निर्माण को मंजूरी मिल गई है। जिसके लिये सीएम कार्यालय से अनुमोदन पत्र जारी हो गया है।



■ **एमएलसी शाहनवाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा था मांग का ज्ञापन**

एमएलसी शाहनवाज खान ने हाल ही में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता की सुरक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय को उठाया और इसके लिए पत्र भी दिया। विधायक की इस पहल पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने तुरंत संज्ञान लेते हुए शासन स्तर पर आदेश पारित किए। विशेष सचिव अभय कुमार द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि तहसील बेहट में फायर स्टेशन की स्थापना के लिए शासन की ओर से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।इस पत्र के जारी होने के साथ ही बेहट में फायर स्टेशन बनने का रास्ता साफ हो गया है। जनता ने विधायक शाहनवाज खान की इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए आभार व्यक्त किया।

# गुघाल नाइट में कलाकारों ने मचाया धमाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा जनमंच सभागार में गुघाल नाईट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, अमित गगनेजा व राक. ेश जैन, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग तथा मनीष अरोड़ा आदि ने दीप प्रज्वलित और रिबन काटकर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत हास्य कलाकार धुरेंद्र देव शर्मा द्वारा करायी गयी प्रस्तुतियों से हुई। राजू वर्मा म्युजिकल ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक फिल्मी गानों ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। गायक संजीव पाराशर ने 'नीले-नीले अम्बर पर चांद जो छाए', गायिका अनुराधा शर्मा व राजू वर्मा के गीत 'सोलह बरस की बाली उमरिया को सलाम' तथा राजू वर्मा के "खाइके पान बनारस वाला' ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत देर तक नृत्यों का भी सिलसिला चला।



वार्ड 15 के पार्षद व कार्यक्रम संयोजक राजू सिंह, सहसंयोजक अंकुर अग्रवाल व विवेक गोयल ने पगड़ी और पटका पहनाकर व सम्मान चिह्न प्रदान कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपसभापति मयंक गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय वशिष्ठ, गोपाल मेहंदीरत्ता सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग व पार्षद शामिल रहे। संचालन पार्षद सुधीर पंवार ने किया।

# युवती ने बैराज में लगाई छलांग



**मिर्जापुर।** हथिनीकुंड बैराज पर एक युवती ने नहर में छलांग लगा दी है। छलांग लगाने वाली युवती थाना बेहट के गांव रतनपुर कल्याणपुर की रहने वाली थी।

बैराज पर उपस्थित लोगों का कहना है कि यह युवती पिछले 3 घंटे से लगातार बैराज पर इधर-उधर टहल रही थी और इस दौरान फोन पर बातचीत करते हुए किसी से झगड़ा भी कर रही थी। फिर अचानक युवती पश्चिमी यमुना नहर में नीचे उतर गई और कुछ देर वहीं पर खड़ी रही।इस दौरान मौजूद भीड़ ने आवाज देकर इसको ऊपर आने के लिए भी कहा परंतु वह नहीं आई और उसने एकदम से नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर मौके पर युवती के परिजन भी पहुंच गए थे देर शाम तक लड़की का कोई पता नहीं चल पाया था।

# यूसुफ को उत्तर प्रदेश प्रभारी की जिम्मेंदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुत ही छोटी उम्र से अपनी लगन कड़ी मेहनत के चलते सर्व समाज के लिए काम करने वाले यूसुफ मलिक को मलिक समाज फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरसाद मलिक ने संगठन में उत्तर प्रदेश प्रभारी के पद की जिम्मेंदारी सौंपी है।

मनोनयन के बाद यूसुफ मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद मलिक ने विश्वास करते हुए जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उसके लिये संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करूंगा। और मलिक समाज फाउंडेशन संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए समाज के यूवा बुजर्गो को एक साथ लेकर चलने का काम करूंगा। साथ ही फाउंडेशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, देहज प्रथा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है युसूफ मलिक के मनोनयन से फाउंडेशन को उत्तर प्रदेश में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

■ **थाना फतेहपुर पुलिस ने दर्ज हुए मुकदमे मे की कार्यवाही**

पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम सद्दाम है, जो रिजवान का पुत्र और शेखपुर मुजाहिदपुर गांव का निवासी है। यह गिरफ्तारी आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले से जुड़ी है। उ.नि. विजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वाद संख्या 918/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई चल रही थी। नियत तिथि 22 सितंबर को चालान थाना फतेहपुर से न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय बेहट के समक्ष पेश होने वाला था। हे.का. ललित कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने गहन निगरानी और खुफिया जानक. ारी के आधार पर सद्दाम को उसके घर से धर दबोचा। आरोपी लंबे समय से कोर्ट की अवमानना कर फरार चल रहा था, जिसके कारण पुलिस अलर्ट पर थी। गिरफ्तारी के बाद सद्दाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें मामले से जुड़ी अन्य जानका. रियां भी सामने आईं। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि आरोपी को समयबद्ध तरीके से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।

# चौ.नीरपाल ने केंद्रीय मंत्री जयंत को भेंट की स्व.अजित सिंह की फोटो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक स्व: चौधरी अजित सिंह की फोटो भेंट करके बधाई दी।



राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक. दल के स्थापना दिवस पर हम उन सिद्धांतों और मूल्यों को नमन करते हैं, जिनके लिए चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। स्व. चौधरी अजित सिंह का संघर्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का नेतृत्व आज संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रहा है। किसान-युवा-मजदूर और समाज के हर वर्ग की आवाज को और मजबूती देने का काम राष्ट्रीय लोक. दल कर रहा है।

# एडिशनल कमिश्नर से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के डेलीगेशन ने एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन से मिलकर केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम संबोधित मांगों का ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष नुसरत साबरी के नेतृत्व मे डेलीगेशन ने जी.एस.टी. परिषद की बैठक में 2500 रुपये तक के जूते एवं परिधानों आदि पर जी एस टी दर 5 प्रतिशत करने तथा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त करने तथा अधिकांश वस्तुओं को इन स्लैब से हटाकर 5 से 18 प्रतिशत के स्लैब मे लाने का निर्णय का स्वागत किया। ज्ञापन में कहा गया कि लोहे से बनी वस्तुये फरनीचर्स फौलिंग पलंग कुर्सी मेज रैक आदि सामान जो 5000 रु प्रतिपीस तक व लोहे से बनी अलमारी 10000 तक प्रतिपीस लोहे तथा प्लास्टिक से बने कूलर वाशिंग मशीन आदि सामान 6000 तक तथा प्लास्टिक से बने फरनीचर्स कुर्सी मेज आदि सामान 600 प्रतिनग तक को भी 5 प्रतिशत की श्रेणी लाया जाये क्योकि ये सब गरीब आदमी की रोजमराह की काम आने वाली वस्तुये है और गरीब तथा मध्य वर्गीय आदमी शादी ब्याह मे अपने बच्चो को यही सब देते है। यदि इनसब पर जीएसटी कम होता है तो इसका फायदा गरीब व मध्य वर्गीय लोगों को मिलेगा तथा लकड़ी व लकड़ी से बनी वस्तुओं को भी 5 प्रतिशत की श्रेणी मे करने का अनुरोध करते हुये कहा है कि नोट बन्दी तथा कोविड के बाद से मध्य वर्गीय व्यापारी तथा गरीब आदमी अभी तक ऊबर नही पा रहे ऊपर से महंगाई की मार को झेलना पड़ रहा है।



इस दौरान युनुस अन्सारी, कनिष्क जैन, स. राजिन्द्रपाल सिंह, मोनू ठाकुर, पवन शर्मा, राव अबरार, मौ. नफीस, शाह नवाज, शाह जमा एडवोकेट, मौ आदिल, मौ. जुबेर, सन्दीप पंवार, मौ दानिश, जावेद रहमान, हनी, जमाल साबरी आदि मौजूद रहे।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को दी मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सामाजिक संस्था परवाह स्पोर्ट्स चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की टीम पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना हुई और पीड़ितों को वितरण किया।

चौधरी हैदर गुर्जर के नेतृत्व में परवाह स्पोर्ट्स चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम दवाई, दूध, मच्छरदानी, तिरपाल, रस्सी, अचार, जूते चप्पल, तसले, डायपर व अन्य खाद्य सामग्री लेकर पंजाब जिला गुरदासपुर के गाँव रातर छातर पहुँचे और बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुँच कर सामग्री का वितरण किया।चौधरी हैदर गुर्जर ने कहा कि यह समय धर्म जाति से ऊपर उठकर इंसानियत दिखाने का है।सबका मालिक एक ही है और इंसान को दूसरे इंसान के सुख दुख में साथ खड़े होना चाहिए। सभी धर्मों की शिक्षा भी यही है। हैदर गुर्जर ने कहा कि सिख समाज हर किसी की सहायता के लिए हमेशा आगे खड़े दिखाई देते हैं।आज उन्हें जरूरत है तो पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

इस टीम में हाजी अरशद, आवेश चौधरी, सूफी गुर्जर, वैसर चौधरी, सुहैल मलिक, कामिल, मुबारिक, फरमान चौधरी आदि शामिल रहे।

# दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा के निकट स्टेट हाईवे पर पुराली से भरे एक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से आ रहे एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ट्रैक्टर चालक सहित दो युवक घायल हो गए । घटना के बाद डंपर चालक डंपर सहित मौके से फरार हो गया । ट्रैक्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव उमाही निवासी कय्यूम तथा सोहेल अपने ट्रैक्टर ट्राली में पुराली भरकर बृहस्पतिवार सुबह मुजफ्फरनगर जा रहे थे। सुबह करीब साढे चार बजे जैसे ही वह गांव बसेड़ा के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रहे खनन से भरे एक डंपर ने ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर आगे के वाहन में लगने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वह दोनों भी घायल हो गए।

# शिक्षण समाज सुधार का माध्यम: विलेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ज्ञानदीप समाज कल्याण युवा संस्था द्वारा विवेक. ानंद जयंती के उपलक्ष में एक विचार गोष्ठी एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

संस्था द्वारा एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय समाजसेवी गोपाल कृष्ण पोपली द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व हिन्दी शिक्षक विलेंद्र पाल शर्मा, संदीप गोयल (प्रधानाचार्य), पार्षद अनिल कुमार, वरिश्ठ पत्रकार रवि बख्शी सहित कई शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में महिला पार्षद मो. निका सिंह, संस्था की सचिव निशा शर्मा, प्रशिक्षिका अर्चना रानी आदि ने विचार व्यक्त किए। । कार्यक्रम के दौरान संस्था की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें संरक्षक गोपाल कृष्ण पोपली, अध्यक्ष अनिल गर्ग, महासचिव वेद प्रकाश चोपली, प्रेस सचिव अभय ज्ञानविजय शर्मा, महिला सचिव मोनिका सिंह, सांस्कृतिक सचिव विनाशर्मा, कोषाध्यक्ष अंजू बंसल सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त कुसुम बलिया, सुनील कालकर, प्रवीहारी बंसल, संदीप गोयल एवं प्रदीप मोजा को संयोजक मनोनीत किया गया। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।




# पीएम मोदी के जन्मदिवस को समर्पित सेवा भाव की प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और सुशासन के प्रतीक के रूप में मनाने की पहल में छुटमलपुर मंडल के शक्ति केंद्र कमालपुर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सहकारी समिति के चेयरमैन विजय राणा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डीसीडीएफ वाइस चेयरमैन विपिन चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा सेवा भाव से समाज को जोड़ने की प्रेरणा दी है। उन्होंने भारतीय राजनीति में सेवा, स्वच्छता तथा संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को मजबूत करने का कार्य किया है। कार्यशाला में विपिन चौधरी ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की।



प्रदेश ओबीसी मोर्चा मंत्री बिजेंद्र कश्यप ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने भाजपा के विभिन्न अभियानों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, स्नातक तथा शिक्षक चुनाव के लिए अभी से मजबूती से जुटने का आह्वान किया।

मंडल अध्यक्ष अमित सेन, ब्लॉक प्रमुख योगेश पुंडीर, संजय राणा तथा यगपाल सिंह राणा प्रमुख रहे। अमित सेन ने कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा के मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। योगेश पुंडीर ने स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष अमित सेन, सहकारी समिति चेयरमैन विजय राणा, संजय राणा, अशोक चौधरी, बाबूराम राठौर, राजेश राणा, प्रवेश कंबोज, मोनी कंबोज, डॉ. अक्षय दीक्षित, अंकित वर्मा, विशाल बसंल, अमित चौहान, बंटी सैनी, अकुर सैनी, सुखपाल कंबोज, डॉ. भोपाल सैनी, अमरनाथ पाल, भारत वीर चौधरी, अनिरुद्ध चौहान, रोहित सैनी, गौरव वर्मा, डॉ. राकेश कुमार, रकम सिंह सैनी अंकुर सैनी, सोनू धीमान, राजकुमार बत्रा, विकास राठौर, धर्मपाल सिंह सैनी, राजकुमार बीडीसी, राजकुमार कंबोज, प्रतीत उपाध्याय, सुरेंद्र कश्यप, दिनेश शर्मा आदि शामिल थे। बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को व्यापकता प्रदान की।

# विस्तार लेता टकराव

यह देखना बेहद डराने वाला है कि साढ़े तीन साल से भी अधिक समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध शांत होने के बजाए और विस्तार लेता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले में पोलेंड ने अपने हवाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में रूसी ड्रोन घुसने का आरोप लगाया है और साथ ही कहा कि पोलेंड व नाटो सहयोगियों के लड़ाकू जहाजों ने सभी को मार गिराया। पोलेंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने 48 घंटों के भीतर सुरक्षा परिषद की बैठक भी बुलाई है। पोलेंड 19 ड्रोन अपने क्षेत्र में घुसने की बात कर रहा है। जबकि रूस का कहना है कि उसका इरादा पोलेंड को भी किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि यह एक चूक का मामला है और इसको पोलेंड व नाटो देश बिना वजह तूल दे रहे हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि रूस का पड़ोसी देश पोलेंड नाटो का सदस्य है और ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन की नाटो देश रूस के साथ युद्ध में खुलकर मदद कर रहे हैं। नाटो का एक नियम है कि यदि किसी सदस्य देश पर हमला होता है, तो सब मिलकर उसका साथ देंगे।

बात यहीं खत्म नहीं होती मध्य-पूर्व भी इस समय सुलगता दिखाई दे रहा है। बुधवार को जिस तरह इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के एक ठिकाने पर हमला किया, उसने स्थिति को बेहद पैचीदा बना दिया है। उस हमले में हमास के नेता तो नहीं मारे गए, लेकिन कई अन्य लोग अपनी जान गवा बैठे। कतर ने जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं इजरायल के पीएम नेतन्याहू कह रहे हैं कि जहां भी इजरायल के दुश्मन नंबर 1 हमास के लोग होंगे, वहीं पर इजरायल उनका पीछा करेगा। फ्रांस, नेपाल में हिंसा भड़की हुई है। वहां भी लोग सड़कों पर हैं। नेपाल में तो तख्ता पलट भी हो गया है। अब सवाल यह है कि सिलसिला कहां जाकर रुकेगा, क्योंकि विश्व स्तर पर अभी तक पुरजोर तरीके से ऐसी कोई आवाज उठती दिखाई नहीं दे रही, जो यह संकेत दे कि लोगों को सकून के साथ जीने की आवश्यकता है और युद्ध से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। युद्ध केवल विनाश लाता है। जिसमें लोगों की जानों के साथ-साथ मौजूदा जो जीवित लोग होते हैं, उनके जीवन को भी मुश्किल बना देता है। यह देखना बेहद दुखद है कि विश्व के तमाम जिम्मेदार मुल्क जिन पर इस पूरी स्थिति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है, वह उसमें अपनी सकारात्मक भूमि निभाने के बजाए नकारात्मक भूमिका निभाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब सत्ता में आए थे तो उन्होंने दुनिया में शांति लाने की बात कही थी, वह तो यहां तक दावा करते थे जैसे ही वह राष्ट्रपति बनेंगे कुछ ही दिनों में रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे, लेकिन देखने में आ रहा है कि रूस-यूक्रेन का युद्ध अब और भड़क रहा है। पिछले दिनों ट्रम्प व रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच युद्ध रोकने को लेकर जो अलासका में बात हुई थी, उसका कोई नतीजा निकलने की बात तो छोड़िए, उसके बाद और हालात बिगड़ रहे हैं। जाहिर है जब कहीं से शांति की आवाज उठेगी नहीं तो कोई भी समझ सकता है कि आपसी टकराव कैसे रुकेंगे। उन्हें तो और बढ़ावा ही मिलेगा और यह मिलता भी दिखाई दे रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति पूरी मानव जाति के बेहद भयावह है।

## वोट चोरी करके सरकारें बन रहीं



हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं, इतना ही नहीं हम और डायनामिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे, भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए, क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब साफ हो जाएगा, पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है, यह देशभर में आग जैसा फैल रहा है, ये वास्तव में सच्चाई है, वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है, हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी






**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

दुर्गम पथ मैंने है पाया। हार नहीं मानी है मैंने, चरैवेति को है अपनाया। भारत माथे की बिन्दी हूं, बिन्दी का महत्व समझाया। विश्व पटल पर मैं छाई हूं, भारत मां का मान बढ़ाया। दुनिया है दीवानी मेरी, विजई पताका को लहराया। भारत मां के दिव्यभाल की मुकुटमणि हूं, मैं हिन्दी हूं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां हिन्दी के संघर्ष, वैशिष्ट्य और विजय गाथा को रेखांकित करती हैं। हिंदी ने अपने विकास, स्वीकार्यता और प्रसार के लिए लगातार अनेक चुनौतियों का सामना किया है। ये चुनौतियां हिंदी की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक काल तक सतत् जारी हैं। हिंदी का उद्भव संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश जैसी प्राचीन भाषाओं से हुआ है। इसका विकास मध्यकालीन भारत में खड़ी बोली के रूप में हुआ। विकास की प्रारम्भिक अवस्था में ही हिंदी को संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि मध्यकाल में भारत में कई भाषाएं और बोलियां जैसे अवधी, ब्रज और मैथिली प्रचलित थीं। इनके बीच हिंदी को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। साथ ही उस समय की प्रभावशाली भाषाओं - संस्कृत और फारसी ने हिंदी के विकास को और जटिल बना दिया। लेकिन भक्ति आंदोलन और लोक साहित्य ने हिंदी को आम जनता की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में हिंदी को सबसे अधिक संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि 19 वीं सदी में अंग्रेजी को प्रशासनिक और शैक्षिक भाषा के रूप में प्राथमिकता दी गई, जिससे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं हाशिए पर धकेल दी गईं। ब्रिटिश शासन में उर्दू को अधिक महत्व दिया गया, यद्यपि उर्दू खड़ी बोली का ही एक रूप थी। इस प्रकार हिंदी को अंग्रेजी और उर्दू से प्रतिस्पर्धा के कारण दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ा किंतु हिंदी अपनी सरलता, सहजता और मधुरता के कारण जन सम्पर्क की भाषा बनी रही। इस समय हिंदी को साहित्यिक और राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित कराने में अनेक विद्वानों और साहित्यकारों के साथ आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र का विशेष योगदान रहा जिनकी प्रसिद्ध उक्ति थी निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल-यह उक्ति उनके हिंदी के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित करती है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार कराने के लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। 19वीं सदी के अंत में नागरी लिपि को बढ़ावा देने के लिए नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना हुई जिसने हिंदी के मानकीकरण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसने हिंदी को एक आधुनिक भाषा की रूप में स्थापित करने में सहायता की। हिंदी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया क्योंकि यह केवल एक भाषा नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक बन गई थी। महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित किया क्योंकि यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में सक्षम थी। गांधी जी का मानना था कि हिंदी अपनी सरलता और व्यापकता के कारण भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोने की सामर्थ्य रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी साहित्य ने जनता को जागरूक करने और स्वतंत्रता की भावना को प्रज्ज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई। सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त और जयशंकर प्रसाद जैसी कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को उभारा। खड़ी बोली हिंदी जो पहले मुख्य रूप से गद्य में प्रयोग होती थी, इस काल में काव्य की प्रमुख भाषा बन गई। इन रचनाओं ने जनता में स्वतंत्रता के लिए उत्साह और बलिदान की भावना को प्रेरित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी कविताएं, नारे और गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। भारत छोड़ो, वंदे मातरम जैसे नारे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में गूंजे जिसने जनता में उत्साह का संचार किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत मित्र, हिंदुस्तान और आज जैसे समाचार-पत्रों ने जनता को ब्रिटिश शासन के खिलाफ संगठित करने में मदद की। इन समाचारपत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम की खबरें फैलाने के साथ हिंदी को एक शक्तिशाली संचार माध्यम के रूप में स्थापित किया। फिर भी हिंदी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अंग्रेजी और उर्दू के प्रभुत्व के कारण हिंदी को प्रशासन शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावा भारत के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र में जहां की क्षेत्रीय भाषाएं- तमिल, तेलुगू और बंगाली पहले से मजबूत थी और उनकी हिंदी को अपनाने की भी कोई इच्छा नहीं थी।इसके बाद भी हिंदी ने अपने संघर्ष के बल पर राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी को भारत के संविधान में विशेष स्थान दिया गया और 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुई संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया। यह हिंदी की विजय का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था लेकिन दक्षिणी भारत ,विशेष रूप से तमिलनाडु में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में लागू करने के खिलाफ तीव्र विरोध हुआ क्योंकि उनको लगता था कि हिंदी का प्रभुत्व उनकी क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों को दबा सकता है। इस विरोध के कारण भारत सरकार ने राजभाषा अधिनियम 1963 लाकर अंग्रेजी को सहायक राजभाषा के रूप में मान्यता दी जिससे हिंदी को एक बड़ा झटका लगाक्योंकि हिंदी को राजभाषा बनाने का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ावा देना और प्रशासनिक कार्यों में एक सामान्य भाषा का उपयोग करना था। इसके लिए राजभाषा विभाग की स्थापना की गई जो हिंदी के प्रचार प्रसार और इसके आधिकारिक उपयोग को बढ़ावा देता है। वर्तमान काल में हिंदी ने,न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्व में लगभग 60 करोड लोग हिंदी बोलते हैं जिससे यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी सिनेमा ने हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। हिंदी फिल्मी गीत और संवाद न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा हिंदी साहित्य का अनुवाद विश्व की कई भाषाओं में हो रहा है जिससे हिंदी की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्धि विश्व स्तर पर पहुंच रही है डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी हिंदी ने वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। इसके बावजूद भी हिंदी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। वैश्वीकरण के इस युग में अंग्रेजी को वैश्विक अवसरों और शिक्षा की भाषा के रूप में देखा जाता है और हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा माना जाता है। इसके साथ ही भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं और कई क्षेत्रों में लोग अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देते हैं जो हिंदी के विकास में अवरोध हैं। वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी का उपयोग अभी भी सीमित है, यद्यपि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियों हिंदी में सामग्री और उपकरण उपलब्ध करा रही है लेकिन हिंदी में तकनीकी शब्दावली और सॉफ्टवेयर की कमी एक चुनौती है। हिंदी ने विकास के प्रत्येक चरण में संघर्ष का सामना किया है। संघर्ष ही इसकी ताकत है और आगे भी यह संघर्ष के बल पर शक्तिशाली बनकर उभरेगी क्योंकि इसका लचीलापन, वैज्ञानिकता, समृद्ध साहित्य और जनता से जुड़ाव इसको विजयपथ पर ले जाने में समर्थ है। इसलिए हम गर्व से कह सकते हैं कि हिंदी वास्तव में संघर्ष और विजय की भाषा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों का अनोखा भोजन संतुलन

**कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखा वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी।**



जंगली मधुमक्खियां यूं ही किसी भी फूल पर नहीं जातीं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि ये नन्हें परागणकर्ता अलग-अलग फूल चुनकर अपने भोजन में प्रोटीन, वसा और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन बनाए रखते हैं। ठीक वैसे ही जैसे इंसान कभी भरपेट खाना पसंद करते हैं तो कभी हल्का-फुल्काय जैसे सलाद।

यह शोध आठ साल तक अमेरिका के कोलोराडो रॉकीज पहाड़ों में किया गया, जहां वैज्ञानिकों ने आठ तरह की मधुमक्खियों पर अध्ययन किया। इन मधुमक्खियों द्वारा इकठ्ठा किए गए पराग का विश्लेषण कर उन्होंने एक 'पोषण मानचित्र' बनाया, जिससे पता चला कि मधुमक्खियां कैसे और क्यों अलग-अलग फूल चुनती हैं।

कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखारू वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि मधुमक्खियों की अलग-अलग प्रजातियां अपने शरीर के आकार और जीभ की लंबाई के आधार पर अलग-अलग भोजन रणनीति अपनाती हैं। बड़ी और लंबी जीभ वाली मधुमक्खियां ज्यादा प्रोटीन वाले पराग चुनती हैं, जबकि छोटी मधुमक्खियां कार्बोहाइड्रेट और वसा वाला पराग पसंद करती हैं। इसके अलावा, अलग-अलग मधुमक्खियां अपनी कॉलोनी के विकास की अवस्था के हिसाब से भी भोजन बदलती हैं। इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता जस्टिन बैन के अनुसार पराग में यह विविधता वैसी ही है जैसी इंसानों के खाने में होती है। यानी मधुमक्खियों को भी इंसानों की तरह संतुलित आहार चाहिए। हालांकि यह अध्ययन पथरीले पर्वतीय स्थल पर हुआ है, लेकिन यह दुनिया भर में परागणकर्ताओं की पोषण जरूरतों को समझने के लिए उपयोगी है। सबसे अहम बात यह है कि मधुमक्खियों के लिए एक जैसा भोजन काम नहीं करता - उनके लिए फूलों की विविधता जरूरी है ताकि उनकी आबादी स्वस्थ बनी रहे। बागवान और संरक्षणकर्ता इस जानकारी के आधार पर ऐसे बगीचे और प्राकृतवास बना सकते हैं जो साल भर मधुमक्खियों की बदलती पोषण जरूरतों को पूरा करें। आज परागण करने वाले कीट जलवायु परिवर्तन, प्राकृतवास के नष्ट होने और पोषण की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह अध्ययन बताता है कि विविधता बनाए रखना कितना जरूरी है।

**-स्रोत फीचर्स**

# धार्मिकता का ढोंग और मृत संवेदनाएं



**निर्मल रानी**

हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ साथ श्धर्म प्रधानश देश भी माना जाता है। यहां सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने अपने आराध्य को खुश करने के मिशन में अपने अपने तरीके से जुट जाते हैं। धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देश भर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस,शोभा यात्राएं, सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन, धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्राएं महाकुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन, तीर्थ स्थलों में इकठ्ठी होने वाली भक्तों की अनियंत्रित भीड़ आदि को देख कर तो एक बार यही लगेगा कि हर समय श्रद्धा व भक्ति भाव में डूबे रहने वाले हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक, संवेदनशील और मानवता की कद्र करने वाले लोग होंगे। रोजाना जगह-जगह लगने वाले लंगर, देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थाएं भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं, परन्तु इसी धर्म प्रधान देश से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक किस्से सुनाई देते हैं वहीं कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनाएं बिल्कुल ही मुर्दा हो चुकी हैं।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महाराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिए सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गई। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिए सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहां तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही। जरा सोचिए कि क्या गुजर रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे ? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशान घाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है। और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचे तो कब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को दफ्न करने से मना कर दिया कि यह शव हिन्दू का है।

आखिरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गन्ध से अपनी नाक बंद कर गुजर जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फोटो खींचता या वीडिओ बनाता परन्तु मदद करने के लिए धर्म जागृत समाज का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। हद तो यह है कि ठेले पर शव रखा देखने व मृतक लव कुमार के स्थानीय व्यक्ति होने के बावजूद कुछ लोग यह कहकर आगे बढ़ जाते कि यह भीख मांगने का नया ट्रेंड है। इसी दौरान यह मायूस बच्चे जब अपने बाप की लाश को ठेले पर ढकेलते हुए नदी की ओर रोते बिलखते जा रहे थे तभी राहुल नगर वार्ड के निवासी रशीद कुरैशी की नजर उन बच्चों व उनके साथ दुर्गन्ध मारती लाश पर पड़ी। बच्चों ने रोते बिलखते अपनी सारी पीड़ा रशीद से सांझी की। रशीद ने तुरंत अपने भाई व उसी राहुल नगर वार्ड 17 के पार्षद वारिस कुरैशी को फोन पर पूरी घटने की जानकारी दी। उसके बाद दोनों कुरैशी बंधुओं ने सर्वप्रथम उन रोते बच्चों को ढारस बंधाई और उन्हें संभाला। उसके बाद अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व आवश्यक सामग्री का प्रबंध किया। फिर समाज के कुछ लोगों को साथ लेकर शमशान घाट जाकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कराया। आज उस इलाके के लोग मानवता की रक्षा करने वाले कुरैशी भाइयों की इंसानियत को जहां सलाम कर रहे हैं, वहीं उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों की बेरुखी तथा नगर पालिका की लापरवाही पर भी घोर गुस्सा जता रहे हैं। साथ ही उस इलाके के शहिन्दू जागरण अभियानश में जुटे लोगों को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

पिछले दिनों ऐसा ही एक चित्र जिसे पंजाब की बाढ़ से संबंधित बताया जा रहा है, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस चित्र में एक मासूम बच्चा बाढ़ के पानी में अपनी मां की तैरती लाश को खींच रहा है। शायद इस उम्मीद से कि उसकी मां मरी नहीं है। इस मार्मिक दृश्य को देखने वाले लोग आगे बढ़कर बच्चे को गोद उठाने व उसकी मां की लाश को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के बजाय मोबाईल से इस .श्य का वीडीओ बनाना ज्यादा जरूरी समझ रहे हैं। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवेदनाएं पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बर्बरता: इजरायल ने 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर किए हमले, 200 की मौत

## 1000 घायल, नेतन्याहू बोले: जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे

**यरुशलम।** इजरायल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फलस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजरायल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजरायल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजरायली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था।

यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, आफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे। इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इस हमले के बाद हमास ने युद्ध विराम से इनकार कर दिया। इजरायल ने सोमवार को पूर्वी लेबनान के बेका और हरमेल जिलों में हवाई हमले किए, जिसमें 5 लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि हिजबुल्लाह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मंगलवार को इजरायली ड्रोन ने हिजबुल्लाह के एक सदस्य पर हमला किया था। नवम्बर 2024 में इजरायल और लेबनान में सीजफायर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी इजरायल लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर हमले करता रहता है। इजरायली फाइटर जेट ने सोमवार को सीरिया के एयरफोर्स बेस और सेना के कैंप पर हमले किए। सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के मुताबिक इसमें किसी के हताहत की सूचना नहीं मिली है।

इन हमलों को सीरिया के विदेश एवं प्रवासी मंत्रालय ने देश के संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सीरिया और इजरायल में 1974 में सैन्य वापसी समझौते के तहत एक दूसरे पर हमला न करने पर सहमति बनी थी। लेकिन पिछले साल दिसम्बर में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद से इजरायली सेना लगातार सीरिया के सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बना रही है। एसओएचआर की रिपोर्ट बताती है कि इस साल इजरायल ने सीरिया पर 86 हवाई और 11 जमीनी हमले किए हैं।



### मुस्लिम देश इजरायल के खिलाफ साथ आएं: ख्वाजा आसिफ

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: वो हमें कमजोर करना चाहता है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को अपनी आर्थिक ताकत से इजरायल का मुकाबला करना चाहिए। आसिफ ने कहा: इजरायल मुस्लिम देशों को कमजोर करना चाहता है। यह सोचना गलत है कि इजरायल के सामने झुकने से कोई सुरक्षित रहेगा। ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर लिखा कि मुस्लिम देशों को अब इजरायल के खिलाफ एक साथ आना होगा। उनका मकसद मुस्लिम दुनिया की ताकत खत्म करना है। इजरायल के साथ नरमी बरतना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी अपने से 5 गुना बड़े भारत को को सबक सिखाया। उन्होंने कहा: सुरक्षा कोई बाहर से नहीं देता। दूसरों की मदद मायने रखती है, लेकिन ताकत अपने अंदर से आती है।



मेक्सिको सिटी। एक राजमार्ग ओवरपास के नीचे गैस टैंकर विस्फोट स्थल के पास जलता हुआ वाहन।

## ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी बैंकों की बढ़ रही चिंता

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। इन लोगों की चिंता है कि ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने अमेरिकी समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आंकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है। मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में बाढ़ से 19 लोगों की मौत, 10 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली द्वीप और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के बाली कार्यालय के प्रवक्ता गुस्ती अयु केतुत विजयंती ने गुरुवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। कई इलाकों में बाढ़ और 18 स्थानों पर भूस्खलन की भी खबरें हैं।

### गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट से 57 लोग घायल

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में एक गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट होने से 57 लोग घायल हो गए, जिनमें से 19 की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्लारा ब्रुगाडा मो. लिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह दुर्घटना ज़ारागोज़ा रोड पर कॉनकॉर्डिया पुल के नीचे हुई। उन्होंने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 2:20 बजे घटित हुई। हादसे के समय 49500 लीटर क्षमता वाला ट्रक पलट गया।

### कतर में इजरायली हमले में लापता लोगों की तलाश जारी

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में वरिष्ठ हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए पांच लोगों में से तीन के शवों की पहचान कर ली गई है जबकि दो की पहचान करना अभी शेष है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी। उन्होंने हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या के बारे में कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा कि इज़रायल की कार्रवाई 'राजकीय आतंक' के समान है और उन्हें उम्मीद है कि कतर के क्षेत्रीय साझेदार 'सामूहिक प्रतिक्रिया' पर सहमत होंगे।

## सुशीला कार्की ने की पीएम मोदी की तारीफ

**कहा: उनके बारे में मेरी धारणा अच्छी**

**काठमांडो।** नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। मैं भारत के समर्थन की प्रशंसा करती हूं।

नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जेन जी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर सुशीला कार्की के नाम का समर्थन किया है। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में सुशीला कार्की ने कहा कि मैं पीएम मोदी को नमस्कार करती हूं। पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। नेपाल में हाल ही में हुए आंदोलन का नेतृत्व जेन जी समूह ने किया था और उन्होंने मुझ पर थोड़े समय के लिए सरकार का नेतृत्व करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना जाता है तो मेरी पहली प्राथमिकता आंदोलन के दौरान मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देना होगी। आंदोलन के युवाओं ने उनके नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया। मैंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। कार्की ने कहा कि नेपाल में अतीत से ही समस्याएं रही हैं। अब स्थिति बहुत कठिन है। हम नेपाल के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हम देश के लिए एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान और प्यार है।

## पाकिस्तानी सेना ने मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकी

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितम्बर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलीबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## नेपाल हिंसा में 5 अरब का हिल्टन होटल तबाह

### बीमा कंपनियों का अनुमान: 31 अरब का क्लेम संभव, यह 2015 के भूकंप से तीन गुना जयादा

**इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी**

**काठमांडू।** नेपाल में मंगलवार को हुई हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के सबसे ऊंचे हिल्टन होटल में आग लगा दी थी। यह होटल पिछले साल जुलाई में बनकर तैयार हुआ था।

इसमें 5 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए थे। हिल्टन काठमांडू का सबसे ऊंचा 5 स्टार होटल है, जिसे नेपाल के शंकर के ग्रुप ने बनवाया है। इसमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं थीं। इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी। प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति निवास समेत दर्जनों सरकारी-निजी इमारतों में आग लगा दी। ऐसा अनुमान है कि इससे नेपाल को अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान 9 सितम्बर को हुआ, लेकिन सेना के सुरक्षा संभालने के बावजूद 10 सितम्बर को भी कई जगहों से नुकसान की खबरें आती रहीं। नेपाल इंश्योरेंस एसोसिएशन (एनआईए) के मुताबिक बीमा कंपनियों को लगभग 31 अरब भारतीय रुपये से अधिक के क्लेम का सामना करना पड़ सकता है। यह नुकसान 2015 में आए भूकंप से भी तीन गुना ज्यादा है। बीमाकर्ता और बैंकर्स का मानना है कि यह नेपाल के लिए सबसे खराब दौर है। छप और नेपाल राष्ट्र बैंक मिलकर नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं। हिल्टन होटल के अलावा प्रदर्शनकारियों ने भाटभटेनी सुपरमार्केट, एनसेल, सीजी इलेक्ट्रानिक्स, ग्लोबल कालेज, उल्लेंस स्कूल, सुजुकी शोरूम और सेंट्रल बिजनेस पार्क जैसी कार्पोरेट इंडस्ट्री को आग के हवाले कर दिया गया था। विराटनगर और इटहरी में वाहनों, राष्ट्रीय वाणिज्य बैंक, हिमालयन बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और ग्लोबल आईएमई बैंक की शाखाओं में भी तोड़फोड़ की गई थी। नेपाल में वित्त वर्ष 2024/25 में बीमा कंपनियों ने 26 अरब रुपये का प्रीमियम जुटाया था और 11 अरब रुपये के क्लेम चुकाए थे। मौजूदा हालात में बीमा कंपनियों को डर है कि उन्हें और भी बड़ा वित्तीय नुकसान हो सकता है। बीमा कराने वालों को भी भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि 'तोड़फोड़ और आतंकवाद' पालिसियों पर मिलने वाला प्रीमियम बहुत कम है, जबकि ये दावे राजनीतिक हिंसा को कवर करते हैं।



## पोलैंड ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद रूसी ड्रोन मार गिराए



**वारसॉ।** यूक्रेन को निशाना बनाकर रूस द्वारा रात भर किये गए हमलों के दौरान पोलैंड के हवाई क्षेत्र में पोलिश और अन्य नाटो विमानों ने कम से कम तीन रूसी ड्रोन मार गिराए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि पोलैंड ने 19 ड्रोन घुसपैठ दर्ज की हैं, जिनमें से कुछ इतने नीचे थे कि वारसॉ के मुख्य हवाई अड्डे चोपिन सहित चार हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति हमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से खुले संघर्ष के सबसे करीब ले आई है। 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब नाटो क्षेत्र में रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की 'कोई योजना' नहीं थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोनों की अधिकतम सीमा 700 किमी से अधिक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह पोलिश रक्षा मंत्रालय के साथ परामर्श करने के लिए तैयार है। पोलैंड में रूस के अस्थाई प्रभारी ने कहा कि वारसॉ ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि ड्रोन रूसी मूल के थे। वहीं रूस के एक करीबी सहयोगी, बेलारूस ने दावा किया कि ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी कि यह 'यूरोप के लिए एक बेहद खतरनाक मिसाल' है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री डेनिस श्म्यहाल ने बीबीसी रेडियो 4 के वर्ल्ड टुनाइट कार्यक्रम में कहा: यह एक ऐसा क्षण है जब नाटो के सहयोगी, यूरोपीय सभ्यताएं, यह समझ रही हैं कि दुनिया बदल गई है और यूक्रेनी क्षेत्र पर रूसी आक्रमण केवल रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है। यह रूस की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: रूस ड्रोन के साथ पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन क्यों कर रहा है? पोलिश सांसदों को संबोधित करते हुए, टस्क ने कहा कि रात भर में तीन-या शायद चार-ड्रोन मार गिराए गए। उन्होंने कहा कि पोलिश अधिकारियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि 'रूसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप' कोई घायल हुआ हो या उसकी मौत हुई हो।

## ट्रम्प समर्थक चार्ली कर्क की हत्या



**यूनिवर्सिटी प्रोग्राम में गर्दन पर गोली मारी, शोक में अमेरिका झंडा झुकाया**

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की गुरुवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई।

चार्ली यहां 'द अमेरिकन कमबैक टूर' प्रोग्राम में आए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार्ली एक टेंट के नीचे माइक पकड़कर बोल रहे हैं। तभी अचानक एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगती है, काफी खून बहता है और वे जमीन पर गिर जाते हैं।

चार्ली की हत्या पर ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा सच्चे महान अमेरिकी देशभक्त चार्ली कर्क के सम्मान में मैं पूरे अमेरिका में सभी झंडों को रविवार शाम 6 बजे तक आधा झुकाने का आदेश दे रहा हूं। पालिटिकल एक्टिविस्ट चार्ली टर्निंग पाइंट यूएसए (टीपीयूएसए) नाम से एक संस्था चलाते थे, इसमें वह स्कूलों-कालेजों में जाकर छात्रों को राजनीति के बारे में बताते थे। चार्ली ट्रम्प के कट्टर समर्थक माने जाते थे। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि हमलावर कौन था और उसने ऐसा क्यों किया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य नोट लिखा

महान चार्ली कर्क अब इस दुनिया में नहीं रहे। अमेरिका के युवाओं को उनसे बेहतर कोई समझ नहीं पाया और न ही उनके दिल तक कोई पहुंच पाया। सब लोग उन्हें बहुत प्यार और सम्मान करते थे, खासकर मैं। मेलानिया और मैं उनकी पत्नी एरिका और पूरे परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हैं। चार्ली, हम आपसे प्यार करते हैं! प्रोग्राम के दौरान की फोटो। इसमें चार्ली कर्क लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने न्यूज वेबसाइट गार्जियन को बताया कि चार्ली को गोली तब मारी गई जब वे सामूहिक गोलीबारी (मास शूटिंग) के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

## कतर ने की हमास नेताओं पर इजरायली हमले की निंदा

**कहा: नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई की उम्मीद खत्म कर दी**

**दोहा।** कतर ने हमास नेताओं को निशाना बनाकर दोहा में किए गए इजरायली हमले की निंदा की है। कतर के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमला करके गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने की उम्मीद को खत्म कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र में पेश होने से पहले प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और खाड़ी देशों ने इजरायली हमलों को क्रूर कृत्य बताया। शेख मोहम्मद ने कहा कि हमले वाली सुबह मैं एक बंधक के परिवार से मिल रहा था। वे युद्धविराम मध्यस्थता पर भरोसा कर रहे हैं। उन्हें इससे ज्यादा कोई उम्मीद नहीं है। मुझे लगता है कि नेतन्याहू ने जो किया, उससे उन बंधकों की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। कतर और मिस्र गाजा में युद्ध विराम के प्रयासों में मध्यस्थता कर रहे हैं। कतर ने वर्षों से दोहा में हमास के राजनीतिक नेतृत्व की मेजबानी की है। ताकि हमास और इजरायल के बीच बातचीत आगे बढ़ाई जा सके। कतर के प्रधानमंत्री के बयान से पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों का बचाव किया और कतर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की धमकी दी। नेतन्याहू ने कहा कि मैं कतर और उन सभी देशों से कहता हूं जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं या तो उन्हें खदेड़ दें या फिर उन्हें न्याय के कटघरे में लाएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हम करेंगे।





